संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 13 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 43 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के परिवार के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें भारत रत्न देने के लिए धन्यवाद दिया।

## महाराष्ट्रः अशोक चव्हाण ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में हलचल तेज हो गई है। जहां एक तरह विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में लगातार बैठकों का दौर शुरू हो गया है। तमाम सहयोगी दल सीटों के बंटवारे को लेकर मंथन कर रहे हैं। इस बीच, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के एक फैसले ने कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी है। उन्होंने कांग्रेस विधायक के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसके बाद से ही महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है।

अभी कुछ तय नहीं, 1-2 में लूंगा फैसला- अशोक चव्हाण
कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच अशोक चव्हाण ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि मैं कहां जाऊंगा, मेरा अगला राजनीतिक कदम क्या रहेगा। इस पर अभी मैंने कोई निर्णय नहीं लिया है। एक-दो दिनों में मैं अपना अगला राजनीतिक कदम के बारे में आप सभी से साझा करूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने भाजपा में शामिल होने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। मैं भाजपा की कार्य प्रणाली के बारे में नहीं जानता। गौरतलब है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि वह प्राथमिक सदस्य के रूप में इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधायक पद से अपना इस्तीफा भी सौंप दिया है। हालांकि उन्होंने कांग्रेस छोड़ने के फैसले के पीछे का कारण नहीं बताया है।

**आगे-आगे देखो होता है क्या- देवेंद्र फडणवीस**
इस बीच, भाजपा ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के कांग्रेस से विधायक पद से इस्तीफा देने पर चुटकी ली है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आगे-आगे देखो होता है क्या। उन्होंने कहा कि इंतजार करें और देखें कि क्या होता है।

**कांग्रेस नेताओं को भाजपा में कर रही शामिल- उद्धव**
शिवसेना(यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी 'कांग्रेस अधिकृत भाजपा' बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छाती ठोक कर कहते हैं कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीतेगी, तो समझें कि वह अन्य पार्टियों को क्यों तोड़ रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि इतने सारे कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल किया जा रहा है। मुझे लगता है एक दिन ऐसा आएगा जब भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस से ही होगा। उन्होंने कहा कि लोग सब देख रहे हैं कि भाजपा देश में क्या कर रही है।


**पृथ्वीराज चव्हाण ने हैरानी जताई**
महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के कांग्रेस से इस्तीफा देने पर पार्टी विधायक पृथ्वीराज चव्हाण ने हैरानी जताई।

### आदर्श विचार



"आत्मा न तो जन्म लेती है, और न ही मरती है आत्मा अमर है।" भागवद्

### मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।" स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# कतरः मोदी सरकार की कूटनीतिक जीत

= कतर में सजा-ए-मौत पाने वाले भारतीय नागरिक भारत लौटे, पीएम मोदी न होते तो हम नहीं बचते'

**खुशी की बात**

8 कतर में हिरासत में लिए गए आठ भारतीय नागरिकों की रिहा कर दिया गया है और उनमें से सात भारत लौट आए



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार (12 फरवरी) को एक बयान में कहा कि कतर में हिरासत में लिए गए आठ भारतीय नागरिकों की रिहा कर दिया गया है और उनमें से सात भारत लौट आए हैं। भारतीय लोगों को अगस्त 2022 में कतर में अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था और उनके द्वारा किए गए अपराधों को निर्दिष्ट किए बिना हिरासत में रखा गया था। पीएम मोदी के हस्तक्षेप के बिना लौटना संभव नहीं था
कतर से लौटे पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों में से एक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हस्तक्षेप के बिना हमारे लिए यहां खड़ा रहना संभव नहीं था, यह भारत सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण हुआ। एक दूसरे पूर्व भारतीय नौसेना कर्मी ने कहा कि हमने भारत वापस आने के लिए लगभग 18 महीने तक इंतजार किया। हम प्रधानमंत्री के बेहद आभारी हैं। यह उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप के बिना संभव नहीं होता। हम भारत सरकार द्वारा किए गए हर प्रयास के लिए तहे दिल से आभारी हैं, उन प्रयासों के बिना यह दिन संभव नहीं होता।
भारतीय नागरिकों को सुनाई थी मौत की सजाः भारतीय नागरिकों को 25 मार्च, 2023 को दायर आरोपों का सामना करना पड़ा और कतरी कानून के अनुसार कानूनी कार्यवाही से गुजरना पड़ा। नवंबर में, डहरा ग्लोबल कंपनी और कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नाविकों को मौत की सजा दी गई थी। उस समय, भारत ने कतर के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त किया था और अपने नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सभी कानूनी विकल्प तलाशने की बात कही थी।

### पीएम मोदी न होते तो हम नहीं बचते

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कतर** में कई महीनों की पीड़ादायक कैद झेलने के बाद रिहा हुए आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों में से 7 भारतीय आज वापस अपने वतन लौट आए हैं। 'जासूसी' के आरोप में मौत की सजा पाने वाले इन पूर्व नौसैनिकों ने रिहाई के लिए पीएम मोदी की खूब प्रशंसा की है। तड़के दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद सभी ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।
**मोदी न होते तो हम नहीं बचते**: भारत लौटे एक पूर्व नैसैनिक ने कहा कि यदि पीएम मोदी और भारत सरकार उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप और निरंतर राजनयिक प्रयास नहीं करती तो उन्हें रिहा नहीं किया गया होता। नई दिल्ली से निरंतर राजनयिक हस्तक्षेप और कानूनी सहायता के बाद उनकी मौत की सजा को जेल की सजा में बदल दिया गया।
**बताया कैसे छूटे**: पूर्व नौसेना कर्मी ने बताया कि पीएम मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के सामने उनकी सजा की बात रखी और आठों भारतीयों की रिहाई के लिए अथक राजनयिक प्रयास किए। पूर्व नौसेना कर्मी ने कहा, आखिरकार सुरक्षित और स्वस्थ घर वापस आकर मुझे राहत और खुशी महसूस हो रही है। मैं प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि यह संभव नहीं होता अगर हमारी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए उनका व्यक्तिगत हस्तक्षेप नहीं होता। मैं अपना आभार भी व्यक्त करना चाहता हूं।

## पीएम ने 1 लाख से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र



**सौगात**

8 प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली में समेकित कर्मयोगी भवन परिसर के पहले चरण का शिलान्यास भी किया।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रोजगार मेले के तहत हाल ही में भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए।
वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली में समेकित कर्मयोगी भवन परिसर के पहले चरण का शिलान्यास भी किया।
इस परिसर का उद्देश्य मिशन कर्मयोगी की विभिन्न शाखाओं के बीच तालमेल और सहयोग को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "...आज हर युवा जानता है कि अगर वह कड़ी मेहनत करे तो वह अपने लिए जगह बना सकता है। 2014 से हम युवाओं को भारत सरकार के साथ जोड़ने और उन्हें विकास में भागीदार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हमने पिछली सरकार की तुलना में 1.5 प्रतिशत अधिक नौकरियां दी हैं..."
**समय पर होगी भर्ती प्रक्रिया पूरीः** उन्होंने कहा, "इतना ही नहीं, सरकार का बहुत जोर है कि भर्ती प्रक्रिया एक तय समय के भीतर पूरी कर ली जाए।
इससे हर युवा को अपनी योग्यता साबित करने का समान अवसर मिलने लगा है।"

### 'बेहतर कनेक्टिविटी से रोजगार के लाखों अवसर'

**पीएम** मोदी ने आगे कहा, "कनेक्टिविटी बेहतर होने से नए बिजनेस तैयार होते हैं और इससे रोजगार के लाखों अवसर बनते हैं। यानी कनेक्टिविटी अच्छी होने का सीधा प्रभाव देश के विकास पर पड़ता है।" उन्होंने कहा, "देश में जब कनेक्टिविटी का विस्तार होता है, तो उसका प्रभाव एक साथ कई चीजों पर पड़ता है। कनेक्टिविटी बेहतर होने से नए बाजार बनने लगते हैं, पर्यटन स्थलों का विकास होता है।" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "आज इस रोजगार मेले के द्वारा भारतीय रेलवे में भी नियुक्तियां हो रही हैं।। नवनियुक्त युवा विभिन्न मंत्रालयों व विभागों जैसे राजस्व विभाग, जनजातीय मामलों के मंत्रालय और रेलवे मंत्रालय में विभिन्न पदों पर भर्ती होकर सरकार में शामिल होंगे।

# बिहार में नीतीश ने हासिल किया विश्वास मत

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**14 दिनों** से जिस 'खेला' की चर्चा पूरे देश में थी, वह वास्तव में उलटा पड़ गया। बिहार की नीतीश कुमार सरकार के पास 128 विधायक थे और जब बहुमत परीक्षण हुआ तो इनकी संख्या 130 हो गई। विपक्ष पहले ही स्पीकर अविश्वास प्रस्ताव में हार गया था।
**जीत के बाद भाजपा कार्यालय में जश्नः** बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को स्पष्ट तौर पर बहुमत मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जमकर जश्न मना। भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों और कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और ढोल-नगाड़े बजाकर जीत का जश्न मनाया। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष को राज्यसभा की उम्मीदवारी मिलने के कारण भी खुशी थी, लेकिन बहुमत हासिल करने में खेला की आशंका के कारण यह सब रुका हुआ था। महिला नेत्रियों ने कहा कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में जनादेश के तहत भाजपा ने सीएम नीतीश कुमार के साथ सरकार बनाई थी। उसी सरकार की वापसी हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आग्रह के बाद सदन में वोटिंग कराई गई। सत्ता पक्ष के समर्थन में 130 वोट पर पड़े। राजद समेत महागठबंधन ने वॉकआउट का रास्ता अपनाया। इस तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फ्लोर टेस्ट में पास हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि खरीदने की कोशिश हुई, लेकिन या कोशिश सफल नहीं हो पाई। सरकार के पास पहले 128 विधायक थे। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के वक्त जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संबोधन देने के लिए खड़े हुए तो राजद विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया।



**सियासी बखेड़ा**

8 फ्लोर टेस्ट में नीतीश जीते, 130 का समर्थन; तेजस्वी यादव के साथ विपक्ष का वॉकआउट

## 'पेटीएम के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा की गुंजाइश नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** रिजर्व बैंक के गवर्नर ने पेटीएम पर हुई कार्रवाई पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। पेटीएम पर हुई कार्रवाई पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि व्यापक आकलन के बाद ही विनियमित संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पेटीएम पेमेंट बैंक के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा की कोई गुंजाइश नहीं है।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की डिप्टी सीएम की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न राज्यों में उप-मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि उप-मुख्यमंत्री पहले राज्य सरकार का एक मंत्री होता है और इसमें कुछ भी असंवैधानिक नहीं है। यह याचिका पब्लिक पोलिटिकल पार्टी ने दायर की थी। याचिका में विभिन्न राज्यों में हुई उप-मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति को असंवैधानिक बताया गया था।

## मोदी सरकार ने 10 लाख सरकारी नौकरी देकर वादा निभायाः अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**केंद्रीय सूच**ना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर जालंधर व हिमाचल प्रदेश के प्रवास पर थे। सर्वप्रथम जालंधर में बीएसएफ फ्रंटियर हेडक्वार्टर में आयोजित रोजगार मेले में युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद अनुराग ठाकुर ने बाकी का दिन हिमाचल प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर व्यतीत किया। सबसे पहले अनुराग ठाकुर ने बाबा बाल जी आश्रम कोटला कलां, ऊना में चल रही श्रीमद भागवत कथा में भाग लेकर संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात ऊना विधानसभा स्थित नगर परिषद के वार्ड नंबर 10 में गांव चलो अभियान में उपस्थित रहे। इसके बाद देर शाम अनुराग ठाकुर हरोली विधानसभा पहुंचे जहां गोंदपुर जयचंद में स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



# तीसरे कार्यकाल में होगा तेज विकासः अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**बीते** दिनों राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया था कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 सीटों पर एनडीए 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगा। प्रधानमंत्री के इस दावे की विपक्ष ने आलोचना की थी और इसे प्रधानमंत्री का अहंकार बताया था। अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसा ही दावा किया है।
**'कोई शक नहीं कि भाजपा 370 सीटों पर जीतेगी'**: अहमदाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान सोमवार को अमित शाह ने कहा कि 'लोगों के दिमाग में कोई शंका नहीं है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। वहीं एनडीए गठबंधन को 400 से ज्यादा सीटों पर जीत मिलेगी।' अमित शाह ने कहा कि 'मोदी सरकार के कार्यकाल के पहले पांच साल तो विपक्षी पार्टी की सरकार के गड्ढे भरने में ही निकल गए थे। अब अगले पांच वर्षों में मजबूत विकास की नींव रखी गई है।' अमित शाह ने कहा 'उन्हें (पीएम मोदी) तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाइए तो इस नींव पर तेजी से एक शानदार इमारत का निर्माण किया जाएगा।'



**दावा मजबूत**

8 'लोगों के दिमाग में कोई शंका नहीं है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है

## 'मोदी सरकार श्वेत पत्र जारी कर छुपा रही है अपनी विफलताएं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने श्वेत पत्र जारी कर अपनी विफलताओं को छुपाने की कोशिश की है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों मोदी सरकार एक फर्जी श्वेत पत्र लेकर आई थी। विडंबना ये है कि मोदी सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रही बल्कि 10 साल पहले की सरकार का लेखा-जोखा लेकर आई है।

**डिजिटल इंडिया** भारतीय नागरिकों के साथ-साथ भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों को भुगतान में आसानी होगी

# यूपीआई सेवाएं अब श्रीलंका और मॉरीशस में भी शुरू हुईं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत की यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस** (यूपीआई) सेवाएं सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में एक वर्चुअल समारोह के दौरान शुरू की गईं। इस दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। यूपीआई सेवाओं की शुरूआत से श्रीलंका और मॉरीशस की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के साथ-साथ भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों को भुगतान में आसानी होगी। इस पहल से डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर अपने संबोधन में आज के दिन को हिंद महासागर के तीन मित्र देशों के लिए विशेष दिन बताया। उन्होंने कहा कि अपने ऐतिहासिक संबंधों को आज हम आधुनिक डिजिटल रूप से जोड़ रहे हैं। ये हमारे लोगों के विकास के लिए हमारे कमिटमेंट का प्रमाण है। उन्होंने कहा, इससे हमारे (भारत, श्रीलंका और मॉरीशस) के बीच पर्यटन बढ़ेगा। मुझे विश्वास है कि भारतीय पर्यटक भी उन गंतव्यों को पसंद करेंगे जहां यूपीआई सेवाएं उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले साल श्रीलंकाई राष्ट्रपति और मॉरीशस के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों द्वारा एक विजन दस्तावेज अपनाया गया था। वित्तीय संपर्क बढ़ाना इसका अहम हिस्सा था। प्रधानमंत्री ने विश्वास के साथ कहा कि श्रीलंका और मॉरीशस के यूपीआई सिस्टम से जुड़ने से दोनों देशों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एशिया में नेपाल, भूटान, सिंगापुर और खाड़ी में संयुक्त अरब अमीरात के बाद अब मॉरीशस से रुपे कार्ड की शुरूआत अफ्रीका में हो रही है।



**विजन**

8 पीएम ने संबोधन में आज के दिन को हिंद महासागर के तीन मित्र देशों के लिए विशेष दिन बताया

## 'भगवान महावीर ने सत्य का मार्ग दिखाया'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने सोमवार को जैन तीर्थंकर भगवान महावीर को राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शन भारत की निरंतर बहती ज्ञान परंपरा का हिस्सा है। यह ज्ञान हमें सबके प्रति सहिष्णुता, अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाता है।
डा. भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिल्ली प्रांत की ओर से सोमवार को भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कल्याणक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर संघ प्रमुख ने कहा कि भारतीय विचार सहिष्णुता का संदेश देता है। हमारा मानना है कि सत्य एक ही है लेकिन अलग अलग स्थानों पर होने की वजह से हमें उसका भान अलग प्रकार से होता है। ऐसे में हम अपने दृष्टिकोण को ही सही कहें, उसके लिए दूसरों से लड़ें और न मानने पर उसे मार दें, सही नहीं है। संघ प्रमुख ने गांधीजी के कहे हुए वचनों को उद्धृत किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबकी जरूरतें पूरा करने के लिए संसाधन मौजूद हैं। लेकिन सबके लालच को पूरा करने के लिए संसाधन नहीं है। भारत का दर्शन वसुधैव कुटंबकम की बात करता है और सबको साथ लेकर सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने का संदेश देता है।



**स्तंभ**

8 डा. मोहन भागवत ने सोमवार को जैन तीर्थंकर भगवान महावीर को राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया

# सिसोदिया को मिली तीन दिनों की अंतरिम जमानत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज एमके नागपाल ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए तीन दिनों की अंतरिम जमानत दे दी है। मनीष सिसोदिया को सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश किया गया। अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सिसोदिया की ओर से पेश वकील ने कोर्ट से कहा कि उनकी भतीजी की 14 फरवरी को शादी है, जिसके लिए अंतरिम जमानत दी जाए। आज सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। इसके पहले 5 फरवरी को कोर्ट ने सिसोदिया को अपनी बीमार पत्नी से मिलने के लिए हफ्ते में एक दिन की कस्टडी पैरोल दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया हफ्ते में एक दिन अपनी बीमार पत्नी से पुलिस हिरासत में मिल सकते हैं। इस दौरान डॉक्टर भी उनकी पत्नी के इलाज के लिए जा सकते हैं। कोर्ट ने नवंबर, 2023 में सिसोदिया को अपनी पत्नी से मिलने के लिए कुछ घंटों की इजाजत दी थी। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था।

## 'सरकारी पैसे पर महंगे होटल में रुकते हैं दिल्ली के सीएम'

**नई दिल्ली:** भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली सरकार के पैसे खर्च कर दूसरे राज्यों में महंगे होटल में रहने का आरोप लगाया है। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रचार के लिए केजरीवाल महाराष्ट्र, गोवा, पंजाब, गुजरात व कर्नाटक में सरकारी पैसे खर्च कर महंगे होटल में रुकते हैं।


### उत्तर रेलवे

इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

सं. 128-W/280/इ- निविदा सूचना/84/2023-24/W-3 दिनांक : 10.02.2024

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के तहत एलसाईटी/डीएलआई के अनुभाग में पार्ड के सुधार के लिए अतिरिक्त संरचियों और टर्नआउट का नवीनीकरण। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 2,06,18,836.12/- (मात्र दो करोड़ छह लाख अठारह हजार आठ सौ छत्तीस और बारह पैसे) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,53,100/- (दो लाख तिरपन हजार एक सौ रुपये) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 05.03.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 452/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### गुमशुदा व्यक्ति की तलाश



विनोद कुमार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका नाम विनोद कुमार पुत्र स्वर्गीय रामजी लाल निवासी ई-101, भगवती गार्डन एक्सटेंशन, मोहन गार्डन, नई दिल्ली उम्र : 43 साल, कद : 5'7", चेहरा : लम्बोतरा, रंग : गोरा, शरीर: पतला, जिसने नीले रंग की जैकेट, नीले रंग की पैंट और पांव में स्लेटी रंग के जूते पहने हुए है, दिनांक 01.01.2024 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डीडी सं. 37-ए दिनांक 03.01.2024 थाना मोहन गार्डन, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-


ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639,
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष : थाना मोहन गार्डन, नई दिल्ली
फोन सं. : 08750871029, 08851199334, 09654124763, 008368105164

DP/1729/DW/24



### पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 60 वर्ष, कद: 5'6", रंग: गेहुंआ, पहनावा: अस्पताल के कपड़ा पहने हुये। जोकि गोरी गेट के पास नाला सर्विस फुटपाथ कश्मीरी गेट, दिल्ली से बेहोशी की हालत में पाया गया। जिसे ए०ए०ए० अस्पताल, से सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृत शरीर को पहचान हेतु सफदरजंग अस्पताल में शवगृह में संरक्षित रखा गया है। जिसके संदर्भ में DD No. 74A, दिनांक 19.01.2024 से थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरन्त अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली
फोन: 011-223962210/46123

DP/1691/N/2024


## आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों को हाईकोर्ट ने दी जमानत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों को सोमवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा को उनकी दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली अपीलों के लंबित होने तक निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि दोषी 14 साल से हिरासत में हैं। मामले में हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चारों दोषियों द्वारा दायर अपील पर जवाब देने को कहा था। दिल्ली की निचली अदालत ने 26 नवंबर, 2023 को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 302 (हत्या) और धारा 3(1) के तहत दोषियों को दो आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

**ट्रायल कोर्ट ने पांचों आरोपियों पर लगाया जुर्माना:** ट्रायल कोर्ट ने कपूर, शुक्ला, मलिक और कुमार को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए उनमें से प्रत्येक पर 1.25 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था। पांचवें दोषी अजय सेठी को आइपीसी की धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) के तहत तीन साल की साधारण कैद की सजा सुनाई थी और 7.25 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। हाई कोर्ट ने कपूर को उसके किए गए अपराधों की गंभीरता को देखते हुए पैरोल देने से इनकार कर दिया।

**2008 में हुई थी सौम्या की हत्या**
दिल्ली पुलिस ने कहा था कि सौम्या विश्वनाथन की हत्या के पीछे का मकसद डकैती था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कपूर ने विश्वनाथन को लूटने के लिए उसकी कार का पीछा करते समय देशी पिस्तौल से गोली मार दी। कपूर के साथ अपराध में शुक्ला, कुमार और मलिक भी शामिल थे।


### उत्तर रेलवे

ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के तहत-एसएसई/वर्क्स/एनडीएलएस में दूसरे यमुना पुल के पास किमी 2/46 पर आसन्न बरसाती दीवार के लिए अलग-अलग सुरक्षा कार्यों के साथ पुरानी/अतिरिक्त पाइप लाइन को बदलना, जिसमें बरसाती कुएं से गाद निकालना भी शामिल है बरसाती कुएं की जल व्यवस्था में सुधार। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 1,98,10,510.05/- (मात्र एक करोड़ अट्ठानवे लाख दस हजार पांच सौ दस रुपये और पांच पैसे) |
| 3. | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,49,100/- (दो लाख उनचास हजार एक सौ रुपये) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 01.03.2024 को 15:00 तक। |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/83/ 2023-24/W-3 दिनांक: 10.02.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 451/24



### उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या 230-TRS-GZB-2023-24-09 के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण | 'Annual Maintenance Contract (AMC) of Electric Loco Cab Air Conditioners mounted on roof of Locomotives' for a period of 12 (Twelve) months at Electric Loco Shed, Ghaziabad. |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 69,76,937.08 |
| 3. | धरोहर राशि | रु. 1,39,500.00 |
| 4. | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 04.03.2024 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि और समय | 04.03.2024 (After 11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोट: (i) निविदाकर्ता को ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए।
(ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
(iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है।

सं.: 230-TRS-GZB-2023-24-09 दिनांक: 10.02.2024 457/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय पुत्र राम अवतार** निवासी म.न. 4448/10, प्रेम नगर, त्रिनगर, ओंकार नगर, पश्चिमी दिल्ली ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 477/2019 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत थाना कंझावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 477/2019 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत थाना कंझावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 12.03.2024 को हाजिर हों।

आदेशानुसार
आयुष शर्मा
महानगर दण्डाधिकारी (उ.प.)
कमरा नं.-113, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1653/RD/2024



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष सेमिवोल जॉर्ज उर्फ हर्षित पुत्र संजय जॉर्ज** निवासी म.न. 265, एडमिन फ्लैट, फेज-IV, अशोक विहार, दिल्ली ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 163/2016 धारा 356/379/411/34 भा.द.सं. के तहत** थाना कमला मार्किट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशीष सेमिवोल जॉर्ज उर्फ हर्षित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आशीष सेमिवोल जॉर्ज उर्फ हर्षित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 163/2016 धारा 356/379/411/34 भा.द.सं.** के तहत थाना कमला मार्किट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आशीष सेमिवोल जॉर्ज उर्फ हर्षित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.04.2024 को हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मीना चौहान
महानगर दण्डाधिकारी-08
कमरा नं.-272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1638/CD/2024


## जेएनयू चुनावः दो हजार से ज्यादा छात्र लेंगे यूजीबीएम में हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव को लेकर यूनिवर्सिटी की जनरल बाडी मीटिंग (यूजीबीएम) आज रात नौ बजे से फिर बुलाई गई है। शुक्रवार देर रात बुलाई गई बैठक में हंगामा हो गया था और वाम संगठन व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए थे। कई छात्र चोटिल हो गए थे। इस बीच सुरक्षा गार्ड बेबस नजर आए। अब दूसरी बार हो रही बैठक के लिए भी जेएनयू प्रशासन के पास कोई ठोस सुरक्षा के उपाए नहीं हैं। 40 गार्डों की सुरक्षा के भरोसे पूरी बैठक को आयोजित होने दिया जा रहा है। जबकि बैठक में दो हजार के करीब छात्र हिस्सा लेते हैं।

**2019 के बाद से नहीं हुए हैं छात्र संघ चुनावः** जेएनयू में 2019 के बाद से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं। छात्र संगठनों के प्रदर्शनों के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर चुनाव कराने की इच्छा जताई थी। इसके बाद डीन आफ स्टूडेंट्स से छात्रों की बैठक रखी गई। इसमें उन्हें छात्र चुनाव समिति गठित करने के लिए एक पैनल बनाने को कहा गया, क्योंकि जेएनयू में छात्र संघ चुनाव छात्रों की बनाई स्वायत्त समिति कराती है। पैनल के नाम तय करने के लिए यूजीबीएम बुलाई गई थी। यह पैनल स्कूलों की जीबीएम कराएगा और वहां से चुनाव समिति के लिए 60 से अधिक छात्रों की समिति बनेगी। लेकिन, यूजीबीएम एबीवीपी और वाम संगठनों में नोंकझोंक के बाद हाथापाई हो गई। बैठक रद्द कर दी गई। अब जेएनयूएसयू ने सोमवार को दोबारा बैठक बुलाई है। पूरे मसले पर विश्वविद्यालय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। उनकी तरफ से कोई बयान नहीं आया है। सोमवार को बड़ा बवाल हो सकता है, लेकिन सुरक्षा बढ़ाने को लेकर कड़े दिशा-निर्देश नहीं दिए गए हैं।

**40 गार्ड रहेंगे तैनातः** सुरक्षा से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, 40 गार्ड वहां तैनात रहेंगे। पुलिस सादी वर्दी में होगी। झगड़ा न हो, इसका ख्याल रखने के निर्देश विश्वविद्यालय प्रशासन ने दिए हैं। लेकिन, सवाल यह है कि अगर दो हजार छात्र झगड़ गए तो 40 गार्ड उन्हें कब तक रोक पाएंगे। हालांकि सोमवार की बैठक में भाग लेने पर एबीवीपी की ओर से अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।


### रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड

रजि. कार्यालय: ई-205 (एलजीएफ), ग्रेटर कैलाश-2, नई दिल्ली-110048
ई-मेल: legal@regententerprises.in, सीआईएन: L15500DL1994PLC153183

31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही एवं अवधि हेतु स्टैंडअलोन गैर-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के सारांश

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | 31-12-2023 को समाप्त तिमाही (गैर-अंकेक्षित) | 30-09-2023 को समाप्त पिछली तिमाही (गैर-अंकेक्षित) | पिछले वर्ष में 31-12-2022 को समाप्त संबंधित तिमाही (गैर-अंकेक्षित) | 31-12-2023 को समाप्त वर्तमान अवधि के लिए वर्ष दर तिथि के आंकड़े (गैर-अंकेक्षित) | 31-12-2022 को समाप्त संबंधित अवधि हेतु वर्ष दर तिथि के आंकड़े (गैर-अंकेक्षित) | 31-03-2023 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालनों से कुल आय | 18105.06 | 12820.97 | 20443.42 | 44533.38 | 56678.42 | 74184.73 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या असाधारण मदें) | (37.55) | 32.46 | 533.55 | 17.96 | 2.79 | (175.49) |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात्) | 25.56 | 31.70 | 533.55 | 80.30 | 2.69 | (141.88) |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात्) | 25.30 | 31.55 | 520.29 | 73.81 | 12.47 | (113.51) |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | 25.30 | 31.55 | 520.29 | 73.81 | 12.47 | (113.51) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 |
| 7. | पिछले वर्ष के अंकेक्षित तुलनपत्र में दर्शाये अनुसार संचित (पुनर्मूल्यांकन संचय रहित) | | | | | | 455.01 |
| 8. | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये) (जारी और बंद किए गए परिचालन हेतु)- मूलभूत और तरलीकृत | 0.08 | 0.09 | 1.56 | 0.22 | 0.04 | (0.34) |

टिप्पणियां:
1. उपरोक्त 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और अवधि के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है, जो सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किया गया है। उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट https://www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट http://regententerprises.in पर उपलब्ध है।

कृते रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता/-
विकास कुमार
पूर्णकालिक निदेशक
(डीन: 05308192)

दिनांक: 12 फरवरी 2024



### पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला (फोटो में प्रदर्शित) जिसका नाम: अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात, उम्र: लगभग 55-60 साल, लिंग: महिला, कद: 5 फुट 1 इंच रंग: गेंहुआ, चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, पहचान चिन्ह: दाहिने हाथ पर जले का निशान, पहनावा: लाल व काले रंग की प्रिंटेड जैकेट, सफेद प्रिंटेड जर्सी, जेबरा रंग की जैकेट, गुलाबी रंग की बनियान, भगवा कुर्ता और लुंगी पहने हुए है एवं पैरों में कुछ नहीं पहने है, दिनांक 09.02.2024 को समय 5.59 बजे शाम को मुख्य पोर्च पार्क के पास पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली थाना अन्तर्गत पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में मृत अवस्था में पायी गयी।

इस संदर्भ में **DD No. 38A, dated 09.02.2024** थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

मृतका के पहचान के लिए सब्जीमण्डी शवगृह, दिल्ली में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना- पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011- 23961522, 8750871302

DP/1717/Rly/2024


## डेंगूः दोगुने हुए मरीज, तो एमसीडी ने आंकड़े सार्वजनिक करना किया बंद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का हाल यह है कि मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप यहां सालभर लोगों को परेशान करता है। बावजूद इसके दिल्ली में स्थानीय निकाय इस पर कोई कारगार काम नहीं कर पा रहा है। निगम ने अगस्त 2023 तक तो मच्छरजनित बीमारियों के आंकड़े सार्वजनिक किए, लेकिन जैसे ही बाढ़ के चलते मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा था तो निगम ने आंकड़े ही जारी करने बंद कर दिए।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### Change of Name

I Ekta D/o Raj Kumar Gupta and W/o Dinesh Garg R/o House- 87, Sukhdev Nagar, Panipat, PO- Panipat, Dist- Panipat, Haryana- 132103, have changed my name to Karuna Garg.

### बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### सार्वजनिक सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खंड गन्नौर की ग्राम पंचायत सैया खेड़ा में टयूबवैल आप्रेटर की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक अपना आवेदन सरपंच ग्राम पंचायत या खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गन्नौर के कार्यालय में 28 फरवरी 2024 तक जमा करवा दे। इसके बाद आवेदन स्वीकार नही होंगे। आवेदक के पास गांव का रिहायशी प्रमाण पत्र होना चाहिए।**

**सरपंच अत्तर सिंह**
**ग्राम पंचायत सैया खेड़ा,**
**खंड गन्नौर, जिला सोनीपत**

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में किसानों की एंट्री रोकने की पूरी तैयारी

## सिंघु बॉर्डर के दोनों सर्विस रोड बंद, फ्लाईओवर से गुजर रहे वाहन, दिल्ली में धारा-144 लागू

**सख्ती**

8 दोनों सर्विस लेन को बंद कर दिया है। अब केवल फ्लाईओवर से ही आवाजाही की अनुमति है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राजधानी में किसानों का प्रवेश रोकने के लिए पुलिस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार मध्याह्न सिंघु बार्डर की दोनों सर्विस लेन को बंद कर दिया है। अब केवल फ्लाईओवर से ही आवाजाही की अनुमति है। सुरक्षा के व्यापक प्रबंधों के बीच वाहनों की आवाजाही बहुत कम हो गई है। भीड़ को रोकने के लिए मिट्टी से भरे कंटेनर, सीमेंट के भारी-भरकम ब्लॉक, सैकड़ों की संख्या में बैरिकेड्स को रोड पर लगा दिया गया है। इस बीच, सिंघु बार्डर पर पुलिस और अर्ध सैनिक बलों की संख्या भी बढ़ा दी गई है।वाहनों की सघन जांच के लिए यातायात पुलिस के जवानों की संख्या में भी बढ़ाई गई है। बारीकी से जांच के बाद ही वाहनों को दिल्ली में प्रवेश दिया जा रहा है।

### पुलिस कमिश्नर ने लगाए कई प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**न्यूनतम** समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाने के किसानों के दिल्ली चलो आह्वान पर दिल्ली पुलिस सतर्क हो गई है। किसानों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए राजधानी की सभी सीमाएं सुरक्षित कर दी गई हैं। किसानों ने 13 फरवरी को दिल्ली में कूच करने की घोषणा की है। 2021 जैसी घटना न हो उसको देखते हुए दिल्ली में धारा 144 लगा दी गई है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर (आयुक्त) संजय अरोड़ा ने कई प्रतिबंध भी लगाए हैं। साथ ही बॉर्डर इलाकों को सुरक्षित करने के लिए कई इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसान दिल्ली में न घुस पाएं। साथ ही दिल्ली वाले वाहनों की चेकिंग की जाएगी। पुलिस ने दिल्ली में 12 मार्च तक धारा 144 लागू की है। किसानों को राष्ट्रीय राजधानी में घुसे से रोकने के लिए पुलिस ने दिल्ली की किलेबंदी करने की तैयारी कर ली है।

**भीड़ रोकने के लिए चार स्तरीय सुरक्षा चक्र: पिछले** 24 घंटे के दौरान सिंघु बार्डर पर सुरक्षा और पुलिस के व्यापक प्रबंध देखने को मिले। भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने चार स्तरीय सुरक्षा चक्र बनाया है। पुलिस ने सबसे पहले मिट्टी से भरे कंटेनर को रोड पर लगाकर रास्ते को पूरी तरह से बंद किया है।

दूसरे स्तर पर पुलिस ने सैकड़ों लोहे के बैरिकेड्स लगाए हैं और तीसरे स्तर पर कंटीली तार और चौथे स्तर पर सीमेंट के भारी-भरकम ब्लॉक सड़क पर रखे गए हैं। इसके अलावा ड्रोन से निगरानी शुरू हो गई है और सीसीटीवी कैमरों की संख्या में भी वृद्धि की गई है।

### दिल्ली में लगाए गए कई प्रतिबंध

**दिल्ली** पुलिस ने बैठक, सभा, रैली पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोई भी शख्स हथियार के साथ, या बिना हथियार के पांच या उससे ज्यादा लोग इकट्ठे नहीं हो सकेंगे। वो सड़कों पर जुलूस, आंदोलन, रैली, सार्वजनिक बैठक पर प्रतिबंध रहेगा।

दिल्ली की सभी सीमाओं पर जुलूस, रैली या पैदल मार्च, या फिर कोई आयोजन करने पर रोक रहेगी। कोई राजनीतिक, सामाजिक के उद्देश्य से भी आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा।

दिल्ली में ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पूरी राजधानी में, सीमा वाले इलाकों में ट्रैक्टर के चलने पर रोक रहेगी। साथ ही कोई भी वाहन लाठी, डंडे, तलवार, भाला, हिंसा फैलाने वाली सामग्री या उपकरण के साथ चलने वाले पर रोक रहेगी और न ही उसे दिल्ली में प्रवेश दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर ज्वलनशील पदार्थ, विस्फोटक, संक्षारक पदार्थ या किसी घातक हथियार, बचाव या अपराध के लिए उपयोग किए जाने वाले पदार्थ को साथ लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी।

# 'केंद्र-हरियाणा सरकार ने किसानों को कुचलने के लिए सड़कों पर ठोंक दी कीलें'

**विरोध**

8 भाजपा सरकार ये कीलें जमीन पर नहीं ठोक रही है, बल्कि किसानों के सीने में ठोकने का काम कर रही है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार से मांगों को लेकर 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने को तैयार किसानों के साथ सकारात्मक बात कर उनकी समस्याओं का निदान करने की अपील की है। दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि कभी ब्रिटिश हुकूमत ने स्वतंत्रता सेनानियों की आजादी की मांग को कुचलने के लिए सारी हदें पार कर दी थी और आज केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों को कुचलने के लिए सड़कों पर कीलें ठोंक कर और दीवारें चुनवा कर क्रूरता की सारी हदें पार कर रही है। राय ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा सरकार ये कीलें जमीन पर नहीं ठोक रही है, बल्कि किसानों के सीने में ठोकने का काम कर रही है, जिसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। हरियाणा के गांवों में पुलिस भेजकर किसानों को धमकी दी जा रही है कि आंदोलन में जो जाएगा, उसका पासपोर्ट, बैंक खाता, प्रॉपर्टी के कागज जब्त कर लिए जाएंगे। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि तीन काले कानूनों के खिलाफ जब किसान एक साल तक बॉर्डर पर डटे रहे, तब प्रधानमंत्री ने तीनों काले कानून वापस लेते हुए एमएसपी की गारंटी देने का वादा किया था। संसद के आखरी सत्र की समाप्ति हो चुकी है और किसान इंतजार कर रहे हैं कि एमएसपी की गारंटी का कानून आएगा या नहीं। अंत में गोपाल राय ने हरियाणा की खट्टा सरकार से कहा कि केंद्र सरकार के आदेश पर हरियाणा सरकार सारी हदों को पार करने की तरफ बढ़ रही हैं, वह इस देश के लोकतंत्र में काला अध्याय साबित होगा। यह वीडियो या पुलिस की घोषणाएं आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी। केंद्र सरकार का भी हिसाब किया जाएगा। अगर खट्टा सरकार ने यह जो सारी हदें पार की है, उसे वापस नहीं लिया तो आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा का किसान भी इसका जवाब देगा।



यूपी कैबिनेट व सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के अयोध्या में रामलला के दरबार में माथा टेकने के बाद सोमवार को दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों ने रामलला के दर्शन किए। सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अयोध्या में अपने परिजनों संग रामलला के दर्शन किए।

## शराब पीने से मना करने पर दो युवकों ने दोस्त को पीटा


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शास्त्री** पार्क इलाके में शराब पीने से मना करना एक युवक को भारी पड़ गया। दो दोस्तों ने युवक को जमकर पीटा। दहशत बनाने के लिए हवा में गोली भी चलाई। किसी तरह से वहां से भागकर युवक ने अपनी जान बचाई। पीड़ित अमित जायसवाल की शिकायत पर शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने मारपीट, धमकी समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान नमन यादव व दिलदार के रूप में हुई है।

# वेलकम इलाके में युवक ने चलाई गोली, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम थाना क्षेत्र अंतर्गत जनता मजदूर कॉलोनी में मामूली बात को लेकर हुए झगड़े में 19 साल के लड़के ने गोली चला दी। इस गोलीबारी में एक नाबालिग सहित दो लड़कों को गोली लगी है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां नाबालिग की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार आरोपित की तलाश में जुटी है। झगड़े में घायल की पहचान 18 वर्षीय अमान के तौर पर हुई है जबकि दूसरे घायल की उम्र 17 साल की है। दोनों जनता मजदूर कॉलोनी के रहने वाले हैं। उत्तर पूर्वी दिल्ली की डीसीपी डॉक्टर जॉय टीर्की ने बताया कि रविवार रात जंतर मजदूर कॉलोनी के खजूर वाली मस्जिद के पास फायरिंग की सूचना मिली। कॉलर ने बताया कि दो लड़कों को गोली मारी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने तक घायलों को शास्त्री पार्क के जग प्रवेश अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। मौके पर पहुंची क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम से घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किया। इधर पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची, पूछताछ में घायल की पहचान 18 वर्षीय अमान के तौर पर हुई, अमान पेशे से एसी की मरम्मत का काम करता है। जबकि दूसरा घायल नाबालिग है जिसकी उम्र 17 साल है। दोनों जनता मजदूर कॉलोनी के ही रहने वाले हैं। जांच में पता चला कि 19 साल के फैजी नाम के युवक की फायरिंग में दोनों घायल हुए है। जांच से खुलासा हुआ कि दो दिन पहले घायल नाबालिग और आरोपित फैजी के बीच मामूली बात पर झगड़ा हुआ था। बीती रात उन्होंने खजूर वाली मस्जिद के पास एक-दूसरे को देखा और फिर से एक-दूसरे के साथ लड़ाई करने लगे।



# आरडब्ल्यूए मजलिस पार्क बैठक: पार्षद नेहा अग्रवाल और डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने सुनीं समस्याएं

## फूल मालाओं से पार्षद नेहा अग्रवाल और डॉ. प्रदीप अग्रवाल का किया स्वागत, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने रखीं समस्याएं, समस्याओं को जल्द हल करने का मिला आश्वासन










**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा की सबसे बड़ी रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन मजलिस पार्क द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल और दिल्ली पेरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन डॉ प्रदीप अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम का आयोजन मजलिस पार्क के गली नंबर 7 स्थित बारात घर में किया गया।

**फूल मालाओं से पार्षद नेहा अग्रवाल और डॉ. प्रदीप अग्रवाल का किया स्वागत**

कार्यक्रम में निगम पार्षद नेहा अग्रवाल और डॉक्टर प्रदीप अग्रवाल का भव्य स्वागत किया गया। मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुभाष दीक्षित ने माला और शॉल ओढ़ाकर अग्रवाल दंपति का अभिनंदन किया। इस दौरान उनके साथ एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने पार्षद और चेयरमैन का फूल मालाएँ और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान विशेष अतिथि के तौर पर एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज और आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग भी उपस्थिति रहे।

**आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने रखीं समस्याएं:** मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के प्रधान सुभाष दीक्षित ने पार्षद नेहा अग्रवाल और डॉ. प्रदीप अग्रवाल को कॉलोनी की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जहां कॉलोनी में सीवर की समस्याओं से आरडब्ल्यूए वासियों को काफी परेशानी हो रही है वहीं, नियमित रूप से साफ-सफाई न होने से नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ जाता है, जिससे क्षेत्र में दुर्गंध फैल जाती है।

**धीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाली गलियों का हो पुनर्निर्माण**

आरडब्ल्यूए के कैशियर नीरज कपूर ने निगम पार्षद नेहा अग्रवाल और पैरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन डॉ. प्रदीप अग्रवाल के समक्ष गलियों के पुनर्निर्माण की समस्या को उठाया। नीरज कपूर ने कहा कि कई गलियों में सड़क का पुनर्निर्माण समय की मांग है, जिससे लोगों को आने जाने में कोई परेशानी न हो। वहीं पुलिया का पुनर्निर्माण भी अतिआवश्यक है।

**पार्षद के समक्ष रखी गई अतिक्रमण की समस्या**

वहीं मंच का संचालन करते हुए आईएस बंसल ने पार्षद के समक्ष क्षेत्र में होने वाली अतिक्रमण की समस्या को रखा और कहा जगह-जगह रेहड़ी-पटरी वालों ने अतिक्रमण किया हुआ है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए।

**नालियों पर स्लैब की समस्या को उठाया गया**

बैठक में बिजली की समस्या, नालियों के ऊपर स्लैब, सीवर के ढक्कन की मरम्मत होने जैसी मुद्दों को उठाया गया।

**पार्षद ने दिया आश्वासन, जल्द समस्याओं का निकलेगा समाधान**

पार्षद नेहा अग्रवाल और डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने धैर्यपूर्वक सभी की समस्याओं को सुना और लोगों को आश्वासन दिया कि जो भी समस्याओं आज मेरे समक्ष रखीं गई है उनको जल्द से जल्द हल कराने की कोशिश करेंगे।

**विकास कार्यों के लिए फंड की नहीं है कोई कमी : प्रदीप अग्रवाल**

डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि मैं पेरा मेडिकल बोर्ड के चेयरमैन होने के अलावा दिल्ली बिजली बोर्ड का भी मेम्बर हूं। आप अपनी बिजली से जुड़ी कोई भी समस्या मेरे समक्ष रख सकते हैं। बिजली बोर्ड से संबंधित समस्याओं को संबंधित विभाग के समक्ष उठाकर उनका तुरंत निदान किया जाएगा।

**मुकेश जी, विधायक जी और हम मिलकर कर रहे हैं विकास कार्य: नेहा अग्रवाल**

पार्षद नेहा अग्रवाल ने अपने संबोधन में सबसे पहले तो एसोसिएशन का धन्यवाद किया। साथ ही समस्याओं के तुरंत निदान का भी आश्वासन दिया। ये भी बताया कि नेता सदन मुकेश गोयल जी, विधायक पवन शर्मा जी और हम मिलकर क्षेत्र का विकास करेंगे। ये ट्रिपल इंजन की सरकार है। आदर्श नगर वासियों ने आम आदमी पार्टी को एक बार नहीं कई बार बहुमत दिया है। आपके प्रति हमारा दायित्व सदैव रहेगा।

**ये पदाधिकारी मौजूद रहे:** प्रधान सुभाष दीक्षित, जनरल सेक्रटरी आईएस बंसल, सुशील बंसल, कैशियर नीरज कपूर, सुरेंद्र चौधरी, लक्ष्मी नारायण गोयल, अरविंद शर्मा, एसएन वर्मा, गुरदयाल छाबड़ा, परमानंद सिंघल, नरेश टंडन, धर्मवीर चौधरी, प्रेमचंद गुप्ता, अर्जुन जैन, चित्रा गुप्ता, हांडा जी, ललित गुप्ता, संदीप तुली, मंजीत सोढ़ी, चरणजीत सिंह, बीएन गर्ग आदि मौजूद रहे।















## न्यूज फ्लैश

### यमुनानगर जिले में धारा 144 लागू

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

पंजाब के किसान संगठनों के दिल्ली कूच के ऐलान के बाद एक बार फिर पंजाब-हरियाणा बॉर्डर से दिल्ली की और जाने वाले सभी मुख्य हाई वे पर हरियाणा सरकार ने आमजन की सुरक्षा के लिए कड़े और पुख्ता इंतजाम कर दिए है। हरियाणा पुलिस विभाग ने दिल्ली जाने वाले रूटों में भी बदलाव किए है। इसी कड़ी में सोमवार को सुरक्षा की दृष्टि से जिला यमुनानगर में जिला प्रशासन द्वारा धारा 144 लगा दी गई है। जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा किसान मजदूर मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच की काल की है और 13 फरवरी को दिल्ली की तरफ मार्च निकालने की घोषणा की है। इस जिला में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा पिछले दो वर्ष में भी धरना प्रर्दशन किए गए तथा सडकों पर जाम लगाया गया था। जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 14 फरवरी तक धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए गए है। उन्होंने कहा कि जिला में पांच या पांच से ज्यादा लोगों को एक जगह एकत्रित करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जिला में पैदल, वाहनों या किसी भी तरह से जलूस प्रोसेशन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। किसी व्यक्ति व समूह को पैदल, ट्रैक्टर ट्राली, कार, ट्रक, दोपहिया वाहन, मोडिफाइड ट्रैक्टर, जेसीबी, हाइड्रा आदि वाहनों से संपति को नुकसान पहुंचाने और शांति व्यवस्था भंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को लाठी, डंडा, तलवार, संदेनशील ज्वलन पदार्थ, हथियार रखने व ले जाने की इजाजत भी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में किसी भी शरारती व्यक्ति को आदेशों की अवहेलना नहीं करने दी जाएगी। जो व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करेगा उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 188 के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### रबी सीजन में होगी सरसों, चना, सूरजमुखी व समर मूंग की खरीद - संजीव कौशल

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि रबी सीजन के दौरान राज्य सरकार किसानों की सरसों, चना, सूरजमुखी और समर मूंग की खरीद निर्धारित एमएसपी पर करेगी। इसके अलावा, मार्च माह से 5 जिलों में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से सूरजमुखी तेल की सप्लाई भी शुरू की जाएगी।

मुख्य सचिव आज यहां रबी सीजन के दौरान की जाने वाली खरीद प्रक्रिया बारे अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार द्वारा मार्च के अंतिम सप्ताह में 5650 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों की खरीद शुरू की जाएगी। इसी प्रकार, 5440 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों का चना खरीदा जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 मई से 8558 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर मूंग की खरीद की जाएगी। इसी प्रकार, एक से 15 जून तक 6760 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सूरजमुखी की खरीद की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि इस सीजन में 50,800 मीट्रिक टन सूरजमुखी, 14,14,710 मीट्रिक टन सरसों, 26,320 मीट्रिक टन चना तथा 33,600 मीट्रिक टन समर मूंग की पैदावार होने की सम्भावना है। उन्होंने हरियाणा राज्य वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा हैफेड द्वारा मंडियों में सरसों, समर मूंग, चना तथा सूरजमुखी की खरीद शुरू करने के लिए तैयारियां करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों की सुविधा के लिए अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध करने के तथा खरीदी गई उपज का तीन दिन के अन्दर भुगतान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त बारदाने के साथ-साथ मंडियों से अनाज का समय पर उठान भी सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव वी. राजा शेखर वुंदरू, हैफेड के प्रबंध निदेशक जे. गणेशन तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक मुकुल कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकार के लिए गरीब के हक सर्वोपरि : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

## भौतिक विकास के साथ संस्कारवान मानव निर्माण के कार्य में जुटी प्रदेश सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के ने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए गरीब का अधिकार सबसे पहले है। सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से गरीब परिवारों की पहचान की है और प्रदेश की 2.80 करोड़ जनता मेरा परिवार है, प्रदेशवासियों की हर तकलीफ का समाधान सरकार द्वारा किया जायेगा। राज्य सरकार प्रदेश में भौतिक विकास के साथ-साथ संस्कारवान मानव निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। मनोहर लाल जिला रोहतक में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में पुरानी व्यवस्थाओं को बदला है। जन हितैषी कार्यों को समयबद्ध तरीके से करने के लिए कुछ शक्तियां विभागों को सौंपी गई है तथा पारदर्शी प्रणाली बनाई गई है। राज्य सरकार हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूल मंत्र के तहत कार्य कर रही है तथा उनके लिए सभी प्रदेशवासी एक समान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने पैतृक घर को ई-लाइब्रेरी बनाने के लिए समाज को दान में दिया है तथा अपने हिस्से की तीन एकड़ भूमि में



### 'देश में एमएसपी पर सर्वाधिक 14 फसलें खरीदने वाला पहला राज्य है हरियाणा'

**कार्यक्रम** में कृषि मंत्री जे पी दलाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में किसानों की 14 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है, जो सर्वाधिक है, जिससे किसान खुशहाल हो रहे हैं। गन्ने का सर्वाधिक मूल्य दिया जा रहा है तथा बाजरा भी पड़ोसी राज्यों से अधिक भाव पर खरीदा जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा कृषि व सिंचाई के लिए बजट को 5 गुणा बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आमजन की पार्टी है, जिसमें प्रतिभा व मेहनत के दम पर जिम्मेवारी मिलती है। इस पार्टी में सभी को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिलते हैं।

से एक एकड़ भूमि भी दान में दे दी है। सरकार द्वारा प्रदेश में एक हजार ई-लाइब्रेरी स्थापित की गई है तथा युवाओं को सुविधा प्रदान करने के लिए हर गांव में ई-लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है। बिना पर्ची-बिना खर्ची तथा मेरिट के आधार पर नौकरी देने की प्रदेश सरकार की नीति से युवाओं का अब पढ़ाई में विश्वास बहाल हुआ है। मनोहर

**विश्वास बहाल**

8 वर्ष 2014 के बाद देश व प्रदेश में शासन व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

लाल ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश व प्रदेश में शासन व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आगामी 5 वर्ष में विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरेगा। प्रधानमंत्री ने पुरानी विचारधारा को बदलते हुए अच्छे कार्य का समर्थन तथा गलत कार्य का विरोध करने की विचारधारा को अपनाया है। कभी नरेंद्र मोदी को वीजा न देने वाला अमेरिका स्वयं अब नरेंद्र मोदी का मुरीद बन गया है तथा रूस और यूक्रेन भी आज भारत की ओर देख रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीयों को 24 घंटे का युद्ध विराम करवाकर हजारों भारतीयों को सुरक्षित भारत लाया गया। यह नए भारत की ताकत है।

# सरसों, चना, सूरजमुखी व समर मूंग की खरीद के लिए तैयारी में जुटी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा के** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि रबी सीजन के दौरान राज्य सरकार किसानों की सरसों, चना, सूरजमुखी और समर मूंग की खरीद निर्धारित एमएसपी पर करेगी। इसके अलावा, मार्च माह से 5 जिलों में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से सूरजमुखी तेल की सप्लाई भी शुरू की जाएगी। मुख्य सचिव सोमवार को यहां रबी सीजन के दौरान की जाने वाली खरीद प्रक्रिया के बारे में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार द्वारा मार्च के अंतिम सप्ताह में 5650 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों की खरीद शुरू की जाएगी। इसी प्रकार, 5440 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों का चना खरीदा जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 मई से 8558 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर मूंग की खरीद की जाएगी। इसी प्रकार, एक से 15 जून तक 6760 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सूरजमुखी की खरीद की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि इस सीजन में 50,800 मीट्रिक टन सूरजमुखी, 14,14,710 मीट्रिक टन सरसों, 26,320 मीट्रिक टन चना तथा 33,600 मीट्रिक टन समर मूंग

**रूपरेखा**

8 मुख्य सचिव रबी सीजन के दौरान की जाने वाली खरीद प्रक्रिया के बारे में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की

की पैदावार होने की सम्भावना है। उन्होंने हरियाणा राज्य वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा हैफेड द्वारा मंडियों में सरसों, समर मूंग, चना तथा सूरजमुखी की खरीद शुरू करने के लिए तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों की सुविधा के लिए अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध करने के तथा खरीदी गई उपज का तीन दिन के अन्दर भुगतान करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि पर्याप्त बारदाने के साथ-साथ मंडियों से अनाज का समय पर उठान भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव वी. राजा शेखर वुंदरू, हैफेड के प्रबंध निदेशक जे. गणेशन तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक मुकुल कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यपाल पुरोहित का सीमावर्ती क्षेत्रों का छठा दौरा 20 से

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पंजाब** के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, 20 फरवरी से 23 फरवरी तक एक बार फिर सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरे पर जाने वाले हैं। पिछले ढाई वर्षों में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का सीमावर्ती क्षेत्रों का यह छठा दौरा होगा। राज्यपालपठानकोट, गुरुदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का के सीमावर्ती जिलों में जाएंगे। उनके इस यात्रा कार्यक्रम में उनके पिछले दौरों के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करने और हाल के दिनों में सामने आए किसी भी नए मुद्दे के समाधान के लिए केंद्रीय एजेंसियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठकें शामिल हैं।

इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बाधाओं को दूर करने के लिए समन्वय बढ़ाना है।

विशेष रूप से सीमा बुनियादी ढांचे, सुरक्षा, तस्करी और सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी के खतरे से निपटने के क्षेत्र में समन्वय बनाना है। राज्यपाल के एजेंडे में ग्राम रक्षा समितियों (वीडीसी) के साथ बातचीत भी शामिल है, जो सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीले पदार्थों और अन्य सामाजिक बुराइयों से निपटने में सहायक साबित हुई हैं।

# राज्य सरकार का उन्नत शिक्षा पर फोकसः दुष्यंत चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि अच्छी शिक्षण संस्थाएं बच्चों के उज्जवल भविष्य का आधार होती है। संस्थाओं के संस्थापक,शिक्षा समिति सदस्य तथा कार्यरत स्टाफ को चाहिए कि संस्थाओं के रख- रखाव और समय के साथ विभिन्न कोर्सों को अपडेट रखें ताकि वर्तमान प्रतियोगिता के युग में ग्रामीण क्षेत्र का बच्चा भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज व देश सेवा में अपनी भूमिका सक्रियता से निभा सके। उपमुख्यमंत्री आज जींद जिला के कस्बा नरवाना में एसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोन्धित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर सनातन धर्म शिक्षा समिति द्वारा संस्थान में करीब दो करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन भी किया। दुष्यंत चौटाला ने अपने सम्बोन्धन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छे शिक्षण संस्थानों का निर्माण वर्तमान की जरूरत है और एसडी पब्लिक स्कूल अग्रणी संस्थानों में शामिल है। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस विद्यालय के सैंकड़ों छात्र उन्नत एवं गुणवता युक्त शिक्षा प्राप्त कर भारत सरकार की उच्च सेवा क्षेत्रों मसलन यूपीएससी, एचपीएससी, एचएसएससी व आर्म फोरसिज में अपनी सेवाएं दें रहे हैं, यह पूरे नरवाना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान के लिए निरन्तर प्रयासरत्त है और इसके लिए नई शिक्षा नीति के तहत सुपर- 100 जैसी स्कीमों का संचालन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आम गरीब परिवारों के योग्य विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दी जा रही है, इसका सारा खर्चा सरकार द्वारा अपने स्तर पर वहन किया जाता है। सुपर - 100 कार्यक्रम में कोचिंग की बदौलत प्रदेश के सैकड़ों विद्यार्थी आईआईटी, एमबीबीएस जैसे विभिन्न उच्च कोर्सों में प्रवेश पाने में कामयाब हुए है। इसी प्रकार फिलहाल हरियाणा में प्रत्येक क्षेत्र विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 1500 डिजिटल लाइब्रेरियों का आधारभूत ढांचा खड़ा किया जा चुका है।

# साइबर सिटी में गुरुग्राम मैराथन 25 को, 20 हजार से अधिक धावक लगाएंगे दौड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**साइबर** सिटी में 25 फरवरी को गुरुग्राम मैराथॉन नाम से एक बड़ा इवेंट होने जा रहा है। इस इवेंट में अलग-अलग श्रेणियों में 20 हजार से अधिक धावक भागीदारी करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुग्राम मैराथॉन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली

**मैराथन**

8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे मैराथॉन के मुख्य अतिथि, विजेता प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित

और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों की तर्ज पर गुरूग्राम मैराथॉन भी साइबर सिटी का एनुअल इवेंट होगा। गुरूग्राम मैराथॉन में भागीदारी के लिए साढ़े तीन हजार से अधिक प्रोफेशनल रनर्स ने गुरूग्राम मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना पंजीकरण भी कराया है। चार श्रेणियों में आयोजित होगी मैराथॉनः निशांत कुमार यादव ने बताया कि पूरे आयोजन को चार श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें 42.2 किलोमीटर की फुल मैराथॉन के लिए रिपोटिंग टाइम सुबह 4 बजे रहेगा। इस मैराथन को प्रातः 4.30 बजे फ्लैग ऑफ किया जाएगा। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिक भाग ले सकते हैं। इसी क्रम में दूसरी श्रेणी में 21.1 की हॉफ मैराथन प्रातः 6.30 बजे आयोजित की जाएगी। इस श्रेणी में 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिक भाग ले सकेंगे जिसमें रिपोटिंग टाइम प्रातः 6 बजे रखा गया है। उन्होंने बताया कि आयोजन की तीसरी श्रेणी में 10 किलोमीटर की मैराथन आयोजित की जाएगी जोकि प्रातः 7.30 बजे शुरू होगी। इसमें रिपोटिंग टाइम प्रातः 6.30 बजे रखा गया है व 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिक इसमें सहभागी बन सकेंगे। उपायुक्त ने बताया कि आयोजन की अंतिम व चौथी श्रेणी में 5 किलोमीटर की फन रन आयोजित की जाएगी, जिसका रिपोटिंग टाइम प्रातः 7.30 का रहेगा व मुख्यातिथि द्वारा इसे प्रातः 8.30 बजे फ्लैग ऑफ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन की सभी श्रेणियों में समापन समय प्रातः 10 बजे निर्धारित किया गया है।

# किसानों को दबाने के लिए बीजेपी ने झोंकी पूरी ताकतः डॉ. सुशील

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को चंडीगढ़ स्थित आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय से प्रेस वार्ता की। उनके साथ किसान विंग के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप भांभू और उपाध्यक्ष प्रवीण घुसकानी मौजूद रहे। उन्होंने कहा की एक तरफ केंद्र सरकार एमएस स्वामीनाथन और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के सम्मान से नवाज रही है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन किसान कौम के लिए समर्पित कर दिया। वहीं आज हरियाणा में किसानों को पूरी तरह



से बंधक बनाने की तैयारी की जा रही है। एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी किसानों को कुचलने की तैयारी कर रही है। किसानों ने तीन काले कानूनों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। उस संघर्ष में मनोहरलाल खट्टर ने भी इनकी जड़ें चीन और पाकिस्तान में बताई। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर सरकार ने 2 साल पहले भी कंटीले तार बिछाए थे, लाठियां भांजी गई थी और उनके रास्ते में सीमेंट के बैरिकेड लगाए गए थे। दोबारा से फिर मनोहर लाल खट्टर इसी तैयारी में हैं। 750 किसानों ने शहादत दी थी।

# मंत्री ने की जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा** के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने बिजली निगम के जूनियर इंजीनियर दलीप के खिलाफ बहुत सी शिकायत आने, आमजन का काम समय पर न करने व आमजन से गलत व्यवहार करने के कारण जेई को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। साथ ही विजिलेंस जांच करवाने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री नारनौल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में शिकायतें सुन रहे थे। बैठक में पहले से निर्धारित 17 मामले सुनवाई के लिए रखे गए, जिनमें से 13 मामले निपटाए गए।

# लगभग 72 लाख रुपए की सेल के साथ संपन्न हुआ 12 दिवसीय सरस मेला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

सेक्टर 34 स्थित एग्जीबिशन ग्राउंड में हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्रालय के अधीन रुरल लाईवलीहुड मिशन द्वारा आयोजित किया जा रहा 12 दिवसीय सरस मेला सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। मेले में मंत्रालय ने ग्रामीण उद्यमी महिलाओं को एक बेहतरीन तल प्रदान करवा उन्हें सशक्त करने का प्रयास किया था। मेले में लगभग एक सौ स्टालो पर इन उद्यमी महिलाओं ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया था। आयोजकों के अनुसार मेले इन उद्यमियों ने लगभग 72 लाख रुपये तक की सेल की। भाग ले रहे प्रदशनीकर्तारों ने भी मेले में किये गये



व्यापार पर अपनी संतुष्टि जताई। रामपुर के विकलांग सेल्फ हेल्प ग्रुप के लेखराज ने बताया कि मेले में उन्होंने बेहतरीन व्यापार किया और तीन बार सामान मंगवाया। उत्तराखंड के नैनीताल से आई प्रीति रिनी ने बताया कि चंडीगढ़ वासियों को हस्त निर्मित उत्पादों की कद्र है इसलिये उन्हें अच्छी खासी सेल हुई है। मेले में हस्त निर्मित उत्पादों के साथ साथ जैविक रुप से खेती और प्रोसेस हो रही दालों, मसालों, डाईफ्रूट्स, आटा, फल, जूस, चटनी, आचार आदि उत्पादों की खूब सेल हुई। हैंडलूम, गर्म उनी कपड़ों, मंदिरों के माडल्स और वाद्य यंत्रों सहित अन्य चीजों में भी रुचि दिखाई। वहीं दूसरी ओर मेले के एक अन्य आर्कषण फूड फेस्टिवल के दौरान स्थानीय लोगों ने हिमाचल के पारम्परिक व्यंजनों का स्वाद लिया। प्रदेश के लगभग सभी जिलों की महिलाओं ने धाम सहित अन्य व्यंजनों को परोसा। मेले के अंतिम दिन मिशन की निदेशिका कल्याणी गुप्ता ने भाग ले रही उद्यमी महिलाओं को ईनाम और सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया ।

# सूरजकुंड मेला में आए उड़ीसा के नेशनल अवॉर्डी शिल्पकार पंकज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के फरीदाबाद जिले में आयोजित किए जा रहे 37वें सूरजकुंड अंतराष्ट्रीय शिल्प मेला में स्टॉल नंबर - 1066 उड़ीसा से आए शिल्पकार पंकज कुमार अपनी कला के माध्यम से ध्यान का केंद्र बने हुए हैं। कारण है इनके स्टॉल पर चांदी की नक्काशी करके बनाई गई विभिन्न वस्तुएं। उड़ीसा के शिल्पकार पंकज कुमार शाहू वर्ष 1995 में राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा द्वारा नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके हैं। नेशनल अवॉर्ड प्राप्त कर चुके पंकज कुमार एक दुर्घटना में दिव्यांग हो गए थे। इसके पश्चात उन्होंने दिव्यांगता को अपनी हिम्मत और मजबूती बनाया। पंकज ने एक हाथ से ही वे



फिलिगिरी सिल्वर आर्ट (चांदी की तारकशी) के जरिए अपने हुनर को निखारना आरंभ किया। उन्हें कलाऔर प्रधानमंत्री से विश्वकर्मा गुरू अवॉर्ड जैसे सम्मानों से नवाजा गया। उन्होंने हुनर को नया आकार देकर चांदी की तारकसी कला को देश के कोने - कोने तक पहुँचाया और इस कला को एक नई पहचान दिलाई। पंकज कुमार शाहू को उड़ीसा हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट प्रमोशन काउंसिल का सदस्य बनाया गया है। शिल्पकार पंकज कुमार ने बताया कि वह चांदी के बिस्किट खरीदकर उसे पिघलाते हैं। फिर उसे मोल्ड करके डिजाइन तैयार

**कौशल**

8 पंकज कुमार शाहू को उड़ीसा हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट प्रमोशन काउंसिल का सदस्य बनाया गया है। शिल्पकार पंकज कुमार ने बताया कि वह चांदी के बिस्किट खरीदकर उसे पिघलाते हैं

करते हैं। उनके द्वारा बनाए गए ईयर रिंग, नेकलेस, पेंडेंट, सजावट की वस्तुएं, कृष्ण - अर्जुन रथ, नाव, झुमका, भगवान के मुकुट आदि उत्पाद उनके इस स्टॉल पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि चांदी तारकसी कला की सबसे अधिक डिमांड दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बैंगलूरू शहर में है। पंकज कुमार ने बताया कि वह पिछले तीस वर्षों से इस कला से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2018 में उड़ीसा में हुए हॉकी वर्ल्ड कप में उनके द्वारा बनाई गई चांदी की ट्रॉफी सभी खिलाड़ियों को प्रदान की जा चुकी है। उनके द्वारा बनाई गई दो किलोग्राम चांदी की भगवान की छतरी अपनी नक्काशी से लोगों में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसकी कीमत करीब तीन लाख रुपए है। एक दर्जन से अधिक अवॉर्ड प्राप्त करने वाले शिल्पकार पंकज कुमार शाहू उड़ीसा की 49 कलाओं को प्रमोट करने पर कार्य कर रहे हैं।

# अपनी निकृष्ट हरकतों से बाज नहीं आ रही है गठबंधन सरकारः कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार अपनी निकृष्ट हरकतों से बाज नहीं आ रही है। दिल्ली कूच कर रहे किसानों को रोकने के लिए ऐसी बेतुकी तरकीबें निकाल रही है जिससे आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को रोकने के लिए सिरसा और रतिया में सड़क पर जबकि हांसी और कैथल में किनारों पर खाई खोद दी गई है, और तो और कंटेनरों से भरी मिट्टी

**साधा निशाना**

8 प्रदेश की गठबंधन सरकार अपनी निकृष्ट हरकतों से बाज नहीं आ रही है : पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सैलजा

और रोडरोलर भी लगा दिए गए हैं। सरकार सीधे तौर पर जनता को परेशान करने पर उतारू है। व्यावसायिक वाहनों के सिरसा प्रवेश पर रोक लगा दी है, जिससे खाद्य वस्तुएं, सब्जी की कमी होगी साथ ही उद्योग धंधों पर असर होता तो व्यापार भी प्रभावित होगा। सरकार की हरकतों से परेशान जनता आने वाले चुनाव में जनता को सबक सिखाकर रहेगी। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि अपनी जायज मांग को लेकर किसान दिल्ली जाकर हुक्मरानों को अपना दर्द बताना चाहते है पर प्रदेश सरकार जिसके सत्ता में कुछ दिन ही शेष हैं बौखलाहट में ऐसे कदम उठा रही है जिससे किसानों के साथ-साथ आमजनों की भी दुर्गति हो रही है। सरकार ने 15 जिलों में धारा 144 लागू कर दी है तो अंबाला, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, सिरसा और फतेहाबाद में इंटरनेट सेवा बंद की हुई हैं।

## न्यूज फ्लैश

### सांसद संजय भाटिया ने दिशा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता



टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वे सोमवार को जिला सचिवालय करनाल में दिशा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में पानीपत जिला के भी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रशासन द्वारा विकास कार्यों से संबंधित कुल 29 एजेंडे रखे गए। इन एजेंडों पर सांसद ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से सवाल-जवाब किए और महत्वपूर्ण कदम उठाने हेतू दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में मुख्य रूप से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, सैल्फ-हैल्प ग्रुप योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, स्मार्ट सिटी, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। सांसद संजय भाटिया ने बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की भावना के साथ कार्य करना है। इसी संकल्प के साथ केन्द्र की सरकार पिछले 10 वर्षों से देशभर में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केन्द्र व राज्य की सरकार द्वारा सैंकड़ों योजनाओं के साथ गरीब, किसान, कमजोर, व्यापार तथा अन्य वर्गों के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केन्द्र की सरकार से संबंधित जो भी विकास कार्य जारी है उनको जल्द से जल्द पूरा करने के लिए सकारात्मक दिशा में कार्य तेजी से किए जाएं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में करनाल जिला के ग्रामीण क्षेत्र में 5 हजार व शहरी क्षेत्र में 470 सैल्फ-हैल्प ग्रुप अपना कार्य कर रोजगार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बैठक के दौरान घरौंडा से विधायक हरविंद्र कल्याण, उपायुक्त अनीश यादव, नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार, डीएफएससी अनील कालड़ा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

### जिला इलेक्ट्रिसिटी कमेटी की बैठक



टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला इलेक्ट्रिसिटी कमेटी की एक बैठक आज यहां जिला सचिवालय में सांसद संजय भाटिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें जिला में बिजली आपूर्ति की स्थिति तथा भविष्य में स्थापित किए जाने वाले बिजली घरों की जानकारी दी गई। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई कौशिक मान ने बताया कि 'म्हारा गांव, जगमग गांव योजनाड के तहत जिला के 435 गांवों में 11 केवी आरडीएस के 143 फीडर्स के माध्यम से 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। वर्ष 2015-16 में संचरण व वितरण (ट्रांसमिशन व डिस्ट्रीब्यूशन) लॉस 80.71 प्रतिशत था जो अब घटकर 8.81 प्रतिशत रह गया है। सांसद ने विद्युत निगम की प्रगति पर संतोष जाहिर किया। मान ने बताया कि शहरी क्षेत्रों के लिए इंटीग्रेटिड प्लानिंग डेवलपमेंट स्कीम (आईपीडीएस) के तहत असंध, निसिंग, नीलोखेड़ी, इंद्री और तरावड़ी में 25.20 करोड़ की लागत से 11 केवी की लाईनों का विस्तार किया गया, नई एलटी लाईनें खींची गई और ओवरहेड एलटी लाईनों को एक्सएलपीई-एबी केबल्स में बदला गया। साथ ही नई ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए और उपभोक्ताओं के खराब मीटरों को बदला गया। ग्रामीण क्षेत्रों में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत 18.58 करोड़ की लागत से बिजली के आधारभूत ढांचे को मजबूत किया गया।

# ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से किसानों से किया जाएगा संवाद : एडवोकेट वेदपाल

### घीड गांव से शुरू हुआ ग्राम परिक्रमा यात्रा का हुआ शुभारम्भ



टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एडवोकेट वेद पाल ने करनाल जिला के घीड गांव से आज ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से उत्तर प्रदेश मुजफ़्फ़रनगर की पावनधरा शुक्र ताल से देश की राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर, प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने अपने उद्बोधन से ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ करने जा रहे हैं और हमारे लिए यह सौभाग्य का विषय है। जब किसान का बेटा किसान ने यंत्रों की पूजा कर और गो माता का आशीर्वाद लेकर पूरे देश की धरा पर नरेंद्र मोदी के द्वारा किसान हित में किए गए कार्यों को लेकर भारत के प्रत्येक गाँव की चौपाल पर पहुँचेगा और सरकार की 10 साल की उपलब्धियों को उनके बीच रखकर विकसित राष्ट्र का संकल्प दोहराएगा। भाजपा किसान मोर्चा हरियाणा प्रभारी वेदपाल ने बताया कि इन सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के द्वारा 10 वर्षों में किसान हित में जो निर्णय लिए गए हैं, वह सभी भारत के राजनीतिक इतिहास में मिल का पत्थर साबित हुए हैं। खासतौर पर किसान सम्मान निधि छोटे किसान के लिए खेती में खाद बीज ख़रीदने में उसका उत्साह बढ़ाती है, वहीं 2014 के बाद जो बजट 25 करोड़ के लगभग होता था, आज उसको पाँच गुना बढ़ाकर कर दिया गया है। वहीं प्राकृतिक और कृत्रिम खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। मोटे अनाज तिलहन, बाजरा जौ, बाजरा, मक्का को दुबारा से भोजन की थाली में परोस कर स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुनील वत्स ने भी राज्य व केंद्र सरकार की किसान उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और भाजपा का लक्ष्य किसानों को उन्नत खेती से जोड़कर देश को विकास पथ की ओर ले जाना है। इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने किसानों को उन्नत खेती की नई तकनीकों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रगतिशील किसानों को समय समय पर विशेष प्रोत्साहन देती है, जिससे वह अपने क्षेत्र में महारत हासिल कर किसानों के लिए प्रेरणा बनें।

# महिला टीचर से अश्लीलता, इंस्टाग्राम पर भेजे गलत मैसेज

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। इंद्री थाना के अंतर्गत आने वाले एक गांव की पंचायत मेंबर एवं प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर ने एक युवक पर गलत इशारा करने, गलत नीयत से घूरने व बार-बार पीछा करने के आरोप लगाएहैं। इतना ही नहीं आरोपी ने इंस्टाग्राम पर फेक आइडी बनाकर मैडम के पास गलत मैसेज भी भेजे, जिसमें उसके पति व परिवार के प्रति भी गलत भाषा का इस्तेमाल किया गया और इंस्टाग्राम पर फोन करके उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने अपने पति को पूरी बात बताई। पति ने आरोपी से बात की तो युवक ने साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला बोल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि वह वर्तमान में पंचायत मेंबर है और एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती है। वह बस से स्कूल जाती-आती है। इस दौरान गांव का ही एक युवक गलत इशारे करता है और बार-बार पीछा करता है। इंस्टाग्राम पर भी युवक ने उसके साथ अभद्रता की। युवक की हरकतों के बारे में मैंने अपने पति को बता दिया था। इसके बाद उसका पति आरोपी से मिला। युवक उसके घर आकर माफी मांगने लगा, लेकिन उसके मन में रंजिश भरी हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि बीती 10 फरवरी की शाम को आरोपी युवक अपने चार साथियों के साथ उसके पति की दुकान पर पहुंचा, जहां पर आरोपियों ने उसके पति को दुकान से बार खींच लिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने ईंटों से उसके पति पर कई वार किए।

# वाल्मीकि भवन सैक्टर 9 में हुआ भगवान वाल्मीकि भजन संध्या का आयोजन




टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस


भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के सहयोग से बीती सांय वाल्मीकि भवन सैक्टर 9 में भगवान वाल्मीकि भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें परम पूजनीय स्वामी श्री परमहंस महंत बबलादास जी महाराज (अमृतसर धाम) ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं पर अमृतवर्षा की और संगत ने महाराज से आशीर्वाद लिया तथा लाभ उठाया। भजन संध्या के दौरान महाराज ने अपनी मधुर वाणी से रामायण के रचियता भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया और आह्वान किया कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करें तथा बच्चों को शिक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं। भजन संध्या कार्यक्रम में टी-सीरीज कलाकार कीर्तिमान, कलाकार कृष्ण साँवरा, कलाकार रमेश बुम्बक ने अपनी मधुर वाणी से भगवान वाल्मीकि जी के जीवन पर आधारित भजनों के द्वारा श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर किया। इतना ही नहीं भजनों की प्रस्तुति के दौरान श्रद्धालू भक्ति रस में डूबे हुए थे।

### चोट पहुंचाकर छीना झपटी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना असंध की टीम द्वारा मारपीट कर छीना झपटी करने वाले तीन आरोपी विक्रम उर्फ विक्की पुत्र ओमपाल, सतीश उर्फ कला पुत्र मलूक सिंह और बलविंद्र पुत्र लछमन वासियान राहड़ा असंध को काबू कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से शिकायतकर्ता जॉनी वासी राहड़ा के कान की बाली गांव में सडक पर जाते हुए छीन ली थी, जिससे शिकायतकर्ता के कान पर चोटें आई थी, को पुलिस द्वारा बरामद किया गया। थाना की टीम ने घटना के कुछ घंटे के बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार कर छीनी हुई बाली बरामद कर ली है। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में छीना झपटी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# ट्रक से कुचले जाने से दो की हुई मौत


मृतक गर्व


मृतक वंश

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। हरियाणा में किसान आंदोलन के चलते रूट डायवर्ट होने के पहले दिन ही करनाल के इंद्री-यमुनानगर रोड पर रविवार देर शाम को दर्दनाक हादसे में दो नाबालिगों की जान चली गई। बाइक सवार दो नाबालिगों को अज्ञात ट्रक चालक कुचलकर फरार हो गया। दोनों किशोर के पास पतंग भी पड़ी मिली। अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों किशोर बसंत पंचमी के लिए पतंग लेकर आए थे। हादसा होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों नाबालिगों के शवों को अपने कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। इंद्री के श्मशान घाट में दोनों नाबालिगों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। रविवार देर शाम इंद्री के वार्ड नंबर 6 निवासी 16 वर्षीय वंश और वार्ड नंबर 2 निवासी 17 वर्षीय गर्व बाइक पर सवार होकर करनाल से इंद्री आ रहे थे। जैसे ही दोनों गांव नोरता के पास पहुंचे तो उबड़-खाबड़ सडक के कारण उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सडक के बीच में गिर गई। इसके बाद दोनों नाबालिग भी सडक पर गिर गए और पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने दोनों बच्चों को कुचल दिया, जिससे दोनों नाबालिगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

# जिला प्रशासन ने किसानों को रोकने के लिए की किलेबंदी, कंटेनर-बैरिकेड्स लगाए

### कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की 7 कंपनियां तैनात : एसपी



टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। हरियाणा में 13 फरवरी को किसानों का दिल्ली कूच का ऐलान है और प्रशासन अलर्ट मोड पर है। करनाल की कर्ण लेक के पास किसानों को रोकने के लिए प्रशासन ने किलेबंदी कर दी है। कंक्रीट के बड़े-बड़े पत्थर, कंटेनर बॉक्स, कीलों से लैस कंक्रीट के ब्रेकर और लोहे के पुलिस बैरिकेड्स लगाए हुए हैं। बड़ी-बड़ी हाइड्रा की मदद से कंटेनर और बड़े पत्थरों को लगाया जा रहा है। कर्ण लेक के पास बैरिकेडिंग के साथ-साथ सीमा सुरक्षा बल के जवान भी हाथों में हथियार लेकर तैनात हैं और पुलिस के जवान भी मैदान में डटे हुए हैं। आपको बता दें कि 2020 में किसान आंदोलन के दौरान किसानों ने कर्ण लेक पर पुलिस द्वारा किए गए सुरक्षा इंतजामों को ध्वस्त कर दिया था और वे दिल्ली कूच कर गए थे, लेकिन इस बार पुलिस ने इस तरह से सुरक्षा इंतजाम किए हुए हैं कि इन्हें भेद पाना मुश्किल होगा। किसानों के आंदोलन के ऐलान की वजह से आम आदमी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे पर चलने वाले वाहनों के लिए रास्ते बंद हो चुके हैं और रूट को प्रशासन ने डायवर्ट किया है। रूट डायवर्ट होने से वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं एसपी शशांक कुमार सावन का कहना है कि आम नागरिकों और वाहन चालकों की सुविधा के लिए करनाल पुलिस द्वारा रूट डायवर्ट किया गया है। एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से तीन टुकडियां मिली हैं, जिसमें दो अर्धसैनिक बल की टुकडियां हैं और एक टुकड़ी आइआरबी की है। इसके साथ ही चार कंपनियां लॉ एंड ऑर्डर की हैं। कुल सात कंपनियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि किसान नेताओं से भी हमारी बातचीत चल रही है और किसी भी किसान नेता ने अभी तक दिल्ली कूच को सपोर्ट नहीं किया है। सभी लोगों से अपील है कि शांति व्यवस्था बनाए रखें। ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है, उसी के हिसाब से चलें और कोई भी बेवजह ट्रैवल न करें।

**बैरिकेड्स**

8 कंकरीट के बड़े-बड़े पत्थर, कंटेनर बॉक्स, कीलों से लैस कंक्रीट के ब्रेकर और लोहे के पुलिस बैरिकेड्स लगाए गए

### देशराज गुप्ता को फिर मिली प्रधान पद की जिम्मेवारी




टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। श्री सेवक सभा जोडीया कुआं की आम सभा की मीटिंग जुंडला गेट स्थित शिवपुरी के प्रार्थना भवन में आयोजित हुई। मीटिंग की अध्यक्षता सभा के प्रधान देशराज गुप्ता ने की। इस मीटिंग सभा के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। मीटिंग में महासचिव विनोद गुप्ता द्वारा सभा में हुए विकास कार्यो का विस्तार से वर्णन किया गया। कोषाध्यक्ष जोगिन्द्र गुप्ता ने अब तक का लेखा-जोखा पेश किया, जिसे करतल ध्वनि के साथ पारित किया गया। प्रधान देशराज गुप्ता ने मीटिंग में उपस्थित सभा के सभी सदस्यों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि सभा में जो भी कार्य हुए हैं, जिसमें संस्था के सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा है। उन्होंने अपना त्याग पत्र सौंपते हुए सभा के सभी सदस्यों से नई कार्यकारिणी गठित करने का आग्रह किया, लेकिन सभा द्वारा देशराज गुप्ता की कार्यशैली को देखते हुए उन्हें पुनः प्रधान चुन लिया गया। देशराज गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से सभा ने पुनः उन पर विश्वास जताया है। वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का पालन करेंगे।

# बच्चे हमारे देश की नींव : प्रियंका काठपाल



टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा ने डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में युवा संस्कार शिविर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हरियाणा उत्तर के प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुधीर कुमार विभाग संघ चालक कुरुक्षेत्र विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत की दीप प्रज्वलन व हवन यज्ञ के पश्चात वंदे मातरम गीत के साथ हुई। अध्यक्ष प्रियंका काठपाल, प्रांतीय संयोजक गौरव खुराना व संगठन सचिव उमेश तनेजा ने मुख्य वक्ता व कार्यक्रम अध्यक्ष को अंग वस्त्र व श्रीफल देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। स्कूल की प्राचार्या एवं महिला संयोजिका अनीता सिंह ने मुख्य वक्ता को अंग वस्त्र ओढाकर उनका स्वागत किया। प्रियंका काठपाल, गौरव खुराना, सुमिता अरोड़ा, सुधीर कुमार एवं धीरज भाटिया ने अपने वक्तव्य रखे। प्रियंका काठपाल ने कहा कि बच्चे हमारे देश की नींव हैं। गौरव खुराना ने बच्चों को अपने जन्म दिवस पर हवन यज्ञ करने को कहा। मुख्य वक्ता सुधीर कुमार ने महान गुरुओं व संतों की जीवन घटनाओं का वर्णन कर उन्हें अपने जीवन में उतारने के का संदेश दिया।

# चंदन स्कूल में धूमधाम से मनाया विदाई समारोह




टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह)

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल दुर्गा कॉलोनी समालखा में कक्षा दसवीं का विदाई समारोह मनाया गया। स्कूल प्रबन्धक नरेश गाहल्याण, अनिल कुमार, स्कूल चेयरपर्सन कविता गाहल्याण तथा स्कूल प्रधानाचार्या नीलम कादियान ने आज विद्यालय के प्रांगण में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई देने के लिए विदाई समारोह का आयोजन कराया। कक्षा नवमी के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी। नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर सहपाठियों के लिए सुंदर-सुंदर नृत्य तथा कविता और भाषणों की प्रस्तुति दें इसके साथ ही दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय और अपने शिक्षकों का धन्यवाद करने के लिए धन्यवाद कविता तथा भाषण की प्रस्तुति दी। कक्षा दसवीं की वंदना और भव्या को पूरा वर्ष एक भी छुट्टी न करने के लिए पूरी उपस्थिति का पुरस्कार दिया गया मिस्टर और मिस फेयरवेल के लिए श्रेय और सिया का नाम घोषित किया गया। वंश और महक मिस्टर और मिस पर्सनालिटी बनी। इसी तरह दसवीं कक्षा की विभिन्न बच्चों को विभिन्न नाम से संबोधित किया गया।

# सफाई करते समय पांच लोग हुए बेहोश, बेड से निकली थी डिब्बी, खोलते ही हुए हादसा

### घर की सफाई के दौरान कोई डिब्बी खोलने से हादसा हुआ



टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।

जिले के भादसो गांव स्थित महात्मा गांधी कॉलोनी के एक मकान में 3 महिलाओं सहित पांच लोग संदिग्ध हालातों में बेहोश हो गए। बताया जा रहा है कि घर की सफाई के दौरान कोई डिब्बी खोलने से हादसा हुआ। अनुमान है कि इसी डिब्बी में कोई ऐसा पदार्थ था, जिसने एक साथ इतने लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था में सभी को पहले भादसो चौक स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन वहां कोई डॉक्टर नहीं मिला तो उमरी के प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए। वहां पर डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। इसके बाद वे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। हादसे की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और डिब्बी से सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। जांच रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर डिब्बी में क्या था? हंसराज के घर में बंद कमरे की साफ सफाई का काम चल रहा था। उस वक्त धर्मबीर पुत्र मनु, राज कुमारी पुत्री हंसराज, बीता देवा पत्नी साहब दास, अंजली देवी पत्नी बंटी, राजो पत्नी सुरेश मौके पर थी, इसके अलावा 4-5 अन्य लोग भी मौके पर ही थे। शिकायतकर्ता संदीप ने बताया कि धर्मबीर ने हंसराज का कमरा खोला और बेड की सफाई करनी चाही। बेड खोलते ही उसके अंदर से एक डिब्बी मिली। जिसे खोला तो एक अजीब सी महक निकली और कमरे में मौजूद लोगों की हालत खराब हो गई। सभी बाहर की तरफ भागे, लेकिन राज कुमारी, बीता देवी, अंजली देवी पत्नी बंटी, राजो देवी बेहोश हो गई। संदीप ने बताया कि अचानक से महिला व पुरुषों की हालत खराब हो चुकी थी। घर में अफरा-तफरी मच गई थी। वह बाहर से आया तो महिलाओं को बेसुध पड़ा देख शोर मचाया और आस पड़ोस के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। बेसुध लोगों को छोटे हाथी में बैठाया। महिलाएं बार-बार उल्टी कर रही थी। सरकारी अस्पताल में पहुंचे तो डॉक्टर नहीं मिला। उसने बताया कि प्राइवेट अस्पताल वालों ने मरीजों का इलाज करने से ही मना कर दिया। करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। देर रात तक वे अस्पताल में थे, तभी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी और पुलिस ने बयान दर्ज किए। पुलिस ने वह डिब्बी भी अपने कब्जे में ली है, जिसकी वजह से हादसा हुआ। ऐसे में उस डिब्बी में क्या था, उसकी जांच चल रही है।

# पुष्पवर्षा कर किया प्रभातफेरी का स्वागत



टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। शिव प्रभातफेरी की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर निकाली जा रही प्रभातफेरी सोमवार सुबह सेक्टर 12 पार्ट 2 में शिव भक्त रमेश कुमार के निवास स्थान से प्रारम्भ हुई। भोलेनाथ की पालकी शहर की मुख्य गलियों से होते हुए गुजरी, जहां रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालु पालकी का इंतजार करते दिखाई दिए। श्रद्धालुओं ने पालकी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और अपने परिवार सहित माथा टेका। प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के भजनों का गुणगान किया। भजन गायकों ने जब भोलेनाथ के भजन गाए तो श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। मंच के प्रधान सतपाल मनोचा बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रभातफेरी निकाली जाती है। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर कई श्रद्धालु हरिद्वार से पैदल गंगाजल लाकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक करते हैं। 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुनीता कथूरिया, सुशील मदान, राकेश चावला, सुनयना मदान, शोभा, कर्ण, पारूल, मलखान सिंह, अनिल छाबड़ा, प्रमोद नागपाल, अंजली भुटानी, शोभा व वीना सेठ सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संपादकीय

# लोकतंत्र की आत्मा को आहत करती धार्मिक कट्टरता

**भारत** विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है' स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है' देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं' देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है।

# पड़ोस का जनादेश और हमारा जनादेश

**राकेश अचल**

> "पाकिस्तान के चुनाव में सेना सीधा हस्तक्षेप करती है, संयोग से अभी भारत में ऐसा नहीं है। यहां चुनाव में सेना के बजाय संघ का हस्तक्षेप होने लगा है। सेना से निवृत अध्यक्षों को संघदक्ष पार्टी अपने यहां मंत्री बना लेती है। इसका लाभ ये होता है कि सेना में संघमित्र सरकार के प्रति सद्भावना बनी रहती है। जरूरत पड़ने पर हमारी बहादुर सेना सरकार के लिए ' सर्जिकल स्ट्राइक ' तक करती है। लेकिन इसे चूंकि हम देशहित में मानते हैं इसलिए किसी को इस पर टिप्पणी करने को बुरा माना जाता है। अब बुरा तो बुरा होता है। खैर। भारत में लोकसभा का सत्रावसान हो चुका है। बसंत का आगमन हो रहा है"

**भारत** के सहोदर बांग्लादेश के बाद पाकिस्तान में भी आम चुनाव हो गए है। इन दोनों देशों में भी लोकतंत्र है इसलिए जनादेश हासिल करने का नाटक किया जाता है, लेकिन यहां भी लोकतंत्र के नाम पर जैसा 'खेला' होता है। ये खेला भारत में होने वाले 'खेला' से तनिक भिन्न है। हमारे यहां ये खेला होना अभी बाकी है। भारत में लोकतंत्र के नाम पर जनादेश जब आएगा, तब आएगा किन्तु हमारे भावी प्रधानमंत्री ने तो जनादेश से पहले आपने आपको खुद चुन लिया है।

पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई तमाम धांधली के बावजूद बहुमत में आ गयी है, लेकिन पाकिस्तान की सेना समर्थित व्यवस्था इमरान खान की पार्टी को सरकार बनाने का मौका देगा या नहीं कहना कठिन है। पाकिस्तान का लोकतंत्र ' जनादेश ' का सिर झुककर सम्मान नहीं करता, बल्कि जनादेश को अपने हिसाब से परिभाषित करता है। पाकिस्तान से पहले बांग्लादेश में भी आम चुनाव हुए हैं। वहां भी विपक्ष ने चुनाव में भाग नहीं लिया लेकिन, बांग्लादेश में एक 'छद्म जनादेश' वाली सरकार बन गयी। भारत में भी कमोवेश इसी तरह की सरकार बनाने के प्रयास कहें या इंतजाम किये जा रहे हैं। पकिस्तान में शरीफ की सरकार बने या बदमाश की, इससे हमें बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला, क्योंकि पाकिस्तान हमारा स्थाई पड़ौसी होने के साथ ही स्थाई शत्रु भी है। हमें फर्क बांग्लादेश में बनी छद्म बहुमत की सरकार से भी ज्यादा नहीं पड़ा, क्योंकि वो भी भारत की मित्र सरकार नहीं है। हमें फर्क पडेगा अपनी नई सरकार से जो अप्रेल में शायद बन जाएगी। पाकिस्तान में और भारत में आजकल एक ही समानता है कि दोनों देशों में लोकतंत्र खतरे में है। पकिस्तान का लोकतंत्र खतरों से खेलने का आदी हो चुका है और भारत का लोकतंत्र खतरनाक दौर से गुजर रहा है। लोकतंत्र अब प्रतिक्रियावादी शक्तियों की आँख के लिए किरकिरी बन चुका है।

पकिस्तान की न्याय व्यवस्था ने वहां के प्रधानमंत्री रहे इमरान खान को जेल के सीखचों के पीछे भेज दिया, गनीमत ये है कि हमारे यहां अभी तक कोई पूर्व या वर्तमान प्रधानमंत्री अभी तक भ्ष्टार्चार या अन्य किसी अपराध के लिए जेल नहीं गया। हमारे यहां अभी नेताओं को जेल भेजने का अभ्यास किया जा रहा है। पूर्व



केंद्रीय मंत्री लालू यादव जेल जा चुके है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और झारखण्ड के मुख्यमंत्री रह चुके हेमंत सोरेन जेल में हैं। अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने की तैयारी है। तैयारी तो राहुल गांधी और उनकी माँ को भी जेल भेजने की है किन्तु अदालत ने इन दोनों को जमानत दे रखी है। पाकिस्तान चुनाव में धांधली के आरोपों के बीच इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने बड़ा दावा किया है। पार्टी चीफ गोहर खान का कहना है कि उनकी पार्टी को बहुमत मिला है और इसलिए राष्ट्रपति उन्हें सरकार बनाने का न्यौता देंगे। दावे के मुताबिक, सभी निर्दलीय उम्मीदवार पार्टी के प्रति वफादार हैं और वे अपनी स्वतंत्र सरकार बनाएंगे। इमरान खान भले ही शत्रु देश के नेता हैं किन्तु एक खिलाड़ी के तौर पर वे मेरे हमेशा प्रिय रहे हैं, इसलिए मै कामना करता हूँ कि उनकी पार्टी सत्ता में आये ताकि इमरान खान जेल से बाहर आ सकें। आपको याद होगा कि इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के चुनाव लड़ने पर रोक थी। इमरान खान खुद जेल में हैं और वह चुनाव नहीं लड़ सकते थे। घोटाले से संबंधित मामलों में दोषी पाए जाने के बाद इमरान ने अपनी पार्टी की अध्यक्षता छोड़ दी थी और गोहर खान को पार्टी की अध्यक्षता सौंपी गई। इमरान के समर्थक नेताओं ने स्वतंत्र चुनाव लड़ने का फैसला किया था। चुनाव आयोग द्वारा घोषित नतीजे के मुताबिक, पीटीआई समर्थित 102 उम्मीदवारों ने चुनाव में जीत हासिल की है।

पाकिस्तान के चुनाव में सेना सीधा हस्तक्षेप करती है, संयोग से अभी भारत में ऐसा नहीं है। यहां चुनाव में सेना के बजाय संघ का हस्तक्षेप होने लगा है। सेना से निवृत अध्यक्षों को संघदक्ष पार्टी अपने यहां मंत्री बना लेती है। इसका लाभ ये होता है कि सेना में संघमित्र सरकार के प्रति सद्भावना बनी रहती है। जरूरत पड़ने पर हमारी बहादुर सेना सरकार के लिए ' सर्जिकल स्ट्राइक ' तक करती है। लेकिन इसे चूंकि हम देशहित में मानते हैं इसलिए किसी को इस पर टिप्पणी करने को बुरा माना जाता है। अब बुरा तो बुरा होता है। खैर।

भारत में लोकसभा का सत्रावसान हो चुका है। बसंत का आगमन हो रहा है। लोकतंत्र भी बसंत के एक पुष्प की तरह है। भारत के लोकतंत्र का पुष्प अभी तक तो बहुरंगी और चटख था, किन्तु अब कोशिश की जा रही है कि भारत में इस बसंत के अंत में लोकतंत्र का जो पुष्प खिले वो बहुरंगी न होकर भगवा रंग का हो। लोकतंत्र के पुष्प का रंग बदलने के लिए लोकतंत्र की जड़ों में सामान्य खाद-पानी के साथ 'भारतरत्न' ब्रांड खाद भी डाली जा रही है। ये खाद प्रभावी भी हैं। इसके इस्तेमाल से कमल के साथ दूसरे तरह के अंकुर भी फूटते दिखाई दे रहे हैं। यानि हमारी निवर्तमान सरकार जिस तरह का प्रयोग करना चाहती है उसमें कामयाबी सम्भव है। अपने आधी सदी के पत्रकारिता के अनुभव के आधार पर मुझे ये कहने में कोई संकोच नहीं है कि भारत पहली बार एक नए वातावरण में आम चुनाव में जा रहा है। इस आम चुनाव में विपक्ष हो या न हो इसे कोई फर्क नहीं पड़ता। जनादेश मिले या न मिले इससे भी शायद कोई फर्क न पड़े क्योंकि हमारे कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने तो अपने आपको अगला प्रधानमंत्री घोषित कर दिया है। इससे जाहिर है कि सत्तारूढ़ भाजपा में लोकतंत्र को पहले ही चादर उढ़ाकर सुला दिया गया है। आने वाले सांसदों को अपने दल का नेता चुनने का अवसर मिलने वाला ही नहीं है। उन्हें तो बस हाथ उठाना है। मेजें थपथपाना है। कालातीत हो रही संसद में भी सत्तारूढ़ दल के सांसदों ने पूरे पांच साल मजे थपथपाई हैं या फिर 'मोदी-मोदी' अथवा 'जयश्रीराम' के नारे लगाए हैं।

एक तरह से ये जो भी हुआ वो अच्छा ही हुआ। अब जनता के सामने ये विकल्प है कि वो नयी संसद में कैसे सांसद चुनकर भेजे ? मेजें थपथपाने वाले, नारे लगाने वाले, गालियां देने वाले या फिर सचमुच जनता के मुद्दों को उठाने वाले, उनको लेकर बहस करने वाले सांसद। जनता को सुविधा है कि वो अपनी पसंद की पार्टी के सांसदों को चुने, वो तय कर सकती है कि उसे रत्न के टुकड़ों पर लट्टू होने वाले सांसद चाहिए या नहीं ? हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 11 फरवरी से मध्यप्रदेश से अपनी पार्टी के चुनाव अभियान का श्रीगणेश करने जा रहे है। कांग्रेस के राहुल गांधी तो पहले से सड़कों पर हैं। देश में सरकार का इशारा मिलते ही केंद्रीय चुनाव आयोग भी अपना चुनावी कार्यक्रम घोषित कर देगा।

भारत की जनता को चुनावों का लम्बा अनुभव है। देश में अब तक सत्रह बार आम चुनाव हो चुके हैं, अठारहवीं बार आम चुनाव होने जा रहे हैं। लेकिन देश ने 18 के बजाय 19 प्रधानमंत्री देखे है। कुछ प्रधानमंत्री जनता ने नहीं संयोगों ने चुने। इनमें हाल ही में भारतरत्न प्राप्त चौधरी चरण सिंह, इंद्रकुमार गुजराल, चंद्रशेखर, एचडी देवगौड़ा जैसे खुशनसीब लोग भी शामिल है। कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने संसद का सामना ही नहीं किया, कुछ अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा देकर निकल गए, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने बार-बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। बहरहाल बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत में होने वाले आम चुनावों पर दुनिया की नजर लगी है। भाजपा पहली बार अपनी उपलब्धियों का काला टीका लगाकर चुनाव मैदान में उत्तर रही है। कांग्रेस बिखरे और आतंकित, भ्रमित विपक्ष के साथ चुनाव मैदान में है मुमकिन है कि चुनावों कि तारीखें घोषित होने तक कांग्रेस एकल चुनाव मैदान में खड़ी नजर आये।

## कविता

### क्या कत्ल में मेरे वो भी था शामिल

क्या कत्ल में मेरे था वो भी शामिल,
कभी खँजर बदले तो कभी कातिल ।

शामिल था मै किश्तों में तेरी जिंदगी में,
कभी मुझे खारिज किया कभी शामिल।

बड़े दिनों बाद रौशनी लौटी है शहर में,
आज पकड़ा गया है यारों मेरा कातिल।

लहरे थक गई है,सागर में मचलते हुए,
तलाशती है वो भी कहीं कोई शाहिल।

मेरे कत्ल का इल्जाम न लगाना उस पर,
वो तो सिर्फ बेवफाई के जुर्म में है शामिल।

कत्ल की आरजू भी,इल्तजा भी मेरी ही थी,
बेहद मासूम है,भला कैसे होगा वो कातिल।

संजीव ठाकुर

# वृद्धजनों का आशीर्वाद हृदय से मिलता है

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

भारतीय शास्त्रों कतेबों एवं और संस्कृतियों में मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव की शिक्षा दी जाती है।हमारे घर में भी यही सीख दी जाती थी।माता-पिता और गुरु तथा बड़ों का सम्मान करना हमारी ग्रामीणसंस्कृति में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। परंतु बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें वर्तमान परिपेक्ष में अटूट सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है कि, समय का चक्र चलते बदलते रहता है जहां शास्त्रों वेदों कतेबों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है। परंतु वर्तमान बदलते परिपेक्ष में बढ़ते आध्यात्मिक ट्रेंड में हमारे मान्यवर श्रद्धेय बाबाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी भी आई है, वही मीडिया में आई जानकारी में हम जानते हैं कि कई पर लंबी कार्यवाही भी हुई है खैर हमारा आज का विषयवस्तु यह नहीं है बल्कि हम चर्चा करेंगे कि आज की औलाद अपने माता पिता से अधिक महत्व अपने श्रद्धेय बाबा, गुरु, आचार्य को दे रहे हैं, अपने घर से अधिक आध्यात्मिक स्थल पर सेवा को अधिक महत्व दे रहे हैं, अपने घर परिवार माता-पिता को तरसाकार अपने आध्यात्मिकता पर अधिक व्यय कर रहे हैं और बड़े रौब से कहते हैं, मैं फलाने आध्यात्मिक स्थल का सेवादार, भगवान ईश्वर अल्लाह का भगत हूं बंदा हूं। परंतु मेरा मानना है, ये कैसी आध्यात्मिक सेवा है? जो माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाणचलाकर अपने आचार्य के सामने, अपने आध्यात्मिक स्थल पर तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मेरा मानना है या तो पाप से भी बड़ा पाप है। इसलिए आज जरूरत है,हमारे श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ पर, बल देना समय की मांग है।चूंकि माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन पर कहा कि माता-पिता का ख्याल रखें,शिक्षकों का सम्मान करें और बढ़ते वृद्धआश्रमों पर दुख व्यक्त किया है, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वृद्धजनों का आशीर्वाद हृदय से मिलता है।वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या और तीर्थस्थानों में उम्रदराज भिखारियों की संख्या समाज के लिए लज्जाप्रद।

साथियों बात अगर हम माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में माता-पिता का ख्याल रखनें, सेवा करने व शिक्षकों का सम्मान करने की करें तो उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे हमेशा अपने शिक्षकों, अपने राष्ट्र का सम्मान करें और अपने माता-पिता का ख्याल रखें। वृद्धाश्रमों की वृद्धि पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि हमारे देश में वृद्धाश्रमों की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हमारे समाज में पारिवारिक बंधनों और रिश्तों को महत्व दिया जाता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे हमेशा अपने माता-पिता और बड़ों का ख्याल रखें, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हो, उनका निवास स्थान कुछ भी हो, चाहे उन्होंने जीवन में कितना भी नाम, प्रसिद्धि और धन कमाया हो।उन्होंने आगे कहा कि भगवान की सच्ची भक्ति माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा में ही है।

## विचार

# कतर से भारतीय नौ सैनिक रिहा, सफल कूटनीति

**आर.के. सिन्हा**

**कतर** की जेल में बंद भारतीय नौसेनिकों को 18 महीने बाद जेल से रिहाई की सोमवार को जैसे ही खबर आई तो सारा देश ही झूम उठा। कुछ समय पहले इन अधिकारियों की मौत की सजा को अलग-अलग अवधि की जेल की सजा में बदल दिया गया था। तब देश को कम से कम यह संतोष तो था कि चलो हमारे नागरिकों की जान तो बच गई, पर देश यह भी प्रार्थना कर रहा था कि कतर की जेल में बंद भारतीय नागरिक रिहा होकर सकुशल देश वापस आ जाएं। बेशक, इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी सफलता ही माना जाएगा कि कतर से फांसी की सजा घोषित हुए नागरिकों की आज रिहाई हो गई। वे सभी सकुशल और ससम्मान जनक तरीके से भारत की धरती पर वापस लौट आए। इस तरह से भारत की कुशल विदेश नीति को सारे संसार ने देखा और दांतों तले उंगलियाँ दबाकर आश्चर्य से देखते ही रह गये । अमूमन अरब देशों के शेख सामान्य तौर पर जासूसी के आरोप में सजा प्राप्त लोगों की सजा माफ नहीं करता केन्द्र में मोदी सरकार के 2014 में गठन के बाद से भारत के अरब देशों के साथ संबंध लगातार सुधर रहे हैं। उसी के सार्थक परिणाम को भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और घर वापसी के रूप में देखा जाना चाहिए। अब कुछ ही दिनों के बाद अबू धाबी में सनातन संस्कृति का भव्य मंदिर भी दुनिया देखेगी। 'अगर मोदी जी नहीं होते तो हम हिंदुस्तान की सरजमीं पर आज नहीं खड़े हो पाते'। अपनी रिहाई से खुश एक नौसैनिक ने भारत आने पर भारत मां की जय बोलते हुए कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी ने खुद हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आज हमारी रिहाई संभव नहीं थी। यह बड़ी उपलब्धि भारत के शक्तिशाली नेतृत्व का प्रभाव प्रमाण है। यह कूटनीतिक जीत 140 करोड़ देशवासियों की जीत है।आज प्रधानमंत्री मोदी की सफल विदेश नीति का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। देश किस तेजी से बदल रहा है, यह जानने को लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व छात्र नेता शेहला रशीद के उस बयान को देखना होगा। वो एक दौर में देश विरोधी शक्तियों के साथ जुड़ी हुई थीं। उन्होंने भी नौ सैनिकों की रिहाई के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लमौत की सजा से घर वापसी तकः यह भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत है और इस तथ्य का प्रमाण है कि हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सक्षम हाथों में है। प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने फिर असंभव को संभव कर दिखाया है। शांत रहें और विश्वास रखें. कतर से लौटे पूर्व नौसैनिकों के परिवार को बधाई।ह्व तो आप समझ गए होंगे कि किस तरह से देश बदल रहा है। दरअसल, कतर के दोहा के अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करने वाले भारतीय नौसेना के इन पूर्व जवानों को पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने राहत दी थी। अदालत ने तब अक्टूबर 2023 में इन्हें दी मौत की सजा को कम करते हुए 3 साल से लेकर 25 साल तक की अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी।

कतर की जेल में बंद भारतीयों की रिहाई से साफ है कि अब जहां पर भी भारतवंशी या भारतीय संकट में होते हैं तो भारत सरकार हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठती। रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल स्टुडेंट यूक्रेन में फंस गए थे। उन्हें भारत सरकार सुरक्षित स्वेदश लेकर आई। भारत के हजारों विद्यार्थी यूक्रेन में थे। वे वहां पर मेडिकल,डेंटल, नर्सिंग और दूसरे पेशेवर कोर्स कर रहे थे।

ये रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए वहां से निकल कर स्वदेश आना चाहते थे। पहले तो किसी को समझ ही नहीं आ रहा था कि इतनी अधिक संख्या में यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे शहरों में पढ़ रहे भारतीय नौजवानों को स्वदेश कैसा लाया जाएगा। पर इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है। पिछले साल अफ्रीकी देश सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे भीषण गृहयुद्ध के चलते वहां हालात बद से बदतर हो गए थे। ऐसे में वहां फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने को लेकर सारा देश चिंतित था।



# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# 'इजहार-ए-इश्क' में बाँकेलाल की लाइव बेलन पिटाई

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**बसंत के** मौसम में बांकेलाल के चेहरे की रौनक बौराई अमराई और गदराई सरसों की तरह दिख रहीं थी। आमतौर पर उनके चेहरे की रौनक बुझी सी दिखती थी। 'वेलेंटाइन दिवस' पर मसाज पार्लर से निकलते देख हमने उन्हें छेड़ ही दिया। क्या हाल हैं जनाब ! आजकल बदले-बदले से दिख रहे हैं। क्या इरादा है 'वेलेंटाइन' की बिजली किस पर गिरेगी ?...अरे ! आप तो पचपन में भी बचपन से लग रहे हैं।

बांकेलाल ने कहा हूँ, आप भी पूरे बुडबक हैं जी। अरे क्या गुनाह कर डाला हमने खबरीलालजी। वह बोल पड़े, अरे ! बसंत का मौसम है, आपको कुछ दीखता नहीं। आँख के अंधे हैं क्या सावन में भी हरियाली नहीं दिखती। मुझ पर तंज कसते हुए बोले, 'अन्हरा बांटे सिन्नी देख-देख'। दुनिया की खबर आप लेते हैं और बदले मौसम का हाल मुझसे पूछते हैं। बांकेलाल ने कहा देखिए, वैसे भी हमारे यहाँ चार ऋतुएं होती हैं। गर्मी, जाड़ा और बरसात, लेकिन उसमें भी कई उप ऋतुएं होती हैं। आपको महाकवि जायसी के बारे में पता ही होगा। उन्होंने 'चौमासा' को 'बारहमासा' बना दिया और प्रेम के महाकाव्य 'पद्ममावत' की रचना कर डाली। आपको शायद पता नहीं है खबरीलालजी, अपने मुलुक में अपनी जरुरत के अनुसार फिजाएं बनायी और बिगाड़ी जाती है यानी मन मुताबित 'बसंत' तैयार किया जाता है। अब देखिए रोज-डे, चाकलेट-डे, टैडी बियर-डे, प्रॉमिस-डे, हग-डे, किस-डे और वेलेंटाइन-डे जैसे अनगिनत 'डे' हैं जनाब। वैसे भी अपनी इच्छा के अनुसार मौसम बनाए और बिगाड़े जाते हैं। देश में लोकतंत्र है यहाँ सबको अपने-अपने इजहार की आजादी है। वैसे भी आजकल लोगों को आजादी से कुछ अधिक ही इश्क हो गया है। जब भी जी करता है आजादी... आजादी करने लगते हैं। खबरीलालजी, हमारे देश में अनेका नेक दिन और मौसम होते हैं। जैसे प्रदर्शन-डे, आंदोलन-डे ,चुनावी-डे, एग्जाम-डे, बड्डु-डे, एनवरसरी-डे, अनशन-डे, मैरिज-डे आदि। अब हम आपको जीवी और जीविता का उदाहरण समझाते हैं। हमारे आसपास बुद्धजीवी के साथ-साथ काफी संख्या में 'कांदा' और 'बटाटाजीवी' भी हैं। हमारी युवा पीढ़ी 'डाटाजीवी' हो गई है।

# वेलेंटाइन डे मन गया बेलन धायं-धायं डे'

**सूर्यदीप कुशवाहा**

**घोर कलयुग में** वेलेंटाइन डे मनाया जाता है। यह प्रेम को दिखाने का दिन है। वैसे शादीशुदा लोगों के लिए रिस्क डे है। अतः विवाहित लोग दूर रहें। हालांकि वैलेंटाइन डे से पहले भी कई स्पेशल डेज होते हैं जिन्हें लोग सेलिब्रेट करते हैं।इसे वैलेंटाइन वीक कहते हैं। एक हफ्ते प्यार का खुमार सिर चढ़कर बोलता है। इस वीक को जेब लुटावन अंदाज में प्रेमिकाएं सेलिब्रेट करना पसंद करती हैं। वैलेंटाइन वीक महायज्ञ सात फरवरी से 14 फरवरी तक निर्बाध गति से चलता है। जब तक ताड़कासुर विघ्न न डालें। पहले दिन रोज डे होता है इसके बाद प्रपोज डे, चॉकलेट डे, टेडी डे, प्रॉमिस डे, हग डे, किस डे और आखिरी दिन वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। हफ्ते भर से जेब का मीटर तेजी से चलता है। भारतीयों के लिए बस फास्ट डे होता है। पिछले साल इसी डे की खुमारी में अचानक मेरे लंगोटिया यार प्रसिद्ध लेखक पनौतीलाल जी की धरम पत्नी ने वेलेंटाइन डे से सात दिन पहले ,अपने पति को प्रेम-मोड में लाने के लिए कहा- डियर मैनें सपने में देखा कि आप मुझे गले लगाएं हैं और मेरे गले में सोने का हार पहना रहे हैं। भोर का देखा सपना सच होता है। क्या सच्ची-मुच्ची मतलब हो सकता है?

पनौतीलाल जी ने कहा कि उसी दिन बताउंगा डिअर वाइफ जी। इस बात से उनकी धरम पत्नी जी मन ही मन खुश थीं। किसी प्रकार हफ्ता गुजारा। वह शुभ दिन भी आ धमका। जिसको दुनिया वेलेंटाइन डे के नाम से मनाती है। उनकी वाइफ जी सुबह ही नहा धोकर और मेकअप किया । बढ़िया नाश्ता बनाया और पतिदेव को प्रेम से कराया। वह ऑफिस निकल लिए। जब शाम को लौटे तो एक बड़ा ही खूबसूरत रैप किया हुआ बॉक्स हाथ में लटकाए हुए आए। उनकी वाइफ जी ने प्रेम की भावना को ध्यान में रख कर लैला-सा एक्टिंग किया। उन्होंने गिफ्ट उनके हाथ में मुस्कुराते हुए पकड़ा दिया। जब बॉक्स खोलीं तो वह किताब निकली जिसका शीर्षक था- अजब - गजब सपने की पड़ताल। इसके बाद उन्होंने कहा प्राणप्रिये तुम्हारे सपनों के समाधान के लिए प्रसिद्ध बाबा बंगाली एक हजार आठ शंकालु महाराज जी की किताब लाया हूँ। अब से जो भी सपने देखो उसकी पड़ताल इस मूल्यवान पुस्तक से कर लेना। तुमको मुझसे पूछने की जहमत नहीं उठानी पड़ेगी।

## न्यूज़ फ्लैश

### विधवा प्रकोष्ठ की त्रैमासिक बैठक का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत सैशन जज चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में सोमवार को विधवा प्रकोष्ठ की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, विजय कुमार, उप अधीक्षक पुलिस करनाल तथा डॉ सरोज, डिप्टी चीफ मेडिकल ऑफिसर, स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय प्रभारी भी मौजूद रहे। सीजेएम ने बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकवार सर्वेक्षण करने का संकल्प लिया गया कि विधवाओं के लिए लाभकारी योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंचे और विधवाओं को इनके लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आज की स्थिति में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला करनाल में विधवाओं को पेंशन का वितरण किया जा रहा है। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (विधवाओं को कानूनी सेवाएं) योजना, 2020 के मद्देनजर यह संकल्प लिया गया कि जिला समाज कल्याण विभाग 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की विधवाओं सहित सभी व्यक्तियों की पहचान करेगा जो गरीबी रेखा से नीचे रहते हैंए पात्र हैं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए आवेदन करें। यह भी संकल्प लिया गया कि समाज कल्याण विभाग विधवाओं से संबंधित सभी मौजूदा केंद्रीय या राज्य योजनाओं, नीतियों, विनियमों, नीति निदेर्शों के सभी डेटाबेस प्रदान करेगा और उन्हें सूचना के प्रसार में उपयोग करने के लिए पैम्फलेट या पुस्तिकाओं के रूप में प्रकाशित किया जाएगा और विधवाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करना।
बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्र में विधवाओं के लिए उपलब्ध अस्पतालों, चिकित्सा केंद्रों और अन्य सुविधाओं का एक डेटाबेस भी बनाए रखेंगे।

### स्वास्थ्य संबंधी कैंप का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
जिला मानसिक स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हरियाणा युवा जागृति मंच, हरियाणा भारत सामाजिक संस्था की सहायता से सूरज नगर, मेरठ रोड विश्वकर्मा मंदिर में मानसिक स्वास्थ्य व नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य संबंधी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डॉक्टर मनन गुप्ता साइकैट्रिस्ट, जिला नागरिक अस्पताल द्वारा नशे के मरीजों को नशे से होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कैसे नशा आपके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आर्थिक जीवन को नुकसान पहुंचाता है।
इसके साथ ही उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण जैसे ज्यादातर समय गुस्से में रहना, बहुत ज्यादा अकेले रहना, व खुद से बातें करना, जिंदगी को बोझ समझना व मन में आत्महत्या के ख्याल बार–बार आना, हर समय दु:खी और उदास रहना, बिना वजह हंसना या फिर चिल्लाना तथा मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के उपाय जैसे की हमें शारीरिक के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए, हमें अपनी दैनिक दिनचर्या व जीवनशैली में सुधार करना चाहिए, मानसिक बीमारियों को बीमारी की तरह समझना तथा उनका उपचार लेना चाहिए, स्वास्थ्य परामर्श केंद्रों से सलाह लेनी चाहिए।

# धार्मिक कार्यों से जीवन में आती है आत्मिक संतुष्टि: देवेंद्र कादियान

### खिजरपुर अहीर माजरा स्थित बाड़े वाली कुटियों में दो कमरों की समाजसेवी कादियान ने रखी नींव

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**उपमंडल** के गांव खिजरपुर अहीर माजरा स्थित बाड़े वाली कुटिया में दो कमरों की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की और उन्होंने भूमि पूजन के साथ ही अपने हाथों से कमरों की नींव रखी। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर समाजसेवी कादियान का ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।
समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि धार्मिक कार्य जीवन में आत्मिक संतुष्टि प्रदान करते है। मनुष्य को अपने व्यस्त जीवन में से थोड़ा समय निकालकर नेक कार्यों में अवश्य लगाना चाहिए। अपनी कमाई का कुछ हिस्सा दान-पुण्य में



खर्च करना चाहिए। कादियान ने कहा कि वे देवा सोशल वेलफेयर के बैनर तले युवाओं को शिक्षा व खेल से जोड़ने के साथ ही समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद कर रहे है। शहर की तर्ज पर गांवों में स्वच्छता कायम रखने के लिए ई-ऑटो रिक्शा वितरित करने काम किया है। गरीब व जरूरतमंद लोगों को समय पर इलाज मिल सके। इसके लिए क्षेत्र में करीब 10 मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू की है। वे हर बार समाज सेवा के तहत विभिन्न जरूरतमंद लोगों की सेवा कर कुछ न कुछ नया करने का प्रयास करते है। वहीं, ग्रामीणों ने कहा कि देवेंद्र

**स्वागत**

8 कार्यक्रम में पहुंचने पर समाजसेवी कादियान का ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

कादियान व्यवसाय के साथ समाज सेवा के काम में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। वे मंदिर, धर्मशाला समेत अन्य सार्वजनिक कार्यों में भरपूर समय देकर लोगों की मदद करने के साथ गरीब तबका की भलाई के काम में भी अपनी हिस्सेदारी दे रहा है। इस अवसर पर ज्ञानानंद महाराज, शमशेर यादव, सरपंच पति नरेंद्र यादव, जगदीश, जयपाल, लहरी यादव, जयभगवान आदि मौजूद रहे।

## विज ने शास्त्री कालोनी रेजिडेंट डायरेक्टरी का किया विमोचन



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**राजपूत धरमशाला** पानीपत सेक्टर 6 में महाराणा प्रताप क्षत्रीय सभा की एक बैठक सभा के प्रधान नरेंद्र राणा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संयुक्त समाज के लोगों ने इकट्ठा होकर के फैसला लिया गया है कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह वी चंद्रशेखर और पूर्व उपराष्ट्रपति भैरव सिंह शेखावत और पूर्व उप प्रधानमंत्री गरीब व किसानों के मसीहा चौधरी देवीलाल को भी भारत रत्न दिया जाए। प्रधान नरेंद्र राणा ने कहा है कि इन चारों महान विभूतियों ने सदैव गरीब किसान और पिछड़ा वर्ग के लिए संघर्ष किया, और इस टपके को ऊपर उठने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। हमारी सरकार से मांग है कि इन लोगों को भी भारत रत्न दिया जाए क्योंकि असली हकदार भारत रत्न के यही लोग हैं वरिष्ठ उप प्रधान सतपाल राणा ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और चंद्रशेखर उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल और पूर्व उपराष्ट्रपति भैरव सिंह शेखावत ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव सामाजिक कार्य किया। गरीब व किसानों के इन्होंने सदैव संघर्ष किया हमारी सरकार से मांग है कि यह व्यक्ति भारत रत्न के असली हकदार हैं इनको मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। यह कार्य सर्व समाज के लिए हितकारी होगा।

### अग्निपथ योजना के तहत 13 से शुरू होगी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया: कर्नल

**सोनीपत:** अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए पोर्टल 13 फरवरी 2024 से 22 मार्च 2024 तक तक खुला रहेगा। निदेशक भर्ती, सेना भर्ती कार्यालय रोहतक कर्नल दीपक कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भर्ती वर्ष 2024-25 के लिए अग्नि वीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। चरण 1-ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा व चरण 2-भर्ती रैली। कर्नल दीपक कटारिया ने विभिन्न पदों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला सोनीपत, रोहतक, झज्जर व पानीपत के इच्छुक युवा महिलाएं और पुरुष उम्र साढे 17 से 21 वर्ष हो के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है।

## प्रिया मिस फेयरवेल व सोबान मिस्टर फेयरवेल चुने गए

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल** (जी-3) के ग्यारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें विदाई दी । विदाई समारोह में जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया । समारोह में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अलग-अलग खिताबों से नवाजा गया। इस दौरान सोबान को मिस्टर फेयरवेल व प्रिया को मिस फेयरवेल चुन लिया गया । साथ ही बिनवंत को मिस क्यूट, पुलकित को मिस्टर हैंडसम और मुस्कान को मिस ब्यूटीफुल के खिताब से नवाजा गया। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन,



सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया ।
इस मौके पर चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का स्वर्णिम काल होता है। जीवन के इस पड़ाव पर वह जो भी सीखता, समझता है व जिन नैतिक गुणों को अपनाता है वही उसके व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने बच्चों को अच्छे संस्कार एवं अच्छी शिक्षा देकर विदा करते हैं, ताकि बच्चे भविष्य में योग्य नागरिक बनकर देश व समाज का विकास कर सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी के लिए अपने स्कूल से विदा होने का क्षण अत्यंत भावुक होता है, लेकिन विद्यार्थी कभी भी अपने गुरु के मन से विदा नहीं होते। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण सुझाव एवं आशीर्वाद दिया।
संस्था के सीईओ संजय जैन ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी । उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी का अपने माता-पिता के प्रति यह पुनीत कर्तव्य बनता है कि वह सदैव उनका सम्मान करे। सभी माता-पिता यही चाहते हैं कि उनका पुत्र बड़ा होकर उनका मान-सम्मान बढ़ाए । प्राचार्या गीता चोपड़ा ने भी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 'कानून व्यवस्था को बिगड़ने नही दिया जाएगा'

**पानीपत, कमाल हुसैन**
किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर पानीपत पुलिस सतर्क है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के दिशा निर्देशानुसार किसी भी आपात स्थिति से निपटने और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों की चार कंपनियां बनाकर पुलिस लाइन में तैनात किया गया है। प्रत्येक कंपनी में 104 जवानों को तैनात किया गया है। तैनात जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। टीम प्रतिदिन मॉक ड्रिल कर अभ्यास कर रही हैं। प्रत्येक कंपनी पर पर्यवेक्षण अधिकारी को इंचार्ज नियुक्त किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर सिंह खर्ब व उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की देखरेख में सोमवार को वज्रा, वाटर कैनन, आंसू गैस की टीम व चारों कंपनियों के पुलिस कर्मियों ने दंगा निरोधक उपकरणों से लैस होकर ड्रिल करवाई गई। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मध्यनजर जिला पानीपत पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। पानीपत जिला से अभी तक ऐसी कोई सूचना नहीं है, जिसमें जिला का कोई संगठन इसमें भाग ले रहा हो। सभी थाना और चौकी इंचार्ज प्रभारी लगातार गावों में मौजिज लोगों के साथ समन्वय बनाकर पल पल की जानकारी हासिल कर रहें है। जिला पानीपत पुलिस का सूचना तंत्र एक्टिव मोड में है। जिले में किसी भी रूप में कानूनी व्यवस्था को बिगड़ने नही दिया जाएगा।

## चोरियों की वारदात पर अंकुश लगाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
बीती रात स्थानीय मिशन चौक पर चोरो द्वारा चार दुकानों के शटर तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने सामान और नकद राशि के अलावा सी०सी०टी०वी० कैमरों की डी०वी०आर० भी नहीं छोड़ी। पुलिस को कोई सबूत ना मिले, दुकानों के साथ लगते दयामुनी स्कूल के कैमरे भी घुमा दिए थे।
घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन मौके पर पंहुचे और शहर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने पूरी टीम के साथ पंहुचकर कार्रवाई शुरू कर दी।



पुलिस की टीम ने आसपास के सभी कैमरों की फुटेज भी चेक की और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ भी बुलाये। सुरेश हलवाई ने बताया कि चोरों ने दुकान और दो गोदामों का शटर उखाड़ दिया और गल्ले में रखी नगद राशि तथा सामान भी चोरी कर ले गए। इसके बाद चोरों ने साथ लगती किरयाने की दूकान को भी निशाना बनाया। दुकान मालिक अरुण गर्ग ने बताया कि चोर शटर तोड़कर चॉकलेट के डिब्बे उठा कर ले गए। राजीव जैन ने पुलिस अधिकारियों को चोरियों की वारदात पर अंकुश लगाने और दोषियों के साथ सख्ती से पेश आने के निर्देश दिए।

## धारा 144 लागू जिलाधीश दहिया ने जारी किए आदेश

**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिलाधीश वीरेन्द्र कुमार दहिया ने भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत तुरंत प्रभाव से जिला में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए है। ये आदेश पंजाब एवं हरियाणा के विभिन्न किसान संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर की गई घोषणाओं के तहत दिल्ली कूच को लेकर जारी किए गए हैं। जारी आदेशों के तहत पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, किसी भी प्रकार के इश्तेहार, पोस्टर लगाने, मीटिंग करने, पैदल या ट्रैक्टर ट्रालियों व अन्य वाहनों के साथ जुलूस निकालने, प्रदर्शन करने, मार्च पास्ट करने, लाठी, डंडा, हॉकी, भाला, कुल्हाड़ी, फरसा, जेली, रॉड, तलवार, ज्वलनशील पदार्थ व हथियार लेकर चलने, ट्रैक्टर या अन्य किसी भी वाहन पर डीजे या लाउडस्पीकर द्वारा भडकाऊ संगीत बजाने, प्रचार करने (ट्रैक्टर-ट्रालियों में ईंट, पत्थर के टुकड़े आदि लेकर चलने) पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है।

## विज्ञान के सरल प्रयोग को लेकर लगाई प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह)**
**हरियाणा** ज्ञान विज्ञान समिति पानीपत व शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राक्सेड़ा में विज्ञान के सरल प्रयोग, चमत्कारों का पर्दाफाश तथा पुस्तक प्रदर्शनी के माध्यम से गतिविधियां आयोजित की गई। स्कूल के प्राचार्य सतनारायण ने टीम का स्वागत करते हुए समिति के कार्यों की सराहना की ।कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। समिति के सह सचिव मदनपाल छौक्कर ने समिति द्वारा किए जाने वाले कामों को जैसे बाल विज्ञान कांग्रेस, नाटक, बाल साहित्य के



पठान-पाठन व पुस्तकालय की स्थापना से संबंधित कामों का परिचय देते हुए कहा कि विज्ञान हमें तर्क और तथ्यों पर सोचने के लिए प्रेरित करता है। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने का काम समिति के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। स्त्रोत व्यक्ति मोमीन, वीर सिंह ने वायुदाब के नियमों पर आधारित प्रयोगो को विद्यार्थियों के द्वारा करवाया गया। पानी से भरे गिलास को उल्टा करके छलनी से पानी न गिरना, चावल से भरा लोटा चाकू से उठाना , सिक्के गायब करना आदि गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान के कार्नर को रूचिकर बनाया गया।

### मोदी-मनोहर ने देश व प्रदेश में सुशासन का राज कायम किया: सैनी

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की नीतियों को स्वीकार करते हुए पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं का पूरा मान–सम्मान किया जायेगा। सरकार द्वारा देश व प्रदेश में शासन प्रणाली को बेहतर बनाया गया है। उन्होंने प्रदेश के खिलाड़ियों को देश के हीरे की संज्ञा देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बेहतर खेल नीति के परिणाम स्वरूप खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे है। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के परिणाम स्वरूप लोगों में नया जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार की नीति के परिणाम स्वरूप आज प्रदेश में टेल तक किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो रहा है।

## ऋषि दयानंद सरस्वती के 200वी जयंती पर किया हवन-यज्ञ

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य बाल भारती** पब्लिक स्कूल जीटी रोड पानीपत में ऋषि दयानंद सरस्वती के 200वी जयंती के उपलक्ष में 21 कुंडीय हवन यज्ञ किया गया। विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य के दिशा निर्देशन से यह कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल सत्यवान आर्य ने बताया कि आज महर्षि देव दयानंद की 200 वी जयंती के उपलक्ष में वह 12वीं कक्षा का विदाई समारोह भी रखा गया, सभी बच्चों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद उनके उज्जवल भविष्य की कामना महर्षि देव दयानंद की 200 वी जयंती पर हवन यज्ञ के माध्यम से दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य ने की इस अवसर पर सभी अध्यापकों ने बच्चों



को हवन यज्ञ के माध्यम से आशीर्वाद दिया मेहताब मलिक ने सभी बच्चों को प्रबंध समिति की ओर से आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सब ने ऋषि मुनियों और साधु संतों के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए हवन यज्ञ किया वह ऋषि देव दयानंद की 200 वी जयंती मनाई आप सब ने पुण्य का कार्य किया है आप सब बधाई के पात्र हैं और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं इस अवसर पर सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद शुभ संदेश दिया। उत्तम स्वास्थ्य व भविष्य में अच्छी शुभकामनाएं जीवन में भी आप अच्छी तरक्की करें और खुश रहें। शांति पाठ के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

**विदाई**

8 आज महर्षि देव दयानंद की 200 वी जयंती के उपलक्ष में वह 12वीं कक्षा का विदाई समारोह भी रखा गया

## पुलिस को कामयाबी: युवक की हत्या करने के और दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**
**समालखा** पुलिस ने जौरासी रोड पर गणेश कॉलोनी में बागवाला मोहल्ला निवासी रविंद्र उर्फ बिल्लू (20) की हत्या मामले में और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राहुल निवासी डांग खुर्द व मोहित निवासी बलियाली भिवानी के रूप में हुई। मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी मोहित की निशानदेही पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को रविवार देर शाम मनाना फाटक के पास से गिरफ्तार किया।
समालखा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के



दौरान पुलिस आरोपियों से वारदात में शामिल फरार इनके साथी आरोपियों के ठिकानों का पता लगा पकड़ने को प्रयास करेंगी।
थाना समालखा पुलिस ने मामले में नामजद आरोपियों में से मोहित निवासी महावटी समालखा को वारदात के 24 घंटे के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी मोहित को पुलिस ने रविवार को न्यायालय में पेश कर जहा से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था।
समालखा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में धर्मबीर निवासी बागवाला मोहल्ला समालखा ने शिकायत देकर बताया था कि उसका छोटा लड़का रविंद्र उर्फ बिल्लु 20 उसके साथ सब्जी की रेहड़ी पर काम करता है। बेटे से बाग वाला मोहल्ला निवासी मोना, चुलकाना निवासी शिवम उर्फ शुभम, गणेश कालोनी निवासी दिपांशु व भिवानी निवासी मोहित रंजिश रखते थे। पहले भी कई बार रहेड़ी पर आकर धमकी देकर गए थे। 9 फरवरी को रविंद्र को मोना घर से बुलाकर ले गया था। देर रात उन्हें सूचना मिली रविंद्र की जौरासी रोड पर गणेश कालोनी में चोट मारकर हत्या कर दी गई है। वह मौके पर गया तो मौना की बाइक टुटी पड़ी थी। आसपास लगे सीसीटीवी केमरा चैक किये तो दिपांशु उर्फ काला, के मकान में शिवम उर्फ शुभम, मोहित व इनका दोस्त, मंगू, वंशु व तीन अन्य लड़के रात के समय रूके थे। उनके साथ रीतू व संतोष उर्फ बबली भी साथ में पाए गए है।
सीसीटीवी फुटेज में वारदात कैद मिली। आरोपियों ने तेजधार हथियार व लाठी डंडो से वार कर उसके बेटे रविंद्र उर्फ बिल्लू की हत्या की है। शिकातय पर थाना समालखा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

**शिकंजा**

8 आरोपियों ने तेजधार हथियार व लाठी डंडो से वार कर उसके बेटे रविंद्र उर्फ बिल्लू की हत्या की है

## गीता विद्यालय में मनाया गया समर्पण दिवस

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** आज कुरुक्षेत्र नगर के प्रतिष्ठित श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ मा०विद्यालय में समर्पण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष सुरेन्द अत्रि,ग्रामीण विकास शिक्षा समिति के मंत्री चेतराम शर्मा, विद्यालय के प्रबंधक अशोक रोशा ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने आए हुए अतिथिगण का परिचय करवाया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चेतराम शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्या भारती प्रतिवर्ष संपूर्ण भारत में समर्पण के कार्यक्रमों का आयोजन करती है। भारत के ऐसे क्षेत्र जहां पर आज भी मूलभूत



सुविधाएं उपलब्ध नहीं है वहां पर विद्या भारती समाज की मुख्यधारा से दूर रहने वाले पीड़ित ,शोषित ,वंचित, गिरिकन्द्राओ में रहने वाले अपने भैया बहनों के शिक्षा की व्यवस्था कर रही है। समर्पण राशि से इस प्रकार के समाज के लोगों के बच्चों के जीवन स्तर को शिक्षा देकर सुधारा जा रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें समाज के इस वर्ग के लिए बढ़-चढ़कर समर्पण करने का प्रयास करना चाहिए। विद्या भारती द्वारा पूरे भारतवर्ष में 13000 विद्यालय व 12000 एकल विद्यालय चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य भैया बहन व छात्र उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था बिगड़नी नही चाहिए: डीसी

**पुख्ता प्रबंध**

**8 किसानों के पंजाब से दिल्ली कूच को लेकर जिला अम्बाला में पुलिस प्रशासन द्वारा सभी पुख्ता प्रबन्ध किये गये हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
किसानों के पंजाब से दिल्ली कूच को लेकर जिला अम्बाला में पुलिस प्रशासन द्वारा सभी पुख्ता प्रबन्ध किये गये हैं। इसी कड़ी में पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र अम्बाला शहर में उपायुक्त डा. शालीन व पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने डयूटी मैजिस्ट्रेट, पैरामिलिट्री फोर्स के कमांडर व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ एक बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिये गये कि कानून व्यवस्था किसी भी सूरत में नही बिगडनीं चाहिए। स्थिति को देखते हुए सम्बन्धित डयूटी मैजिस्ट्रेट 129 सीआरपीसी के तहत जो आवश्यक कार्रवाई की जानी है, उसे करना सुनिश्चित करें। मकसद कानून व्यवस्था को बनाए रखना है।

उपायुक्त डा. शालीन ने बैठक के दौरान बताया कि किसानों के मार्च को लेकर पिछले एक सप्ताह से बैठक लेकर व अन्य कार्य कर सभी पुख्ता प्रबन्ध किये गये हैं। पुलिस व अन्य जगह से जानकारी के अनुसार शंभू बॉर्डर की तरफ से किसानों के आने की संभावना है। इसको देखते हुए वहां पर सभी व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जर्सी बैरिकेट के साथ-साथ अन्य सभी पुख्ता प्रबन्ध है, पुलिस की व्यापक व्यवस्था है। इसके अलावा 13 जगहों पर पुलिस के नाके भी लगाए गये हैं ताकि कहीं पर कानून व्यवस्था न बिगड़े। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को जो यह आंदोलन है और उनकी जो मांगे हैं, वह राष्ट्रव्यापी मुद्दे हैं। यह भी सूचना है कि इस आंदोलन में कुछ शरारती लोग शामिल होकर कानून व्यवस्था को बिगाड़ सकते हैं। हरियाणा सरकार व पंजाब सरकार द्वारा किसी भी तरह आंदोलन किये जाने की परमिशन नही दी गई है। धारा 144 के आदेश पहले से ही जारी कर दिये गये हैं और आमजन को भी यह अवगत करवाने का काम किया गया है कि वह इस तरह के आंदोलन में शामिल न हों। यदि किसी की इसमें संलिप्ता पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये कि वे आज अपने पटवारियों के माध्यम से सभी गांवों में मुनादी करवाना सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति इस आंदोलन में भाग न लें। उन्होंने डयूटी मैजिस्ट्रेट को भी कहा कि वे जहां पर उनकी डयूटी लगी है, वहां पर नाकों की सभी व्यवस्थाएं जांच लें। अपने साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस द्वारा जो सामान उन्हें उपलब्ध करवाया गया है, जैसे बॉडी प्रोटेक्टर, जैकेट, हैल्मेट व अन्य हैं, उसे रखने बारे तथा गाड़ी में माईक सिस्टम भी रखने बारे निर्देश दिए गये ताकि समय रहते जो भी जानकारी दी जानी है उसे दिया जा सके। शंभू बॉर्डर पर दिन-रात डयूटी मैजिस्ट्रेट व पुलिस की डयूटी लगाई गई है। कोई भी डयूटी मैजिस्ट्रेट व पुलिस ऑफिसर अपनी डयूटी के दौरान नाका न छोड़े। उन्होंने यह भी कहा कि स्थिति के तहत पहले सामने वाले को यह सुनिश्चित करें कि उसने धारा 144 के आदेशों की अवहेलना के साथ-साथ शांति व्यस्था को भंग करने का कार्य किया है, इसके लिये उसे सचेत करें। यदि वह नहीं मानता है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। मन में किसी प्रकार का भय न रखें। स्थिति को ध्यान में रखते हुए जो फैसला लेना है, उसे लें। उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि किसी से भी गलत भाषा का प्रयोग न करें। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने भी सभी को जो आवश्यक हिदायतें बरतनी है, उसके बारे विस्तृत जानकारी दी और यह भी कहा कि कोशिश करें कि नाका नहीं टूटने देना है। धारा 144 के तहत पांच से ज्यादा व्यक्तियों के एक साथ एकत्रित होने, किसी भी तरह का जमावड़ा न करने, हैवी मशीनरी साथ लेकर चलने बारे भी प्रतिबन्ध है। इस पूरे मामले में वीडियोग्राफी व अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्थिति पर नजर रखी जाएगी।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बला (मनीष कुमार)**
**कार्यक्रम** का शुभारंभ वैदिक हवन यज्ञ से किया गया और पुष्प वर्षा के माध्यम से बच्चों को आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कर्नल तृप्ता सूरी ने विद्यार्थियों को अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए हर तरह के संघर्ष के लिए स्वयं को सक्षम बनाने के लिए प्रेरित किया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम व मनोरंजक
खेलों का भी विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया। प्राचार्य डॉक्टर राधा रमन सूरी ने विद्यार्थियों को डॉ



अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में सदा आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने बताया कि उनके विद्यालय ने उनसे इस समारोह के लिए कुछ भी अंशदान नहीं लिया और आशीर्वाद के रूप में उन्हें भविष्य के सभी सर्टिफिकेट्स को संभालने के लिए फाइल फोल्डर भेंट में दिया गया। विद्यालय की स्टूडेंट काउंसिल की संचालिका श्रीमती नीना सूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर कक्षा 12वीं के स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया मुख्य अतिथि कर्नल तृप्ति सूरी के कर-कमल द्वारा उन्हें सम्मान चिन्ह भेंट किया गया।

विद्यालय के हेड बॉय जतिन व हेड गर्ल दृष्टि धीमान ने सभी अध्यापकों एवं विद्यालय के कर्मचारियों का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि वह भविष्य में अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे।

मास्टर और मिस डीएवी की प्रतियोगिता में मास्टर डीएवी सूरज कुमार, मिस डीएवी कुमारी वान्यां विजयी रहे। मास्टर पर्सनैलिटी की दौड़ में कला संकाय से कुमार आर्य, वाणिज्य संकाय से यश झुनझुनवाला एवं विज्ञान विभाग से प्रथम कपूर ने खिताब जीता। मिस पर्सनालिटी की प्रतियोगिता में कला संकाय से कनिष्ठा , वाणिज्य संकाय में कुमारी साईशा विज्ञान संकाय से कुमारी परीनूर ने बाजी मारी।

# सुदृढ़ नेतृत्व ही संगठन की जान होता है: सुधीर ढांडा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र के संरक्षक व पूर्व उपप्रधान सुधीर ढांडा ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि सुदृढ़ नेतृत्व ही किसी भी संगठन की जान होता है। अगर कोई भी नेता या पदाधिकारी अपने निज हित को त्याग कर हमेशा संगठन की उन्नति के लिए कार्य करता है तो वह संगठन अवश्य ही सफल रहता है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित प्रधान राजेंद्र टंडन महासचिव संदीप चौहान वह कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज के नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी ।उन्होंने कहा कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ आरंभ से ही अध्यापकों की विभिन्न मांगों को समय समय पर उठाता रहा है ।उन्होंने बताया कि वे 2004 से ही संघ के सदस्य रहते हुए,विभिन्न पदों कार्य किया है ।और राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि संगठन समय-समय पर अध्यापकों की विभिन्न मांगों के लिए मांग उठाता रहा है और हमेशा प्रयासरत रहता है ।उन्होंने बताया कि राजेंद्र टंडन एक



ऊर्जावान एवं वरिष्ठ अध्यापक है और दोबारा से उन्हें प्रधान चुनना हम सभी अध्यापकों के लिए गर्व की बात है ।उन्होंने कहा कि सभी कर्मठ अध्यापकों को कार्यकारिणी के विस्तार के लिए आगे आना चाहिए और संघ के वरिष्ठ साथियों को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण स्थान देना चाहिए और नए ऊर्जावान अध्यापकों के जोश एवं पुराने साथियों के तजुर्बे को साथ में रखकर इस तरीके की कार्यकारिणी का गठन हो, जिससे अध्यापक अपने प्राथमिक शिक्षा संघ को मजबूत कर सके ।उन्होंने बताया कि उनका प्रयास हमेशा संगठन की मजबूती के लिए रहा है और वह संगठन में सजग प्रहरी के रूप में कार्य करेंगे।

# किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में आठवीं के विद्यार्थियों के लिए किया भव्य विदाई समारोह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र सेक्टर 3 में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों की विदाई के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया । विदाई समारोह में स्कूल प्रबंधक श्रीमान परमिंदर बाठ और प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार जी ,एकेडमिक इंचार्ज मेघा जी, पी. आर. ओ कुमारी रुचिका, कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा,ज्योति खनेजा, पूजा जी अन्य शिक्षक शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ कक्षा सातवीं की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथिगण का परंपरागत तरीके से तिलक करके किया गया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना के साथ इस भव्य विदाई समारोह का आगाज हुआ। पश्चात विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटिका तथा सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने गीतों के साथ एक विद्यार्थी झूम उठा। कक्षा सातवीं की



छात्राओं ने विभिन्न गीतों पर थिरकते हुए सबका मन मोह लिया। जहां कक्षा सातवीं के ?सभी विद्यार्थियों में उत्साह और जोश था , वही कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के दिल में अपने इस विद्यालय को छोड़ने का दुख? नजर आया। उनमें एक दूसरे से दूर होने के भाव विद्यमान थे। यह समां खुशी और गम से परिपूर्ण था।

कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने स्कूल प्रबंधक जी को नम आंखों से प्रार्थना की कि वे इस किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल को जल्दी से जल्दी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परिवर्तित कर दें क्योंकि जो पारिवारिक माहौल और सर्वांगीण विकास इस विद्यालय में मिलता है वह किसी और विद्यालय में नहीं मिल सकता। स्कूल प्रबंधक श्रीमान परमिंदर सिंह बाठ ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें परिश्रम के मूल मंत्र का महत्व समझाते हुए कहा कि आप सब निरंतर मेहनत करते रहेंगे तो आप सभी को जीवन में सफलता जरूर हासिल होगी। मैं हमेशा आप लोगों के साथ रहूंगा। प्रधानाचार्य जी ने विद्यार्थियों को उपहार देते हुए खुशी-खुशी विदाई दी। कक्षा आठवीं से मिस फेयरवेल का खिताब सानिया को और मिस्टर फेयरवेल का खिताब सार्थक को दिया गया।

इस विदाई समारोह में किड्जी और किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल का पूर्ण स्टाफ शामिल हुआ।

# पुलिस की चार कंपनियां तैनात, पुलिस लाइन में कर रही मॉक ड्रिल

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान के मद्देनजर पानीपत पुलिस सतर्क है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के दिशा निदेर्शानुसार किसी भी आपात स्थिति से निपटने और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों की चार कंपनियां बनाकर पुलिस लाइन में तैनात किया गया है। प्रत्येक कंपनी में 104 जवानों को तैनात किया गया है। तैनात जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। टीम प्रतिदिन मॉक ड्रिल कर अभ्यास कर रही हैं। प्रत्येक कंपनी पर पर्यवेक्षण अधिकारी को इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर सिंह खर्ब व उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की देखरेख में सोमवार को वज्रा, वाटर कैनन, आंसू गैस की टीम व चारों कंपनियों के पुलिस कर्मियों ने दंगा निरोधक उपकरणों से लैस होकर ड्रिल करवाई गई।

# योगऋषि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर किया गया सूर्य नमस्कार'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**योगऋषि स्वा**मी दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन सोनीपत में योग सहायक जीत राम और अध्यापक सीता राम जी व पीटीआई जगत सिंह जी उपस्तिथि में सूर्यनमस्कार और यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योग सहायक जीत राम ने बताया कि सूर्यनमस्कार के अभ्यास से हमारे पूरे शरीर का व्यायाम और विकास होता है।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की शपथ ग्रहण की।



हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग हरियाणा के सौजन्य से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को घरझ्रघर तक पहुंचाने का कार्य आयुष योग सहायकों के माध्यम से किया जा रहा है। इस अभियान में सभी शिक्षण संस्थानों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। आयुष विभाग सोनीपत के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ संजय शर्मा जी के निर्देशन में अभियान को सफल बनाने के लिए योग सहायक जीत राम ने सूर्यनमस्कार के साथ साथ अन्य यौगिक क्रियाएं कराई जिनमें आसान ताड़ासन, कोणासन, उष्ट्रासन और प्राणायामों में अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी व प्रणव आदि का अभ्यास कराया गया। योगशाला के निकटवर्ती 05 गावों के सभी स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित रूप से 13 बार सूर्यनमस्कार कराना सुनिश्चित किया है, जो 01 फरवरी से 20 फरवरी 2024 तक नियमित चलेगा। सरकार के इस अनूठे कार्यक्रम से योग शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है।

हरियाणा योग आयोग का उद्देश्य "स्वस्थ हरियाणा समृद्ध हरियाणा" है। इस अभियान का आयोजन "हर घर परिवारझ्रसूर्यनमस्कार" और "युवा दिवस" के रूप में "महर्षि दयानंद सरस्वती जी" की जयंती 12 फरवरी 2024 के उपलक्ष में मनाया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी एवं माननीय गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज के संकल्प "योगमय हरियाणा नशा मुक्त हरियाणा" को पूर्ण करने के लिए किया जा रहा है।

# सांसद कोटे से संजय भाटिया ने स्वास्थ्य विभाग को सौंपी दो एम्बुलेंस

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
करनाल लोक सभा सांसद संजय भाटिया ने स्वास्थ्य विभाग को अपने सांसद कोटे से दो एम्बुलेंस सौंपीं। उन्होंने इन दोनों एम्बुलेंस को सोमवार को जिला सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दोनों एम्बुलेंस 11-11 लाख रुपए की राशि से खरीदी गई हैं। इस दौरान सांसद संजय भाटिया ने कहा कि ये एम्बुलेंस सुविधा मिलने से करनाल जिला में मरीजो को लाभ मिलेगा। ये दोनों एम्बुलेंस ईको पीटीए सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस हैं। सांसद ने कहा कि एम्बुलेंस के जरूरतमंद मरीजों को निजी वाहनों के भरोसे भी नहीं रहना पड़ेगा।

सांसद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की हर संभव कोशिश रहती है कि आमजन को बेहतर सुविधा मिले। इसी कड़ी में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार स्वास्थ्य व चिकित्सा सहित अन्य क्षेत्रों में भी हर वर्ग के लिए समान भावना से विकास कार्य कर रही है। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मरीजों के संबंध में अन्य सुविधाओं की भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ घरौंडा से विधायक हरविंद्र कल्याण भी मौजूद रहे।

# 'सड़क हादसों पर अंकुश लगाने में युवा निभाएं अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**राष्ट्रीय** सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा यातायात नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इसी कडी में सोमवार को नैशनल मारकंडा कॉलेज शाहबाद में एक जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला ट्रैफिक पुलिस कॉर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल व आरटीए विभाग के निरीक्षक जोगिन्द्र ढुल ने वक्ता के रूप में शिरकत की।बच्चों को संबोधित करते हुए जिला ट्रैफिक कॉर्डिनेटर रोशन लाल ने कहा कि सड्क हादसों को कम करने में युवा



महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा नुक्सान युवा वर्ग का हो रहा है। युवा वर्ग यातायात नियमों को अपने व्यवहार में अपनाकर तथा छोटी-छोटी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरों का जीवन सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने मोबाईल को कवर या स्क्रीन गार्ड लगाना नहीं भूलते उसी प्रकार दोपहिया वाहन पर चलते समय हमेशा हैल्मैट पहन कर रखें। मोबाईल या डिश टीवी का रिचार्ज समय पर करवाते हैं परन्तु बाईक या गाडी का इंश्योरैन्स या पोल्यूशन सर्टिफीकेट लेना अकसर भूल जाते हैं। हम बाजार, चौंक-चौराहे या कैन्टीन में घण्टों बातचीत में बिता सकते हैं पर रैडलाईट पर 2 मिन्ट रुकना मुश्किल लगता है। छोटी-छोटी बातों को अपने रोज के व्यवहार में शामिल करके हर रोज बढ रहे सडक हादसों को कम किया जा सकता है।सेमिनार के अन्त में स्कूल स्टाफ ने सैमिनार में आऐ हुए वक्ता का धन्यवाद किया।इस अवसर पर कॉलेज प्रिंसीपल डॉक्टर अशोक कुमार, डॉ. सुरेन्द्र काजल, डॉ. भूपेन्द्र तंवर, डॉ. भावनी तेजपाल, प्रोफेसर हरीश कुमार, प्रोफेसर नेहा, डॉ. संदीप श्योराण सहित काफी संख्या में कॉलेज विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सुभाष सैनी, एडवोकेट पानीपत को विधि प्रकोष्ठ का सह-संयोजक नियुक्त किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**प्रदेश** अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, सांसद संजय भाटिया एवं अन्य शीर्ष नेतृत्व द्वारा सुभाष सैनी, एडवोकेट, पानीपत को हरियाणा विधि प्रकोष्ठ का सह-संयोजक नियुक्त किए जाने पर बार एसोसिएशन, पानीपत के प्रधान अमित कादियान व उनकी पूरी टीम तथा लीगल सेल बी जे पी पानीपत के संयोजक अशोक कादियान व अंकित छौक्कर सह संयोजक, प्रभारी संदीप शर्मा , अजीत दहिया व अन्य एडवोकेट्स नरेंद्र पालीवाल, अशोक सोनी, आदर्श शर्मा, नरेंद्र डोगरा, हरिन्द्र महला , तुषार सैनी, चैतन्य अरोड़ा, अशोक अरोड़ा, अर्पित शर्मा, दीपक ज्येष्ठ, तमन्ना सेठी, नम्रता आर्या, पूनम कोहली, अंजू सिंह, अंकित सैनी, गौरव



सेठी व अन्य वकीलों ने प्रसन्नता जाहीर करते हुए बधाई दी एवं सब ने मिष्ठान व चाय के साथ मुह मीठा किया। इस अवसर पर सुभाष सैनी ने पार्टी के शीर्ष नेताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने मुझे इस योग्य समझा और यथोचित जिम्मेवारी सौंपी और बताया कि यह उनकी मेहनत और पार्टी के प्रति निष्ठावान होने का परिणाम है।

# रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर हुई बात

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**रिटायर्ड** कर्मचारियों की मांगों को लेकर दिए एजेंडा पर एक्स ईन सब अर्बन डिविजन समालखा मोहिंदर सिंह धीमान, उप अधीक्षक पवन कुमार शर्मा के साथ कर्मचारी नेताओं की सौहार्द पूर्ण रूप से बात चीत हुई क एक्सी ईन को कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 5 जनवरी को एजेंडा दिया गया था क क्लर्क के न होने पर एक्सईन ने सभी कर्मचारियों की मांगों कों 15 दिन में पूर्ण करने का आश्वासन दिया है क मीटिंग में कर्मचारियों की तरफ से राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सतबीर चालिया जिला प्रधान बलवान सिंह, सचिव भले राम, दिलावर सिंह, समालखा प्रधान ईश्वर सिंह, सचिव



महेन्द्र सिंह, बापौली ब्लॉक प्रधान कली राम,सचिव प्रीतम रावल ने भाग लिया कविशेष तौर से 2016 के संशोधित वेतन मान से रिटायर्ड कर्मचारियों
के एरियर से गलत तरीके से इन्कम टेक्स में कटौती, एच वी पी एन के कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान का लाभ देना, जनवरी 2020 से जुलाई 2021 के बीच हुए रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन, लीव इन कैश मेंट, गारण्टी का लाभ देना इत्यादि मांगों पर बातचीत हुई।

# कुवि के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय युवा संसद 2024 में भाग लिया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं पर्यावरण नोडल ऑफिसर प्रो. एआर चौधरी के नेतृत्व में पांच विद्यार्थियों के दल ने केयू जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष व डिप्टी पर्यावरण नोडल आफिसर डॉ. दीपक राय बब्बर की अगुवाई में 10 व 11 फरवरी को राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय (आरटीएम) में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि व स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद 2024 में भाग लिया।इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद की




राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने पर बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरण और उससे जुड़े हुए महत्वपूर्ण मुद्दे आज समस्त राष्ट्र समेत युवाओं के लिए विचारणीय मुद्दा है और इस क्षेत्र में युवाओं के काम करने की असीम संभावनाएं निहित हैं।छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं पर्यावरण नोडल ऑफिसर प्रो. एआर चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा कहा कि राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना केयू विद्यार्थियों के लिए गर्व का विषय है।केयू जूलोजी विभाग के अध्यक्ष व डिप्टी पर्यावरण नोडल आफिसर डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि दो सत्रों में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की युवा संसद प्रतियोगिता में जूलॉजी विभाग के एमएससी द्वितीय वर्ष के कमल कुमार, विधि विभाग से एलएलएम प्रथम वर्ष की मुस्कान

**संरक्षण**

**8 क्षेत्रीय चरण का आयोजन कुवि ने किया था, कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशन में कुवि पर्यावरण के क्षेत्र में समाज में जागरूकता फैलाने व विभिन्न आयामों के संरक्षण में भी काम कर रही है**

गुप्ता, विधि संस्थान के बीए एलएलबी तृतीय वर्ष के अंकित भारद्वाज व उपासना तथा अंग्रेजी विभाग की एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा सान्या ने भाग लिया जिसमें प्रतिभागियों ने मेंबर ऑफ पार्लियामेंट व कैबिनेट मिनिस्टर की भूमिका निभाई। डॉक्टर दीपक ने बताया कि कुवि ने राष्ट्रीय युवा संसद 2024 के क्षेत्रीय चरण का भी आयोजन किया था जिसमे हरियाणा व जम्मू कश्मीर के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था और राष्ट्रीय चरण के लिए 20 विद्यार्थी चयनित हुए थे। इससे पहले विश्वविद्यालय चरण का भी आयोजन किया गया था। राष्ट्रीय युवा संसद 2022 के भी विश्वविद्यालय चरण एवं क्षेत्रीय चरण का आयोजन कुवि ने किया था। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशन में कुवि पर्यावरण के क्षेत्र में समाज में जागरूकता फैलाने व विभिन्न आयामों के संरक्षण में भी काम कर रही है।

# किसान आंदोलन के चलते यातायात हुआ प्रभावित

## जगह-जगह बैरिकेडिंग के साथ चेकिंग की जा रही है। रूट डायवर्ट होने के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) किसानों** के दिल्ली कूच के ऐलान के बाद अंबाला के साथ लगते सभी बॉर्डर को सील कर दिया गया है। जिसके चलते पुलिस प्रशासन ने सभी रूट को डायवर्ट कर दिया है। जगह-जगह बैरिकेडिंग के साथ चेकिंग की जा रही है। रूट डायवर्ट होने के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोड बंद होने के कारण अंबाला के साथ लगते सभी हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं।

बसें न चलने के कारण राजपुरा, संगरूर, बठिंडा, पटियाला, लुधियाना और अमृतसर जाने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं रूट डाइवर्ट होने के कारण लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सहारा लेने को मजबूर है। वहीं जाम के कारण पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी ठप हो गई है। अंबाला कैंट फ्लाइओवर के नीचे किसान आंदोलन की आशंका को देखते हुए पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी है। इसके साथ ही अंबाला से चंडीगढ़ जाने वाली बसें न चलने से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जो भी बसें चंडीगढ़ के लिए जा रही हैं वो यात्रियों से पूरी भरी हैं।

वहीं हाईवे बंद होने के कारण बसें अंबाला से साहा, शहजादपुर, रामगढ़, पंचकूला होते हुए चंडीगढ़ पहुंच रही है। जिस कारण भारी जाम और रूट डायवर्ट के कारण चंडीगढ़ तक का सफर करने में दोगुना टाइम लग रहा है। पंजाब की तरफ जाने वाले यात्री अब ट्रेनों के सहारे हैं। अंबाला से पंजाब जाने वाली सभी ट्रेनों फुल होकर चल रही है। जिस कारण यात्रियों में भारी रोष है। झारखंड से आए कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें हिमाचल में नौकरी के लिए जाना था लेकिन बसें न चलने के कारण उन्हें काफी परेशान होना पड़ रहा है। वहीं लॉन्ग रूट की बसें जो बीते कल दिल्ली व अन्य स्थानों पर पंजाब, हिमाचल से रवाना हुई थी। आज जब वह बसें वापिस अपने गंतव्य जाने के लिए अंबाला छावनी बस स्टैंड पहुंची तो यहां उन्हें बताया गया कि बसों के मूल रूट में परिवर्तन कर दिया गया है। जिसके चलते यात्रियों और बस चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ यात्रियों ने बताया कि उन्हें डेराबस्सी जाना था लेकिन वाहन चालकों द्वारा उन्हें बस स्टैंड अंबाला पर ही उतार गया और उन्हें कहा गया कि आगे बसें नहीं जा रही हैं। जिसके बाद ये यात्री छावनी बस स्टैंड पर ही कई घंटे तक बैठे रहे।

**यात्री परेशान**

**8 लोग यह समझ नहीं पा रहे कि बसें बंद करने का आखिर औचित्य क्या है। वहीं कैंट बस स्टैंड पर बार-बार अनाउसमेंट की जा रही थी कि बस सेवा प्रभावित है**

गौरतलब है कि पंजाब से लगभग 60 टाइम बसें रोजाना अंबाला आती हैं लेकिन आज ये बस सर्विस पूरी तरह से प्रभाावित रही। जिसके चलते लोगों को भारी परेशान हो रही है।

लोग यह समझ नहीं पा रहे कि बसें बंद करने का आखिर औचित्य क्या है। वहीं कैंट बस स्टैंड पर बार-बार अनाउसमेंट की जा रही थी कि बस सेवा प्रभावित है।

## न्यूज फ्लैश

### सुभाष बराला को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर मालती अरोड़ा ने दी शुभकामनाएं



**पानीपत, कमाल हुसैन हरियाणा** बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला को भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरियाणा से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। इसको लेकर पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा की नेत्री मालती अरोड़ा ने पार्टी आलाकमान के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने राज्यसभा उम्मीदवार सुभाष बराला को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा की पार्टी द्वारा उन पर यह विश्वास उनके पूर्व में पार्टी हित में किए गए कामों का नतीजा हैं। यही कारण है की उन्हें राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। इससे पहले श्री बराला ने राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी अहम जिम्मेदारी निभाई थी। गौरतलब है की सुभाष बराला ने छात्र जीवन से राजनीति की शुरूआत की, जिसके बाद वे भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष,2014 में टोहाना से विधायक तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अलावा भी कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2024 का स्मरणोत्सव: बच्चों के लिए सहयोगात्मक रूप से सुरक्षित वेब को बढ़ावा देना

**नोएडा ।** चाइल्डफंड इंडिया ने बच्चों के लिए सहयोगात्मक रूप से एक सुरक्षित वेब सुनिश्चित करने के लिए 5 फरवरी 2024 को सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया। सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, न्यायिक प्रतिनिधियों, तकनीकी कंपनियों, नागरिक समाज संगठनों, माता-पिता, बच्चों के प्रतिनिधियों के प्रमुख हितधारकों ने संयुक्त रूप से मुद्दे की गहराई को समझने और बच्चों की सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त करने पर ध्यान केंद्रित किया। आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में, इंटरनेट हर किसी, विशेषकर युवा पीढ़ी के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मोबाइल उपकरणों और लैपटॉप या कंप्यूटर के माध्यम से जुड़े रहना समय की मांग है। इंटरनेट बच्चों के जीवन में ज्ञान प्राप्त करने, पढ़ाई, दोस्तों से जुड़ने, ऑनलाइन शॉपिंग और विभिन्न जानकारी तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हालाँकि, इसने बच्चों को अनदेखे जोखिमों और खतरों से भी अवगत कराया है। श्री राजेश रंजन सिंह, चाइल्डफंड इंडिया के बोर्ड सदस्य- ह्लयह सभी चिकित्सकों के लिए एक साथ आगे आने का अवसर है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे बच्चे भी ऑनलाइन सुरक्षित हैं। अब समय आ गया है कि हम सभी सरकारी पहलों का समर्थन करें और सिस्टम को मजबूत करने में अपनी विशेषज्ञता का विस्तार करें और यह सुनिश्चित करें कि हर बच्चे को सीखने और आगे बढ़ने के लिए एक सुरक्षित वेब मिले।" '



### 'भारत में 500 सबसे मूल्यवान निजी कंपनियों' की सूची का तीसरा संस्करण जारी

**गुरुग्राम।** बरगंडी प्राइवेट, एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस और हुरुन इंडिया ने '2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' लॉन्च किया, जो भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची का तीसरा संस्करण है। इन कंपनियों को उनके मूल्य के अनुसार स्थान दिया गया है, जिसे सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाजार पूंजीकरण और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए मूल्यांकन के रूप में परिभाषित किया गया है। इस सूची में कंपनियों को शामिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 थी। यह सूची में केवल भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को शामिल किया गया है। इसमें सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियां और विदेशी या भारतीय कंपनियों की सहायक कंपनियां शामिल नहीं हैं। सूची में शामिल होने के लिए, कंपनियों के पास न्यूनतम 6,700 करोड़ रुपये का मूल्य होना आवश्यक है, जो 807 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 में कंपनियों की औसत परिचालन अवधि 38 साल है। 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 कंपनियों का कुल मूल्य 231 लाख करोड़ रुपये (2.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) है, जो 2021 में प्रकाशित उद्घाटन संस्करण की तुलना में सपाट रहता है।



# गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्री लिमिटेड (ह्यकंपनीह्ल) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, 30 सितंबर, 2023 तक कंपनी भारत में फ्लोट ग्लास बनाने वाली दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है और फ्लोट ग्लास की विनिर्माण क्षमता में इसकी 22 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी अंकित मूल्य 10 प्रत्येक वाले इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इस ऑफर में ?500 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 15,667,977 इक्विटी शेयर तक की बिक्री की पेशकश (ह्यबिक्री के लिए ऑफरह्ल) शामिल है।

कंपनी नए इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग 1. हमारे सभी या कुछ उधारों का पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान और 2. सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए करने का प्रस्ताव करती है। ऑफर फॉर सेल में शामिल हैं - सुरेश त्यागी द्वारा 1,019,995 इक्विटी शेयर तक, जिमी त्यागी (सामूहिक रूप से, प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा 1,019,995 इक्विटी शेयर तक, आई अपॉर्चुनिटीज फंड आई द्वारा 10,277,987 इक्विटी शेयर तक और कोटक स्पेशल सिचुएशंस फंड द्वारा 3,350,000 तक इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से, इनवेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स) (सामूहिक तौर पर- प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स और इनवेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स, सेलिंग शेयरहोल्डर्स)।

# मनरेगा मजदूर ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

सोमवार को सिसाना 2 के मनरेगा मजदूर एकत्रित होकर बीडीपीओ कार्यालय में पहुँचे और मनरेगा के तहत मजदूरी दिलाने को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरों द्वारा नारेबाजी करते हुए कहा कि पिछले 6 महीने से बार-बार काम देने का आश्वासन दिया जा रहा है। लेकिन मजदूरी करने के लिए बुलाया नहीं जा रहा है। ऐसे में उन्हें आर्थिक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। लेकिन यह बात उस समय उल्टी पड़ गई जब खरखौदा बीडीपीओ दीपिका शर्मा ने प्रदर्शन कर रहे मजदूरों को बुलाकर पूछा कि वह मनरेगा के तहत काम मांगने के लिए कब आए थे। तो मजदूरों के पास इस बात का कोई जवाब नही था। वही बीडीपीओ ने स्पष्ट किया कि इससे पहले कोई भी मजदूर ना तो उनसे मिला है और ना ही स्टाफ को लिखित में कोई मांग पत्र दिया गया है। ऐसे में कार्यालय के बाहर बेफिजूल में नारेबाजी की जा रही है। आपको बता दे कि सिसाना गाँव की काफी महिलाएं एकत्रित होकर सोमवार को शहर के वीडियो कार्यालय में पहुँची थी। जिनका कहना था कि उन्हें लंबे समय से मनरेगा के तहत काम नहीं दिया जा रहा है। नारेबाजी करते हुए महिलाओं ने आरोप लगाया कि बार-बार उन्हें काम देने का आश्वासन दिया जाता है। जितनी बार भी कार्यालय आए हैं उन्हें जल्द ही मनरेगा के तहत मजदूरी करवाने की बात कही जा रही है। लेकिन अब तक उन्हें काम नहीं मिल पाया है उनका कहना है। कि सर्दी क्या मौसम होने का हवाला देकर उन्हें बीते दिनों भी काम नहीं दिलवाया गया। जबकि सर्दी के दौरान उन्हें खाने के समान के साथ ही बीमारी में इलाज के लिए पैसों के भी जरूरत होती है। इस प्रकार की परेशानी के चलते उन्हें मजबूरी में अब यहाँ पर आकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। मजदूरों के प्रदर्शन को लेकर डीपीओ दीपिका शर्मा ने उनकी अगुवाई करने वाले लोगों को अपने कार्यालय में बुलाया और उनसे पूछा कि उनके द्वारा मनरेगा के तहत काम करने के लिए पिछली बार कब उनसे मुलाकात की गई थी।




# 'भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार भी कृषि और पशुपालन'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**ग्राम** परिक्रमा कार्यक्रम के तहत जिला के गाँव सुताना की चौपाल में एक किसान मजदूर सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता गाँव के सरपंच एवं किसान नेता सोनू ने की भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस किसान सभा को भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महावीर दहिया, भाजपा जिला महामंत्री रोशन लाल माहला, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र भादड़, दिनेश पुजारा और राममेहर सिंह ने भी संबोधित किया। सभा में जय किसान, जय जवान और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे बार- बार लगते रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार भी कृषि और पशुपालन ही है । इस देश की 65 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस क्षेत्र में रोजगार पाती है। इसी के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी की ओर से ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम और गाँव चलो अभियान चलाया है ताकि पार्टी के नेता किसान और मजदूरों के घर द्वार पर जाकर उनसे संवाद कर समस्याओं का समाधान करवा सकें उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सत्य और तथ्य पर आधारित है और वर्तमान सरकार इसी सूत्र पर चलते हुए विकास कार्यों की आधारशिला और उदघाटन करती है । केंद्र सरकार ने चौ. चरण सिंह सहित पांच महान हस्तियों को भारत रत्न देकर समाज के किसानों का ही नहीं बल्कि सभी वर्गों का मन जीत लिया है उन्होंने कहा कि सरकार ने जहाँ किसान कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की वहीं देसी गाय की नई डेयरी खोलने पर विभिन्न योजनाओं के तहत 50 प्रतिशत तक का अनुदान देने की योजना लागू की है और सौर उर्जा पर आधारित नए नलकूपों के लिए किसानों को सरकार की ओर से 75 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है ।

सभा में भाजपा कार्यकर्ता सुमन शर्मा, अशोक नारंग, कप्तान नारा, सोनू गुर्जर, मोटा अलुपुर, पहलवान नीपा गुर्जर, आजाद खलीला और राजेश कुमार मौजूद रहे।



**बैठक**

**8 पांच महान हस्तियों को भारत रत्न देकर समाज के किसानों का ही नहीं बल्कि सभी वर्गों का मन जीत लिया है**

## रेवाड़ी एम्स से प्रधानमंत्री के सम्बोधन का होगा लाईव प्रसारण

**पानीपत/कमाल हुसैन** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार 16 फरवरी को रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां पर प्रधानमंत्री महोदय के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने सोमवार को आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों को आदेश दिए कि इसको लेकर सभी तैयारियां शुरू की जाएं। प्रत्येक विधानसभा में यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

# गोपाल कॉलोनी में डोर टू डोर जन संपर्क किया: हरपाल ढांडा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

गोपाल कॉलोनी स्थित काबड़ी रोड वार्ड नंबर 24 मे पानीपत ग्रामीण से विधायक महीपाल ढांडा के बड़े भाई सुप्रसिद्ध समाज सेवी हरपाल ढांडा ने गांव चलो अभियान के तहत डोर टू डोर किया। लोगो को प्रदेश और भारत सरकार की नीतियों और योजनाओं के बारे जानकारी दी जनहित में अपील करते हुए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। जो भी व्यक्ति किसी भी योजना का पात्र हैं और वो उसका लाभ नहीं ले पा रहा ऐसे लोगो को तलाश कर के उनको योजना का लाभ दिलवाने में अपना पूरा योगदान करे हमारा लक्ष्य है। कि तीसरी बार मोदी सरकार 400 सों पार के नारे को साकार करेंगे।

चौधरी मुनीर गुर्जर प्रदेश सह संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच टीम महीपाल ढांडा के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगो ने भी हरपाल ढांडा का सवागत किया। मुनीर गुर्जर ने कहा कि इस बार मुस्लिम समाज ने मोदी सरकार के देश हित के फैसलों से प्रभावित होकर मनोहर सरकार और पानीपत में विधायक महीपाल ढांडा के द्वारा कराए गए कार्यों से लाभ लेते हुए मन बना लिया।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाईकिल चालक गंभीर रूप से घायल

**गन्नौर।** जी टी रोड पर गन्नौर फ्लाई ओवर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाईकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में लेकर गए। घायल युवक ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में अजय निवासी गांव मंडावर, राजस्थान ने बताया कि वह पानीपत में डाई हाऊस कम्पनी नम्बर 475 में काम करता है। मेरे तीन भाई पानीपत में किराए पर रहकर प्राईवेट कम्पनी मे नौकरी करते है।

# समस्याओं को लेकर महिपाल सूबेदार ने किया प्रदर्शन

**पानीपत, कमाल हुसैन**

महिपाल सूबेदार ने कॉलोनी वासियों के साथ कॉलोनीयों में आ रही समस्याओं को दूर करवाने के लिए उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा उससे पहले 2 घंटे का धरना लघु सचिवालय के सामने पुल के नीचे दिया गया। महिपाल सूबेदार ने अपने संबोधन में कहा कि पानीपत ग्रामीण की बाहरी कॉलोनी में लोग गांव से रोजी-रोटी की तलाश में आए थे। मजदूरी करके अपने पेट पट्टी बांध करके एक-एक रुपया बचा करके छोटे-छोटे प्लाट लिए मकान बनाए लेकिन अपनी रोजमर्रा की जरूरत तो पूरा करने के लिए काम की तलाश रहती है अगर एक दिहाड़ी ना लगे तो शाम को चूल्हे की चिंता हो जाती है। इन समस्याओं को दूर करवाने के लिए मैं लगातार धरने प्रदर्शन करता रहता हूं पहले मेरे पिता ने भी की है और बताना चाहता हूं कि आगे प्रदर्शन नहीं आमरण अनशन होगा जब तक समस्या दूर नहीं होती आखरी सांस तक उनकी लड़ाई लडूंगा। सूबेदार प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा सरकार कॉलोनी की समस्याओं को लेकर के गंभीर नहीं है

पूर्व एस सी मदनलाल मजोका ने कहा कि चाहे प्रॉपर्टी आईडी की समस्या हो फैमिली आईडी की हो बिजली के बिलों की हो हर गरीब आदमी इनसे जूझ रहा है




**मुख्य मांगे रही।**

1 कटे हुए राशन कार्डों को दोबारा जोड़ा जाए।

2 प्रॉपर्टी आईडी में आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण हो।

3 शहर में डवेलपमेंट चार्ज?120 रुपए गज और गरीब कॉलोनी में 424 रुपए गज इस दोगले व्यवहार को खत्म किया जाए।

4 100 गज तक के प्लाट का डेवलपमेंट चार्ज व टैक्स बिल्कुल खत्म किया जाए।

5। फैमिली आईडी के कारण जो पेंशन चाहे बुढ़ापा पेंशन हो चाहे विधवा पेंशन हो वह चाहे विकलांग पेंशन कटी है और जो नई बनने वाली है उनको जल्द से जल्द बनवाया जाए।

# प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं: संदीप गर्ग

## समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भाविप द्वारा जो यह स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित की गई है, वह एक सराहनीय कार्य है

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)**

**भारत** विकास परिषद ने के. बी स्कॉलर स्कूल में बसंत पंचमी पर्व पर बसंतोत्सव के नाम से एक प्रतियोगिता आयोजित की। जिसकी मुख्यातिथि के रूप में कृष्णा गोयल व कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भाविप द्वारा जो यह स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित की गई है, वह एक सराहनीय कार्य है। क्योंकि प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं और जो बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेते हैं, वह एक दिन जरूर कुछ न कुछ हासिल करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता को लेकर भाविप की प्रशंसा की और विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिता के माध्यम से अपने आप को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं भाविप के प्रकल्प प्रमुख अमित कंसल ने बताया कि प्रतियोगिता में लाडवा व आसपास के क्षेत्र से लगभग 40 विद्यालयों के 700 से अधिक बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं डांस, ग्रुप डांस, मेहंदी, रंगोली, पतंग बनाना, बेकार समान से उपयोगी समान बनाना, पेंटिंग, राखी बनाना, फेस पेंटिंग, कोलाज बनाना, सलाद सज्जा आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गए तथा सभी बच्चों को प्रतिभागी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यूनीक शिक्षा निकेतन ने ओवरऑल की ट्रॉफी जीती।

मौके पर समाजसेवी अंकुश गोयल, नरेन्द्र सिंघल, प्रीति बंसल, नरेश बंसल, नवनीत सिंघल, विनय गर्ग, अंजू सिंघल, अरविंद सिंघल, नवीन गर्ग, तिलक राज गुप्ता, सुभाष जिंदल, सुरेन्द्र सिंगला, अमन गर्ग, मुकेश गर्ग, दिनेश गर्ग, राजीव आर्य, पूनम सैनी, निधि गोयल, रेणु सिंहल, वंदना गर्ग आदि मौजूद थे।



# टेनिस चैंपि. में लिटल एंजल्स स्कूल, के खिलाड़ी अर्जुन राठी ने जीता सिल्वर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

5 फरवरी से 10 फरवरी 2024 तक आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत के होनहार खिलाड़ी अर्जुन राठी ने फाइनल मैच में चंडीगढ़ के परमवीर से 3-6, 3-6 के स्कोर से खेलते हुए सिल्वर पदक जीता । प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 110 खिलाड़ियों ने भाग लिया । अर्जुन की सीनियर स्तर पर इस जीत पर अर्जुन के अभिभावक अत्यंत खुश थे । उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल सुविधाओं के कारण ही यह संभव हो सका । अर्जुन राठी की इस शानदार जीत पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी।



# सावन पार्क: विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित, पहुंचे डॉ. हर्षवर्धन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के वजीरपुर मंडल के अन्तर्गत आने वाले इलाके सावन पार्क में 'विकसित भारत-संकल्प यात्रा' शिविर का आयोजन किया गया।
इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डॉ हर्षवर्धन, भाजपा दिल्ली प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, भाजपा दिल्ली प्रदेश एससी मोर्चा में मंत्री व पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली, पूर्व निगम प्रत्याशी सोनिया कोली, मंडल अध्यक्ष उमा कांत शर्मा, महेंद्र तोमर महामंत्री, राम त्रिपाठी उपाध्यक्ष, लाखन सिंह कुशवाहा पूर्व मंडल अध्यक्ष, मनोज सिंह, सरदार बिट्टू ,राहुल शर्मा, बबीता त्यागी, ऋतु भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इस अवसर सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।
तो वहीं भाजपा दिल्ली प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने बताया कि केन्द्र सरकार की योजनाओं से जुड़कर देश के व्यक्ति के जीवन में काफी सुधार हुआ है। आज शिविर में कई लोग केन्द्र सरकार की योजनाओं से जुड़े है।
इस अवसर पर जानकारी देते हुए भाजपा दिल्ली प्रदेश एससी मोर्चा मंत्री देवराज कोली ने बताया कि आज सावन पार्क इलाके में 'विकसित भारत-संकल्प यात्रा' शिविर का आयोजन किया गया। इसमें केन्द्र सरकार की कई योजनाओं से जहां एक ओर लोगों को अवगत कराया गया, वहीं शिविर में बहुत से लोगों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा ने बताया कि इस शिविर में उज्जवला योजना, आधार कार्ड कैंप, स्वास्थ्य शिविर, आवास योजना सहित कई योजनाओं के कैंप लगाये गये। शिविर में आये गणमान्य लोगों का भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने धन्यवाद किया।




# आदर्श नगर क्षेत्र में रोशन कंसल ने चलाया 'गांव चलो, बूथ चलो अभियान'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा रोशन कंसल ने आदर्श नगर क्षेत्र के कई इलाको में 'गांव चलो, बूथ चलो अभियान' चलाया। इस मौके पर रोशन कंसल के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल ने बताया कि लोगों के घर-घर जाकर लोगों को पीएम मोदी की योजनाओं से अवगत कराया गया। लोगों को बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 6 हजार की आर्थिक मदद की जा रही है। किसानों को क्रेडिट कार्ड के अन्तर्गत चार करोड़ किसानों को मिला 4.7 करोड़ का ऋण। तो वहीं 77595 करोड़ की 99 सिचाई परियोजनाओं की शुरूआत भी हुई है। श्री कंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की तस्वीर बदल कर दिखाई है, आज देश सहित विदेशों में पीएम मोदी के कार्यों की सराहना हो रही है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




# शालीमार बाग क्षेत्र में चौपाल संस्था ने 100 स्वाभिमानी महिलाओं को 20 लाख की ऋण राशि दी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शालीमार बाग क्षेत्र में चौपाल संस्था द्वारा100 कामकाजी जरूरतमंद महिलाओं को स्वाभिमान सहित कार्य करने हेतु 20,000 की राशि प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के संयोजक पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर रहे। चौपाल संस्था द्वारा दिल्ली तथा एनसीआर में 134 कार्यक्रम आयोजित हो चुके है तथा 40,000 महिलाओं को अब तक कामकाज हेतु ऋण प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चांदनी चौक लोकसभा के सांसद डॉक्टर हर्षवर्धन, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू रहे। चौपाल के निदेशक रवि बंसल, विनोद गोयल उपस्थित रहे। चौपाल टीम से राजा खारी, अशोक कुमार, भाजपा पार्षद योगेश वर्मा तथा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल भी उपस्थित रहे। स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारी की मौजूदगी में पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुन बहनों के उत्थान और विकास के लिए अपने संकल्प को प्रस्तुत किया। आपको बतादें कि पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर का जन्म दिन भी मनाया गया और लोगों ने पूर्व पार्षद को बधाई दी। कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार भाटिया ने चौपाल की कार्यशैली में समाज के आर्थिक योगदान के महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन चौपाल टीम से प्रवीण बंसल ने किया था। कार्यक्रम में कृष्ण यादव, वीरेंद्र शेखावत, सुरभि जाजू, पंकज दुरेजा, पूनम शर्मा, बबीता झा एवं आशीष सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# मॉडल टाउन: भारतीय जनता पार्टी ने संगम पार्क वार्ड में चलाया अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मेरा** बूथ सबसे मजबूत के ध्येय के साथ 'गांव चलो और बूथ चलो अभियान' के निमित्त प्रवास संगम पार्क मण्डल के मोजी वाला बाग, लाल बाग के बूथ संख्या-34 में अभियान चलाया गया।
इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी के अलावा कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।
इस अवसर पर निगम पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि आज संगम पार्क मंडल के बूथ नम्बर-34 पर 'गांव चलो और बूथ चलो अभियान' चलाया गया और लोगों को सरकार के द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दी गई। पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने शहर में तो विकास किया ही है, साथ ही किसानों के लिए भी कई सुविधाएं और योजनाओं लेकर आये है, जिससे आज देश का किसान काफी खुश है और तरक्की कर रहा है। निगम पार्षद सुशील जोंटी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज में देश तरक्की कर रहा है। भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।




# नरेला: कृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के नरेला में समस्त महिला मंडल की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में किया जा रहा है। कथा वाचक श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्री कृष्णा स्वामी महामंडलेश्वर जी भक्तों को भगवान की महिमा से अवगत करा रहे है। कथा सुनने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु कथा प्रारंभ होने से समाप्त होने तक कथा स्थल पर मौजूद रहते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को कथावाचक कृष्ण स्वामी महामंडलेश्वर जी ने व्यास पीठ से रुक्मणी विवाह, उद्धव चरित्र, रास पंचाध्यायी आदि कथा प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। कृष्ण रुक्मणी विवाह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की और विवाह के मंगल गीत गाकर नृत्य भी किया। छठवें दिन की कथा में रुक्मणी विवाह का विस्तार से वर्णन करते हुए कृष्ण स्वामी ने बताया कि रुक्मणी विधर्ब देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी की अवतार थी। रुक्मणी ने जब देव ऋषि नारद के मुख से श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनीं तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से करना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्री कृष्णा विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल और उसके मित्र राजाओं को हराकर रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर द्वारिका जाकर अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। यह पवित्र प्रसंग हम सब को शिक्षा प्रदान करता है कि हमें जीवन में किए हुए सत्कार के फल के रूप में प्रभु की ही आराधना करनी चाहिए। वही उद्धव चरित्र सुनते हुए कृष्ण स्वामी जी ने कहा कि भगवान कृष्ण ने उद्धव जी के ज्ञान के घमंड को तोड़ने के लिए गोपियों को समझने के लिए वृंदावन भेजा। गोपियों की भक्ति की प्रकाष्ठा देखकर उद्धव जी का ज्ञान का घमंड चूर-चूर हो गया और एक दिन के लिए गए उद्धव 6 महीने वृंदावन की गलियों में राधा राधा करते घूमते रहे। भगवान भक्ति का नाता मानते हैं।
कथा के अंत में आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कथा में मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, राजेश शर्मा, मोहित गुप्ता, महावीर गुप्ता, सुनीता गुप्ता सुनीता मंगला, संतोष, मनीषा, नेहा गोयल सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने राष्ट्रीय रोजगार मेले में पच्चीस युवाओं को प्रदान किये नियुक्ति पत्र




राई। केंद्रीय वन, पर्यावरण, श्रम एवं रोजगार तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र खेवड़ा में आयोजित रोजगार मेले में नव-नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंप उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया गया है, जिसे विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करेंगे। ताकि दुनिया का नेतृत्व करने के लिए 2047 तक देश विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ केंद्र में राष्ट्रीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन संबोधित करते हुए नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई दी। इस मौके पर केंद्र में बतौर मुख्यातिथि कार्मिकों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को सरकारी कर्मियों को कर्मशील बनकर साकार रूप देने में विशेष योगदान देना होगा। इसके लिए आई-गोट डिजिटल प्लेटफार्म स्थापित करते हुए आज प्रधानमंत्री मोदी ने कर्मयोगी भवन का शुभारंभ किया है। युवाओं को प्रोडक्ट बनकर नहीं रहना चाहिए, उन्हें अपने व्यक्तित्व विकास करना चाहिए। केवल अधिकार की बात नहीं करनी चाहिए हमें अपना कर्तव्य निर्वहन भी पूर्ण ईमानदारी के साथ करना चाहिए।

वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने कहा कि अर्थव्यवस्था की मजबूती से रोजगार बढ़ते हैं। पूर्व की बात करें भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिखता था। मंत्री जेल जाते थे और अर्थव्यवस्था डगमगाई हुई थी। इस अवसर पर सांसद रमेश कौशिक, विधायक मोहनलाल बड़ौली, चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान, डीआईजी कोमल सिंह व डीआईजी महेंद्र कुमार, उपायुक्त डा. मनोज कुमार, भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, डा. सुषमा, प्रमिला बख्शी आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

**ई-श्रम पोर्टल करीब 29 करोड़ का पंजीकरण किया गया : यादव**

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकारी क्षेत्र के साथ स्वरोजगार के रूप में भी रोजगार को बढ़ावा दिया गया है। इसके लिए ई-श्रम पोर्टल भी स्थापित किया गया है जिस पर करीब 29 करोड़ का पंजीकरण किया गया है और इसके माध्यम से चार सौ सेवाओं के लिए ऋण सुविधा दी जाती है। सरकार ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए पीएम विश्वकर्मा तथा पीएम स्व निधि योजनाएं लागू की है। सरकारी रोजगार से सामाजिक सुरक्षा मिलती है। हमने यूनिवर्सल सुरक्षा देने के लिए कदम बढ़ाये हैं।

**केंद्रीय मंत्री ने पच्चीस नव नियुक्त कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र**

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने रोजगार मेले में अपने हाथों से पच्चीस नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

# 26 किलो 175 ग्राम अफीम युक्त नशीला पदार्थ गट्टू सहित दो आरोपी काबू



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** स्पेशल स्टॉफ असंध की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर मलिकपुर रोड असंध से आरोपी पूर्ण सिंह पुत्र गुरबचन सिंह वासी असंध को स्विफ्ट गाड़ी एचआर26ए-2035 में नशीला पदार्थ लेकर जाते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से गाड़ी से 26 किलो 175 ग्राम अफीमयुक्त नशीला पदार्थ गट्टू बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी पूर्ण सिंह के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी यह नशीला पदार्थ डेरा गामा के ही शमशेर सिंह पुत्र राम सिंह वासी डेरा गामा रोड नजदीक कॉन्वेंट स्कूल असंध नाम के व्यक्ति से लेकर आया था, जिसको टीम द्वारा कस्बा असंध से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पूर्ण सिंह यह नशीला पदार्थ आरोपी शमशेर से कम दाम में लेकर आता है और ऊंचे दाम में बेचकर पैसे कमाता है। आरोपी पूर्ण सिंह के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आरोपी जेल में रह चुका है। आरोपी शमशेर के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी पूर्ण को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी शमशेर सिंह को न्यायालय में पेश कर आठ दिन का रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी शमशेर से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा सरकार की नीतियों से तंग आ चुकी जनता: जयभगवान आंतिल




राई। जाखौली गांव में घर-घर कांग्रेस-हर घर कांग्रेस अभियान चलाया, जिसमें आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान जयभगवान आंतिल ने कांग्रेस की नीतियों के प्रति प्रेरित किया और सरकार की नीतियों से प्रत्येक वर्ग को परेशान बताया है। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि जब हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के नेतृत्व में सरकार की थी, उस समय युवाओं को रोजगार, किसानों को सुविधाए, खिलाडियों व महिलाओं को सम्मान मिलता था, लेकिन आज स्थिति उसके विपरित हो गई है। गठबंधन सरकार में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। खिलाड़ी व किसान सरकार की नीतियों से परेशान हैं। भाजपा सरकार से जनता तंग आ चुकी है। सरकार में तानाशाही हावी हो चुकी है। आंतिल ने कहा कि लोगों को जाति-धर्म में बांटकर सरकार गुमराह कर रही है। अब जनता समझ चुकी है। आने वाला समय कांग्रेस का होगा और एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस अवसर पर धर्मसिंह, रमेश, संदीप, राकेश, विशाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### महर्षि दयानंद के द्वारा स्थापित आर्य समाज की विचारधारा का अनुसरण करे : भारत भूषण



गन्नौर। वैदिक विद्या और सस्कृत भाषा के विद्वान एवं आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जयन्ती आर्य समाज मन्दिर में हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। मन्दिर में हवन यज्ञ के बाद शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मन्दिर से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजार से होती हुई मन्दिर में जाकर समाप्त हुई। आर्य भारत भूषण भूटानी ने कहा कि भारत को आजाद करवाने में महर्षि दयानंद सरस्वती व उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज की विचारधारा का अहम योगदान रहा है। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि उनके दिखाये मार्ग पर चलकर राष्ट्र की मजबूती के लिए काम करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आचार्य महेश ने कहा कि अगर महर्षि दयानंद सरस्वती नहीं होते तो देश को इतनी जल्दी आजादी कभी नहीं मिलती। हमें महर्षि दयानंद सरस्वती के दिखाये मार्गदर्शन पर चलकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में सुरेश कुमार बत्रा, अमृत मोहन हान्डा, प्रभु दयाल प्रधान, आर्य भारत भूषण भूटानी, रावेन्द्र कुमार वेदपाल आर्य, प्रताप चन्द भूटानी, विजय पाल आर्य, सुखदेव आदि शोभा यात्रा में मौजूद रहे।

### एसडीएम ने सरपंचों को किसान आंदोलन में शामिल न होने की दी नसीहत



गन्नौर। दिल्ली कूच के ऐलान को लेकर एसडीएम डा. निर्मल नागर ने सोमवार को खंड विकास एवं विभाग के सभागार में सरपंच व ग्राम सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में सरपंचों ने प्रशासन को आश्वासन दिया कि गांवो में शांतिपूर्ण माहौल है और वह भी किसान आंदोलन में भाग नहीं लेंगे। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कहा कि पंजाब के किसानों के आंदोलन के कारण प्रदेश को काफी नुकसान हो रहा है। हरियाणा को नुकसान से बचाने के लिए इस किसान आंदोलन से सभी को दूर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बार प्रशासन भी सख्त रूख अपनाए हुए है।

## चोरी करने वाला आरोपी काबू, कूलर बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** बर्गलरी स्टॉफ की टीम ने घर में घुसकर कूलर चोरी करने वाले आरोपी संजीव उर्फ मोगा पुत्र जय सिंह वासी गांव सौंकरा हाल निर्मल विहार साई बाबा मंदिर के पीछे करनाल को विकास नगर करनाल से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चुराया गया कूलर बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी ने 8 फरवरी को शिकायतकर्ता अनिल कुमार वासी गली नंबर एक करनाल के घर में घुसकर कूलर चोरी करके वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# काउंसलिंग सेल की टीम ने छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन एवं महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय कन्या स्कूल प्रेम नगर में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।

महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया गया। छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। राजेश लता ने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। उन्होंने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालों को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया।

छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। टीम ने छात्राओं को उसके घर, स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति पुलिस फोर्स द्वारा सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। महिला निरीक्षक ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे भी विस्तार से बताया। टीम द्वारा छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया गया। इस मौके पर पुलिस टीम काउंसलिंग सेल से महिला उप निरीक्षक बबीता और स्कूल छात्राएं मौजूद रही।

# युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा (योगी) ने नवमतदाताओं से किया संवाद

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह)**

फरीदाबाद में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा (योगी) का आगमन हुआ। फरीदाबाद युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा का फरीदाबाद टोल टैक्स पर भव्य स्वागत किया।उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा जी का तिगांव विधानसभा में रोड शो का कार्यक्रम हुआ। उसके बाद सेक्टर 15 जिला कार्यालय अटल कमल पर नव मतदाताओं को प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए 2014 से पहले के भारत और 2014 के बाद के भारत पर संवाद किया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद युवाओं के स्वरोजगार और अनेक प्रकार की योजनाओं को बताते हुए किस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के लोगों को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने को संकल्पित हैं। श्री शर्मा जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए विपक्ष पर कटाक्ष किया और कहा की कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं की पार्टी ना होकर बापू-बेटा की पार्टी है।



## अनंगपुर गांव में चर्च निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** अनंगपुर गांव में चर्च बनाए जाने के विरोध में आज सैकड़ों ग्रामवासी सेक्टर-12 लघु सचिवालय पहुंचे और जिला उपायुक्त की अनुपस्थिति में एक ज्ञापन सीटीएम साहब को सौंपा। ग्रामीणों जिसमें मनोज भड़ाना,प्रेमकृष्ण आर्य,अत्तरसिंह नेता जी और विरेंन्द्र भड़ाना ने सीटीएम को बताया कि फ?ीदाबाद के सामाजिक धार्मिक वातावरण को बिगाडने के लिये कुछ बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा गांव में चर्च का निर्माण शुरू किया जाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी जानकारी के अनुसार हमारे गांव में एक भी इसाई नहीं रहता है।

# सांस्कृतिक विरासत को सहेज रही है आपणा घर की प्रदर्शनी




**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव।** 37वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में विरासत द्वारा आपणा घर में लगाई गई सांस्कृतिक प्रदर्शनी में हरियाणा का हस्तशिल्प आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां पर विरासत प्रदर्शनी के माध्यम से आपणा घर को विशेष रूप से सजाया गया है। हरियाणा के लोक पारंपरिक विषय-वस्तुएं पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हरियाणा के आपणा घर में हरियाणवी लोक परिधान की प्रदर्शनी, हरियाणा की बुणाई कला प्रदर्शनी सबका मन मोह रही है। इतना ही नहीं लोक पारंपरिक हस्तकला के अनेक हरियाणवी नमूने यहां पर प्रदर्शित किए गए हैं। विरासत निदेशक डा. महासिंह पूनिया ने बताया कि विरासत प्रदर्शनी में हरियाणा के गांवों से जुड़ी हुई सभी प्रचीन वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया है जो अब लुप्तप्राय हो चुकी हैं। विरासत हेरिटेज विलेज का प्रयास है कि अपनी आने वाली पीढि?ों के लिए इन वस्तुओं को संजोकर रखा जा सके, जिससे वे इनको देखकर इन पर गर्व कर सकें। यहां पर डायल का प्रदर्शन किया गया है। पुराने समय में इसके दोनों तरफ रस्सी बांधकर दो व्यक्ति तालाब में से ऊंची भूमि पर इससे पानी खींचने का काम किया करते थे। इसी तरह कुंए से पानी खींचने के लिए डोल प्रयोग किया जाता था। यहां पर प्रदर्शित ओरणा किसानों द्वारा गेहूं तथा फसल की बुवाई के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। यहां पर प्रदर्शित जेली एवं टांगली किसान द्वारा बिखरी हुई फसल को एकत्रित करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता था। यहां पर प्रदर्शित लकड़ी, लोहे व पीतल की घंटियां, गाय, भैंसों, हाथी तथा रथ के लिए प्रयोग में लाई जाती रही हैं। प्राचीन समय में कुंए में जब कोई विषय-वस्तु गिर जाती थी, तब उसको कुंए से बाहर निकालने के लिए प्रयोग होने वाले कांटे एवं बिलाई को भी यहां दिखाया गया है। विरासत प्रदर्शनी में छापों का प्रदर्शन भी किया गया है। यह डिजाईन छपाई के लिए प्रयोग किए जाने वाले लकड़ी के बने होते हैं। कपड़ों की रंगाई के लिए इनका प्रयोग किया जाता रहा है। प्रदर्शनी में अंग्रेजों के आने से पहले देहात में अनाज तथा तेल आदि की मपाई के लिए जिन मापकों का प्रयोग किया जाता था, उनका भी प्रदर्शन किया गया है। छटांक, पाव, सेर, दो सेर, धड़ी, मण इनके आकार के अनुसार अनाज को मापने के लिए प्रयोग किए जाते रहे हैं। न्यौल ऊंट के पैर पर बांधने के लिए इसका प्रयोग किया जाता रहा है। प्रदर्शनी में गांवों में महिलाओं द्वारा लडकी को दान में दिए जाने वाली फुलझड़ी को भी दिखाया गया है। इसी तरह से बोहिया भी देहात में प्रयोग होने वाली महत्वपूर्ण वस्तु है। यह कागज, मुलतानी मिट्टी को गलाकर बनाए जाने वाली वस्तु है।

# खेल व्यक्तित्व विकास की खुराक: डॉ. राज नेहरू



**फरीदाबाद,(हरपाल सिंह यादव**

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास की खुराक है। हर विद्यार्थी को खेलों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए यह पढ़ाई का दबाव कम करने के लिए भी एक सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। वह सोमवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल स्पधाओं में अपना दमदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने खेलों एवं विज्ञान पर आधारित मॉडल भी प्रदर्शित किए।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि खेलों के माध्यम से जीवन के दूसरे क्षेत्रों में भी प्रगति की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वर्तमान दौर में शारीरिक श्रम एवं गतिविधियां कम हो रही हैं। इसलिए विद्यार्थियों को खेलों की ओर रुचि बढ़ानी चाहिए। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि इसीलिए यहां फिजिकल ट्रेनर का कोर्स भी करवाया जाता है। खेल भी एक बेहतरीन करियर हो सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में विश्व स्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार हो गया है। आने वाले दिनों में इसके बेहतरीन परिणाम सामने आएंगे। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि खेलों में जब हम कोई गोल करते हैं तो यह एक लक्ष्य की प्राप्ति मात्र नहीं है, बल्कि इससे हर बार लक्ष्य को और अधिक विस्तृत करने तथा उसे प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। कुलसचिव ने खिलाड़ियों से खेलों के माध्यम से अनुशासन और मेहनत की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जलबीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल की विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही हैं। नित्य प्रति विद्यार्थियों को खेल मैदान और खेल के अन्य सामान उपलब्ध करवाए जाते हैं।

# औद्योगिक क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक की तेजधार से हमला कर की हत्या




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेज दो के पास खाली पड़ी जमीन में एक 20 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक प्रदीप, गांव खरेहना, जिला लखीमपुर खीरी, यूपी का रहने वाला था। प्रदीप फिलहाल बड़ी गांव में अपने मामा के साथ किराये के मकान पर रह रहा था। प्रदीप की गर्दन पर तेजधार हथियार से हमला कर बेरहमी से हत्या की गई है साथ ही उसके गुप्तांग पर भी तेजधार हथियार से हमला किया गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बड़ी औद्योगिक थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

**मृतक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज**

मृतक प्रदीप के पिता शिवकुमार ने बताया कि उसका 20 साल का बेटा प्रदीप करीब 4 महीने से अपने मामा धर्मपाल के साथ बड़ी गांव में किराये पर रहता था। वह हाल में समालखा में फैक्ट्री में नौकरी कर रहा था। सोमवार की सुबह 9 बजे उसके साले धर्मपाल ने प्रदीप की हत्या की सूचना दी। मौके पर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उसके बेटे की हत्या के बाद उसे जलाने का भी प्रयास किया गया। उन्होंने अज्ञात पर उसके बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**हत्या के बाद किया पहचान मिटाने का प्रयास**

प्रदीप की हत्या के बाद आरोपितों ने उसकी पहचान छिपाने का भी प्रयास किया था। आरोपितों ने प्रदीप के शव को जलाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हुए। प्रदीप के कंधे व दूसरे हिस्से जले हुए के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम के साथ-साथ डाग स्क्वायड को बुला कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस अब आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

**जल्द होगी गिरफ्तारी**

**बड़ी** औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने हत्या व मृतक की पहचान छिपाने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपितों की तलाश के लिए आस-पास पूछताछ की जा रही है। वहीं आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चैक की जा रही है। जल्द ही आरोपित पुलिस की पकड़ में होंगे।

**पहले भी मिला था अधजला शव**

बडी औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 की खाली पड़ी जमीन में 10 नवंबर 2022 को भी एक युवक का अर्धजला शव मिला था। युवक की चाकू गोद कर हत्या करने के बाद पहचान छिपाने की मंशा से शव पर कुड़ा डाल कर उसे जलाया दिया गया था।

1 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस उसकी पहचान करने भी कामयाब नहीं हो पाई है। इस सबंध में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर रखा है और आरोपित पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

# फरीदाबाद में संपन्न हुआ पूर्व सैनिकों का पहला महासम्मेलन



**फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** वीरों व शहीदों की भूमि तिगाव में पूर्व सैनिकों का पहला महासम्मेलन संपन्न हुआ जिसमे फ?ीदाबाद व पलवल के लगभग 300 से भी अधिक पूर्व सैनिक, वीर नारियों व कई शहीदों के परिवारों ने भागीदारी की। हवलदार करतार सिंह नागर (से.नि.) की अगुवाई में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में सेवा निवृत्त जनरल एस.के.दत्त, जनरल वी.के. तिवारी, श्रीमती अंजू तिवारी आई.ए.एस., कर्नल देवेंद्र कुमार,कर्नल राजेंद्र सिंह, डी.जी.एम. तेलहान,विंग कमांडर सतिंदर दुग्गल, पलवल से कैप्टन बी.एस.पोसवाल, कैप्टन भरत पाल, कैप्टन गिरधारी,कैप्टन लालाराम,चाँदहट से कैप्टन जयपाल, दयालपुर से सूबेदार ओम प्रकाश, सूबेदार पोप सिंह,जसाना से सूबेदार फिरे सिंह,भतोला से सूबेदार जवाहर सिंह, वारंट ऑफिसर डी.सिंह,सूबेदार सुंदर सिंह,सूबेदार ब्रिक पाल,सी.एस.डी. कैंटीन से सूबेदार संजीव शर्मा जे.डब्ल्यू.ओ. हरस्वरूप,जे.डब्ल्यू.ओ.भरत सिंह डबास, जे.डब्ल्यू.ओ. दिनेश पांडेय, अब एन.आई.टी. व पलवल बैंक मैनेजर, संजय तिवारी,झाड़सेतली से समाजसेवक धर्म सिंह डागर, एन.जी.ओ.संचालक।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## 'तीन पार्टियों की गठबंधन सरकार में मेरे लिए सीट ही नहीं बची'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
भाजपा की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे काफी समय से महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चाओं से गायब हैं। अब एक बयान में उनका दर्द छलका है। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं तो उनके नाम की चर्चा शुरू हो जाती है, लेकिन अब राज्य में तीन पार्टियों की सरकार होने की वजह से उनके लिए कोई निर्वाचन क्षेत्र बचा ही नहीं है।

**'हर चुनाव में मेरे नाम की चर्चा होती है':** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहीं पंकजा मुडे रविवार को अपने गृह जिले बीड के दौरे पर पहुंची थी। इस दौरान उनसे पूछा गया कि राज्यसभा के लिए उनके नाम की चर्चा है। इसके जवाब में पंकजा मुंडे ने कहा 'बीते पांच वर्षों से हर चुनाव में मेरे नाम की चर्चा होती है। लोगों को लगता है कि वे किसी पद के इंतजार में हैं, इसलिए स्वभाविक है कि लोग मेरा नाम लेंगे।' मुंडे ने कहा कि 'अब राज्य में तीन पार्टियों की गठबंधन सरकार है, ऐसे में मेरे लिए कोई निर्वाचन क्षेत्र अब बचा ही नहीं है।'

**चचेरे भाई धनंजय मुंडे से 2019 का चुनाव हारी थीं पंकजा मुंडे:** महाराष्ट्र में अभी एकनाथ शिंदे की शिवसेना, भाजपा और अजित पवार की एनसीपी की गठबंधन सरकार है। पंकजा मुंडे महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता रहे गोपीनाथ मुंडे की बेटी हैं और देवेंद्र फडणवीस की सरकार में मंत्री भी रहीं थी। हालांकि 2019 के विधानसभा चुनाव में पंकजा मुंडे को उनके चचेरे भाई और एनसीपी नेता धनंजय मुंडे ने हरा दिया था। उसके बाद से पंकजा मुंडे सत्ता के गलियारों से दूर हैं। धनंजय मुंडे फिलहाल महाराष्ट्र सरकार में कृषि मंत्री हैं। पंकजा मुंडे से जब पूछा गया कि क्या वे लोकसभा का चुनाव लड़ेंगी या राज्यसभा जाएंगी तो उन्होंने कहा कि अब ये चुनाव करने में बहुत देर हो गई है। उन्होंने कहा कि उनके लिए सबसे ज्यादा अहम ये बात है कि बीड में उनके समर्थक क्या सोचते हैं और वे उन्हें कहां देखना चाहते हैं।

## पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, नेताओं और खिलाड़ियों ने भाजपा ज्वाइन की

**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में एक के बाद एक बड़ी ज्वाइनिंग हो रही है। सोमवार को रोहतक में पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा और हरियाणा विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष आजाद मोहम्मद जैसे प्रदेश के बड़े राजनीतिक चेहरों और भीम अवार्डी मुक्केबाज स्वीटी बूरा, अर्जुन अवार्डी कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा जैसी खेल हस्तियों सहित 100 से अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ली। स्वयं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने सभी को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई। यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने अपने भाषणों में इशारा दिया कि लोकसभा चुनाव से पहले और भी अनेक बड़ी राजनीतिक हस्तियां भाजपा का दामन थामेगी।

# पीएम करेंगे श्री कल्कि धाम का शिलान्यास

### सीएम योगी ने परखी तैयारियां, संभ्ल कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम का शिलान्यास करने 19 को आएंगे प्रधानमंत्री

**दिशा-निर्देश**

**सीएम योगी ने कार्यक्रम स्थल का विस्तृत मुआयना किया और अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया/संभल**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर संभल पहुंचे। यहां उन्होंने ऐंचोड़ा कंबोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी 19 फरवरी को होने जा रहे श्री कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों को परखा। सीएम योगी ने कार्यक्रम स्थल का विस्तृत मुआयना किया और अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने अधिकारियों संग समीक्षा बैठक भी की।

**हेलीपैड से लेकर मंच तक का सीएम ने किया निरीक्षण:** संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में श्री कल्कि धाम के शिलान्यास का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से होने जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया है। सीएम ने कार्यक्रम स्थल, गर्भगृह, मंच और हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए की जा रही सभी तैयारियों को समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए।

**संतों को न हो किसी प्रकार की असुविधा:** समीक्षा बैठक में अफसरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां तेज गति से पूरी की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल व आसपास के इलाके को समतल करा लिया गया है। साथ ही मिट्टी से गड्ढे भरवा लिए गए हैं। इसके अलावा छह हेलीपैड भी बनाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियो से गर्भगृह और वीवीआईपी सहित अन्य आगंतुकों के प्रवेश की जानकारी ली। सीएम योगी ने आगंतुकों खासकर संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

**'सड़कों की साफ-सफाई और सुंदरीकरण कराएं':** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐंचोड़ा कंबोह तक आने वाले सभी मार्गों पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए। मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया जाए। साथ ही शौचालय और पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाए। हेलीपैड को भी समय पर पूरा करा लिया जाए। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहे और एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान प्रदेश सरकार में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, डीजीपी प्रशांत कुमार, मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज, डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, भाजपा पश्चिम के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, बीजेपी जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू मौजूद रहे।

## यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का कल से एडमिट कार्ड करें डाउनलोड

**लखनऊ:** यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की वेबसाइट पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इससे पहले, बोर्ड ने 10 फरवरी को प्रदेश के विभिन्न जिलों के एग्जामिनेशन सेंटर्स की लिस्ट जारी की थी। परीक्षा प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। बता दें कि 'मिशन रोजगार' के तहत योगी सरकार ने 23 दिसंबर को प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया था। प्रदेश के युवा काफी समय से यूपी पुलिस में सिपाही के 60 हजार से ज्यादा रिक्त पदों की भर्ती का इंतजार कर रहे थे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। योगी सरकार की अब तक की सबसे बड़ी भर्ती के लिए तकरीबन 50 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।



राष्ट्रपति द्रौपदी को एक कार्यक्रम में मोमेंटो भेंट करते हुए।

## नायडू की जमानत के खिलाफ याचिका पर सुनवाई स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आंध्र प्रदेश** उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में पिछले महीने अग्रिम जमानत दी थी। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की है। याचिका सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के सामने सुनवाई के लिए आई और उसने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 26 जनवरी तय की। याचिका न्यायमूर्ति बेला एम.त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। नायडू की ओर से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा पेश हुए। लूथरा ने अदालत को बताया कि वरिष्ठ वकील हरीश सालवे मामले में बहस करेंगे, लेकिन वह आज उपलब्ध नहीं हैं। इसके बाद पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी। लूथरा ने पीठ से सुनवाई को दो हफ्ते के लिए टालने का आग्रह किया था।

## चव्हाकि पार्टी छोड़ने के एलान पर भड़की कांग्रेस

### अब कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण ने राज्य में पार्टी को छोड़ने का फैसला किया



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**कांग्रेस को** एक के बाद एक तगड़ा झटका मिल रहा है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव पास आ रहे हैं। वैसे-वैसे पार्टी के नेता उनका साथ छोड़ते जा रहे हैं। अब कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण ने राज्य में पार्टी को छोड़ने का फैसला किया है। उनके इस्तीफा देने पर कांग्रेस का कहना है कि जो लोग पार्टी छोड़ रहे हैं उन पर जांच एजेंसियों का दबाव है। बता दें, लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका देते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने स्पीकर को अपना इस्तीफा भेजा। साथ ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ने का एलान किया है।ऐसी अटकलें हैं कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं।

**इन विश्वासघातियों को...**
कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने चव्हाण का नाम लिए बिना कहा, 'जब मित्र और सहयोगी किसी ऐसी राजनीतिक पार्टी को छोड़ते हैं, जिसने उन्हें बहुत कुछ दिया है, शायद उससे कहीं ज्यादा, जिसके वे हकदार हैं।

लेकिन जो लोग कमजोर हैं, उनके लिए यह वॉशिंग मशीन हमेशा वैचारिक प्रतिबद्धता या व्यक्तिगत वफादारी से अधिक आकर्षक साबित होगी। इन विश्वासघातियों को इस बात का एहसास नहीं है कि उनके जाने से उन लोगों के लिए नए बड़े अवसर पैदा हुए हैं जिनकी वृद्धि में वे हमेशा रुकावट बनते आए हैं।'

**साधा निशाना**

**उनके इस्तीफा देने पर कांग्रेस का कहना है कि जो लोग पार्टी छोड़ रहे हैं उन पर जांच एजेंसियों का दबाव है**

**विपक्ष की राजनीति करना बहुत मुश्किल:** इस बारे में पूछे जाने पर पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, 'आज विपक्ष की राजनीति करना बहुत मुश्किल है।

आज सरकार की आंख में आंख में डालकर यह बोलना बहुत मुश्किल है कि आपका सारा फर्जीवाड़ा (आंकड़ों का) गलत है, आपका श्वेत पत्र गलत है। किसी के ऊपर जांच एजेंसी का दबाव है, किसी पर प्रलोभन होता है और किसी के ऊपर अन्य तरह का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में जिन लोगों ने पार्टी छोड़ी है, उन सबके ईडी के मामलों को देख लीजिए, तो तस्वीर अपने आप साफ हो जाएगी।

## चुनाव से पहले सभी संतों को एक मंच पर लाने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ ने मध्यप्रदेश में हुई बैठक में हिंदू समाज को एकजुटता के लिए काम करने का रोडमैप तैयार किया है। इसके लिए सभी जातियों और संप्रदायों को करीब लाने के लिए उनके संत धर्मगुरुओं को एक मंच पर बुलाकर सामाजिक समरसता के कार्यक्रम जोर-शोर से कराए जाएंगे। प्रदेश के सभी जिलों में यह आयोजन बसंत पंचमी से शुरू हो जाएगा। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय साधु-संतों के साथ ही आचार्य महामंडलेश्वर अवेशानंद गिरी, बाबा रामदेव, पंडित प्रदीप मिश्रा, बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी शामिल होंगे। मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों के शहरी और ग्रामीण अंचलों में लोकसभा चुनाव के पहले संत-समागम का यह नवाचार संघ ने प्राथमिकता पर रखा है। सूत्रों ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देशभर में हिंदू एकता का जो माहौल तैयार बना है, उसकी अलख जगाए रखने के लिए संत-समागम की मुहिम हाथ में ली गई है। इसके साथ ही आगामी दो से तीन माह तक अलग-अलग सामाजिक संगठनों द्वारा गांव-गांव से लोगों को अयोध्या दर्शन कराने का कार्यक्रम शुरू हो चुका है।

## दानापुर पुणे एक्सप्रेस में लूटपाट

**फरार**

**ट्रेन की जनरल बोगी में सोमवार सुबह साढ़े पांच के आसपास एक दर्जन यात्रियों से कुछ लोगों ने लूटपाट की**



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**दानापुर** से पुणे जा रही ट्रेन संख्या 2150 दानापुर पुणे एक्सप्रेस में घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज व जसरा के बीच ट्रेन की जनरल बोगी में सोमवार सुबह साढ़े पांच के आसपास एक दर्जन यात्रियों से कुछ लोगों ने लूटपाट की। लूट-पाट करने के पश्चात बदमाश शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के पहले चेन पुलिंग कर फरार हो गए। वहीं घटना की जानकारी के बाद आरपीएफ जांच पड़ताल में जुटी हुई है। दानापुर पुणे एक्सप्रेस सोमवार सुबह 5:10 पर छिवकी स्टेशन पहुंची। 10 मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हो गई। लिंक जंक्शन के पास गाड़ी धीमी होने पर जनरल बोगी में चार युवक चढ़ गए। ट्रेन जैसे ही गाड़ी इरादतगंज से जसरा के बीच पहुंची बदमाशों ने यात्रियों के साथ मारपीट करते उनसे लूटपाट शुरू कर दी। लगभग एक दर्जन यात्रियों से पैसे और सामान छीने गए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश शंकरगढ़ स्टेशन से पहले चेन पुलिंग करके उतर गए।

## संदेशखाली का मुद्दा उठाने पर छह विधायक निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**विधानसभा** में संदेशखाली मुद्दा उठाने के बाद विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और अग्निमित्रा पॉल समेत भाजपा के छह विधायकों को शेष सत्र से निलंबित कर दिया गया है। इन विधायकों को सदन के अंदर अनियंत्रित और अव्यवस्थित व्यवहार के कारण विधानसभा के नियम 348 के तहत निलंबित किया गया है। बता दें कि यह प्रस्ताव पश्चिम बंगाल के संसदीय कार्य मंत्री सोवन्देब चट्टोपाध्याय द्वारा पेश किया गया था। निलंबन के बाद भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा, 'महिलाओं की सुरक्षा के लिए भाजपा आवाज उठाना जारी रखेगी। संदेशखाली में प्रदर्शन के लिए हमें जेल में डाल दे या फांसी पर चढ़ा दे हम विरोध करना नहीं छोड़ेंगे। माता का इज्जत लूटने वालों के खिलाफ भाजपा का आवाज बुलंद रहेगा।'



**विधानसभा के भीतर हंगामा:** शुवेंदु अधिकारी और अग्निमित्रा पॉल के अलावा मिहिर गोस्वामी, बंकिम घोष, तापसी मंडल और शंकर घोष को मौजूदा सत्र की शेष अवधि या 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। प्रश्नकाल की शुरूआत से ही भाजपा विधायकों ने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में मौजूदा अशांति को लेकर टीएमसी सरकार के खिलाफ सदन में ही नारेबाजी शुरू कर दी। इससे विधानसभा के भीतर हंगामा हो गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा विधायकों ने सफेद रंग की शर्ट पहन रखी थीजिस पर लाल रंग से लिखा था।

**कार्रवाई**

**विपक्ष के नेता शुभेंदु और अग्निमित्रा समेत भाजपा के छह विधायकों को शेष सत्र से निलंबित कर दिया गया**

## 'राज्यपाल को गोडसे का अनुयायी कहा'

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**तमिलनाडु** विधानसभा के इतिहास में पहली बार राज्यपाल आरएन रवि ने सुबह सदन में अपने अभिभाषण को कुछ ही मिनटों के भीतर समाप्त कर दिया था। इसपर सियासी बवाल मच गया है। ऐसे में तमिलनाडु राजभवन ने पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया कि राज्यपाल रवि के अभिभाषण में सच्चाई से दूर भ्रामक दावों के साथ कई अंश थे। वहीं, इसमें अध्यक्ष पर राज्यपाल का अपमान करने का आरोप भी लगाया है। राजभवन के पत्र में कहा गया कि राज्यपाल के अभिभाषण में सच्चाई से दूर भ्रामक दावों के साथ कई अंश थे।

## राशन की दुकानों पर पीएम मोदी के बैनर लगाने को लेकर रार

**टीम एक्शन इंडिया /तिरुवनंतपुरम**
राशन की दुकानों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के लोगो के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो वाले साइन बोर्ड और फ्लैक्स बैनर प्रदर्शित करने के केंद्र सरकार के फैसला का केरल में पालन नहीं किया जाएगा। सोमवार को राज्य सरकार ने इस बात की जानकारी दी।

**सेल्फी प्वाइंट भाजपा का चुनाव हथकंडा- पिनाराई:** विधानसभा सत्र के दौरान आईयूएमएल विधायक द्वारा पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि सेल्फी अभियान ऐसे समय पर हो रहा है जब देशभर में लोकसभा चुनाव नजदीक है, उन्होंने इस तरह के फैसले को भाजपा के चुनाव अभियान का हिस्सा करार दिया।



इसके साथ ही विधानसभा सत्र के दौरान सदन को बताते हुए मुख्यमंत्री पिनाराई ने कहा कि इसके बारे में हम केंद्र सराकर को सूचित करेंगे कि यह सही नहीं है, ये राज्य में लागू करना मुश्किल है। इस मुद्दे पर हम चुनाव आयोग से भी संपर्क करेंगे।

गौरतलब है कि पहले राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री आर अनिल ने कहा था कि केंद्र ने केरल में 14,000 से अधिक राशन की दुकानों पर प्रधानमंत्री की तस्वीर वाले फ्लेक्स और बैनर प्रदर्शित करने के निर्देश जारी किए हैं।

## 'कोई भी राज्य या देश, विकास में हमारा मुकाबला नहीं कर सकता'

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**टीएमसी** सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, लेकिन उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने ये बातें कही।

**'कोई भी राज्य विकास में हमारा मुकाबला नहीं कर सकता':** ममता बनर्जी ने कहा कि 'केंद्र सरकार की आर्थिक नाकेबंदी के बावजूद राज्य सरकार ने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि कोई भी राज्य या देश विकास के मामले में हमारा सामना नहीं कर सकता।

**दावा**

**उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है : ममता**

**बचाव दल**

### तटरक्षक बल ने अरब सागर में मछुआरों को बचाया

## बचाव अभियान चलाकर नौसेना ने की ईरान के जहाज की मदद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय तटरक्षक** बल ने बचाव अभियान चलाकर अरब सागर में फंसी एक मछली पकड़ने वाली नौका को बचाया है। नौका इंजन खराब होने की वजह से अरब सागर में फंस गई थी। नौका पर क्रू के 11 सदस्य थे। तटरक्षक बल ने अपने जहाज विक्रम की मदद से नौका को खींचकर तट पर पहुंचाया। वहीं भारतीय नौसेना की मदद से ईरान के एक जहाज को भी बचाया गया।

**तटरक्षक बल ने नौका को किया रेस्क्यू:** भारतीय तटरक्षक बल ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि मछली पकड़ने वाली नौका का इंजन खराब हो गया था और वह बीती 5 फरवरी से अरब सागर में फंसी हुई थी। नौका पर क्रू के 11 सदस्य सवार थे। मछुआरों ने मदद मांगी तो भारतीय कोस्ट गार्ड ने मदद पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने जहाज विक्रम को मौके पर भेजा। मछुआरे लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप से 280 नॉटिकल मील दूर पश्चिम में सागर के मध्य फंसी थी। भारतीय तटरक्षक बल के



जहाज विक्रम ने नौका को खींचकर मिनिकॉय द्वीप के तट पर पहुंचा दिया। लक्षद्वीप का मिनिकॉय द्वीप अरब सागर में स्थित है। निगरानी करने के अलावा अब राहत और बचाव कार्यों में भी अहम भूमिका निभा रहा है। तटरक्षक बल ने बीते महीने ही पश्चिम बंगाल के काकद्वीप में फंसी नौका को बचाया था। नौका पर 182 तीर्थयात्री सवार थे। तटरक्षक बल ने सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित बचाया। सभी तीर्थयात्री गंगा सागर मेले में शामिल होकर काकद्वीप जा रहे थे।

**भारतीय नौसेना ने ईरान के जहाज की मदद की:** भारतीय नौसेना ने भी अरब सागर में ईरान के एक मछली पकड़ने वाले जहाज की मदद की। दरअसल ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज एफवी अमीन ने मदद मांगी थी, जिस पर एक्शन लेते हुए भारतीय नौसेना की टीम अरब सागर में ईरानी जहाज के पास पहुंची। वहां देखा कि ईरानी एक व्यापारिक जहाज से टक्कर के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है। इस टक्कर में ईरानी जहाज के क्रू के तीन सदस्य घायल भी हुए। इस पर नौसेना ने ईरानी जहाज की मरम्मत में मदद की और साथ ही घायलों को मेडिकल मदद भी पहुंचाई। नौसेना की मदद से ईरान का जहाज सफलतापूर्वक अपने देश की तरफ रवाना हो गया।